जबलपुर
बुधवार, 15 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-9
वर्ष : 20, अंक : 168
पृष्ठ : 8 +6 = 14 मूल्य : 3.00*
मौसम
अधि. 29
न्यून. 20

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**आईएमएफ की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा बोलीं**

## भारत वैश्विक विकास का एक 'प्रमुख इंजन' बनकर उभर रहा

**चीन की विकास दर में लगातार गिरावट आ रही**

बेहतर नीतिगत और बुनियादी बातों, निजी क्षेत्र का बढ़िया प्रदर्शन, शुरुआती समय में टैरिफ की आशंका से कम प्रभाव और सहायक वित्तीय स्थितियों से भारत आर्थिक मोर्चे पर सशक्त बना



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत दुनिया के विकास का एक प्रमुख इंजन बनकर उभर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने यह बात कही है। 2025 आईएमएफ-विश्व बैंक वार्षिक बैठक से पहले आईएमएफ प्रमुख ने कहा कि मध्यम अवधि में वैश्विक विकास दर लगभग 3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह महामारी से पहले 3.7 प्रतिशत थी।

### अमेरिका में महंगाई की आशंका

अमेरिका के बारे में बोलते हुए जॉर्जीवा ने कहा कि मार्जिन में कमी के कारण वहां कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। मौद्रिक नीति व विकास पर इसका असर पड़ने की आशंका है।

**कैबिनेट का फैसला**

**यह बढ़ोतरी 1 सितंबर 2025 से प्रभावी होगी**

# मप्र के 4.50 लाख पेंशनरों को मोहन सरकार ने दिया दीवाली का गिफ्ट, मंहगाई में 2 व 6 फीसदी की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

दीपावली से पहले मप्र के करीब 4.50 लाख पेंशनरों को सरकार ने मंहगाई राहत में बढ़ोतरी का गिफ्ट दिया है। कैबिनेट ने पेंशनरों व परिवार पेंशनरों के सातवें वेतनमान में 2 फीसदी तथा छठवें वेतनमान में 6 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है।7 वें वेतनमान में मंहगाई राहत की राशि 53 फीसदी से बढ़ाकर 55 फीसदी कर दी, जबकि छठें वेतनमान में 246 से बढ़ाकर 252 फीसदी कर दी गई है। यह बढ़ोतरी एक सितंबर 2025 से प्रभावी होगी। इससे राज्य सरकार पर करीब 170 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट में लिए गए निर्णय के बारे में बताया कि कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। उन्होंने बताया कि राज्य के शासकीय पेंशनरों परिवार पेंशनरों को देय मंहगाई राहत की दर में वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया गया हैं।

**इससे राज्य सरकार पर करीब 170 करोड़ रुपए का अतिरिक्ति भार आएगा**



**कुटकी 3500 प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपए प्रति क्विंटल**

कैबिनेट ने प्रमुख कोदो-कुटकी उत्पादक जिलों के कृषकों से पहली बार कोदो-कुटकी उपार्जन किए जाने का निर्णय लिया है। इससे अधिक से अधिक जनजातीय कृषकों को फायदा होगा। इस के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रमुख कोदो-कुटकी उत्पादक जिलों जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाडा, शहडोल, अनुपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी एवं सिंगरौली के कृषकों से कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जाएगा। साथ ही अन्य जिलों से मांग आने पर उन जिले के कृषकों से भी उपार्जन किए जाने पर विचार किया जाएगा। श्रीअन्न उत्पादक जिलों के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्रीअन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रुपए प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपए प्रति क्विंटल के मान से लगभग 30 हजार मेट्रिक टन का उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए श्रीअन्न फेडरेशन को 80 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण शासन के मूल्य स्थिरीकरण कोष से प्रदाय किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपए प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किए जाएंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### महिला तहसीलदार ने किसान को थप्पड़ मारा



**सागर।** देवरी तहसील की कृषि उपज मंडी में खाद वितरण के दौरान तहसीलदार प्रीति रानी चौरसिया भड़क गईं। उन्होंने गुस्से में एक किसान को थप्पड़ जड़ दिया। गुस्से की वजह ये थी टोकन बांटने के दौरान किसान का हाथ तहसीलदार को लग गया था। तहसीलदार की इस हरकत पर अन्य किसान गुस्सा गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।

### अमेरिका के लिए बहाल हुईं डाक सेवाएं



**नई दिल्ली।** भारतीय डाक विभाग ने कहा कि मंगलवार से अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं बहाल हो गई हैं। डाक विभाग ने कहा कि अमेरिकी सीमा-शुल्क एवं सीमा संरक्षण (सीबीपी) के दिशानिर्देशों के अनुरूप अमेरिका जाने वाली डाक खेप पर शुल्क दर घोषित सामान मूल्य का 50% तय की गई है।

### बस में लगी आग, 12 के मरने की आशंका



**जैसलमेर।** जैसलमेर-जोधपुर हाईवे मंगलवार दोपहर 3.30 बजे चलती एसी स्लीपर बस में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। बचने के लिए लोग चलती बस से कूद गए। हादसे में 2 बच्चों, 4 महिलाओं समेत 16 लोग झुलस गए। झुलसे यात्रियों को तीन एंबुलेंस से जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल लेकर गए। सभी को जोधपुर रेफर कर दिया।

**2.96 करोड़ की हवाला रकम लूटने के हाई प्रोफाइल मामले में 5 दिन बाद बड़ी कार्रवाई**

**सिवनी हवाला लूट कांड में सीएम डॉ. मोहन यादव का 'सख्त रुख'**

# एसडीओपी पूजा समेत पांच गिरफ्तार, 11 पुलिसकर्मियों पर डकैती-अपहरण का केस

**अब क्राइम ब्रांच को सौंपी गई केस की जांच**

*सीएम ने कहा कि जो भी गलती करेगा उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बेहतर कार्य के लिए हम प्रोत्साहन देंगे, अधिकारी कर्मचारी की पीठ थपथपाएंगे, प्रमोशन भी देंगे, लेकिन कोई गलती करेगा तो हम छोड़ने वाले नहीं हैं*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिवनी/भोपाल

सिवनी में हवाला लूट मामले में आखिरकार सीएम डॉ. मोहन यादव की सख्ती के बाद मंगलवार 5 दिन बाद एसडीओपी पूजा पांडे और टीआई अर्पित भैरम समेत 11 पुलिसवालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इनमें 5 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं और बाकी 6 फरार हैं।

लखनवाड़ा थाने में पुलिसकर्मियों पर डकैती, अपहरण और आपराधिक षड्यंत्र के तहत केस दर्ज किया गया है। दरअसल, सिवनी में 8 और 9 अक्टूबर की रात एसडीओपी पूजा पांडेय ने नेशनल हाइवे-44 पर चेकिंग लगाई थी। इसी दौरान नागपुर से जबलपुर जा रही एक गाड़ी में 2.96 करोड़ रुपए हवाला की रकम बरामद हुई। पूजा पांडेय ने पूरी रकम आरोपियों से ले ली और बिना कानूनी कार्रवाई किए उन्हें भगा दिया। अगले दिन हवाला कारोबारियों ने सिवनी कोतवाली थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दी।

- *गिरफ्तारी के बाद सभी पुलिस कर्मियों की हो सकती है बर्खास्तगी*
- *मामले की जांच जबलपुर के एएसपी आयुष गुप्ता ने की थी*



### सीनियर अफसरों को कारण बताओ नोटिस

*13 अक्टूबर को आईजी प्रमोद वर्मा सिवनी पहुंचे और हवाला कारोबारियों के खिलाफ दर्ज मामले और उसकी जांच में त्रुटियां बताते हुए पूरे मामले की जांच जबलपुर एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह को सौंप दी। आईजी प्रमोद वर्मा ने इस मामले में पुलिस के सीनियर अफसरों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया।*

**सिवनी हवाला लूट कांड की अंदर की कहानी**

**25 लाख रुपए कम निकलते तो हवाला ऑपरेटर की आला अफसरों से शिकायत**

दावा है कि क्रेटा कार रुकवाई गई और कारोबारियों के पास मिले 2 करोड़ 96 लाख रुपए छीन (लूट) लिए। इसके बाद घबराए कारोबारी जैसे-तैसे दूसरे दिन सिवनी कोतवाली थाने पहुंचे और उन्होंने थाना इंचार्ज को पुलिस की लूट की कहानी सुनाई। चूंकि थाना महिला अधिकारी पूजा पांडेय के अधीन ही आता था, तो



पूजा पांडे

टीआई ने फरियादियों की बात अपनी बॉस तक पहुंचाई। इसके बाद पूजा पांडेय के दफ्तर में फरियादियों को बुलाया गया और महिला अधिकारी ने कारोबारियों से 50-50 पर रजामंदी कर ली। चूंकि पैसा अवैध रूप से ले जाया जा रहा था, इसलिए हवाला ऑपरेटर भी आधे-आधे पर मान गए।

**सीएम की साफ चेतावनी**

### कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी प्रकरण में कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा है कि कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। डीएसपी स्तर के अधिकारी की भी गिरफ्तारी की गई है। अन्य पुलिस कर्मचारियों की गिरफ्तारी के साथ थी एफआईआर भी दर्ज की गई है। कानून की नजर में पुलिस अधिकारी कर्मचारी और आम जन सभी समान हैं। जो भी गलती करेगा उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। सिवनी प्रकरण में दोषी पाए गए पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।*

**थाने से 55 लाख कैश और गहने गायब**

## बालाघाट थाने के मालखाने का इंचार्ज जुए में हारा सरकारी पैसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालाघाट/भोपाल



बालाघाट जिला मुख्यालय के कोतवाली थाने में मालखाने में रखे 55 लाख रुपए नकदी और 10 लाख रुपए के सोने-चांदी गहने गायब हो गए हैं। मालखाने का इंचार्ज प्रधान आरक्षक राजीव पंद्रे इन पैसों को जुए में हार गया है।

- मांगने पर गेट बंद किया, सुसाइड की कोशिश गिरफ्तार

### जुआ खेलने गोंदिया और सिवनी जाता था

पुलिस की शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि प्रधान आरक्षक राजीव पंद्रे जुआ खेलने का शौकीन है। जुआ खेलने के लिए वह अक्सर महाराष्ट्र के गोंदिया और पड़ोसी जिले सिवनी तक जाया करता था। पूछताछ के बाद 20 लाख रुपए से ज्यादा राशि बरामद हो चुकी है।

**हाईकोर्ट बोला-मानवीय गरिमा का उल्लंघन हुआ**

## दमोह में युवक से 'पैर धुलवाने' का केस, हाईकोर्ट ने कहा-एनएसए लगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

दमोह में ओबीसी वर्ग के एक युवक के पैर धुलवाकर पानी पिलवाने के मामले को लेकर मप्र हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने दमोह पुलिस और जिला प्रशासन को आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि जातीय भेदभाव और मानवीय गरिमा का बड़ा उल्लंघन हुआ है। मामले पर अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी। गौर हो कि बीते दिनों दमोह में एक युवक ने एक दूसरे युवक का एक वीडियो बनाया था, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके लड़के के गले में जूते की माला दिखाई थी।

- आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए



**देवास में 14 साल के बच्चे की करतूत**

## बाइक सवार को टक्कर मारी फिर एक घर में जा घुसी कार

**महिला ने कहा कि मेरा बेटा तो कार चलाएगा जो करना है कर लो**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवास



जिले में एक 14 साल का नाबालिग लड़का अपनी मां की हुंडई क्रेटा कार चलाते हुए सड़क पर हादसा कर बैठा। नाबालिग ने पहले एक बाइक सवार को टक्कर मारी और फिर कार दीवार तोड़ते हुए सीधे घर में घुसा दी। इस हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि लड़का तेज रफ्तार में क्रेटा चला रहा है औरअचानक उसने नियंत्रण खो दिया और सामने से जा रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।


**बैंक ने खाता संदिग्ध ट्रांजैक्शन के चलते होल्ड किया**

## बैतूल में मजदूर के जनधन खाते से हुआ 2 करोड़ का ट्रांजैक्शन

**बैंक मैनेजर बोले- काला धन किया जा रहा था सफेद**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

**बड़ी खबर**



जिले के एक गरीब मजदूर के खाते में करोड़ों रुपए के लेन-देन का मामला सामने आया है।

जनधन योजना के तहत खोले गए इस खाते में किसान सम्मान निधि की राशि आती थी, लेकिन अब इसमें करीब 2 करोड़ रुपए का ट्रांजैक्शन पाया गया है। मजदूर जब सम्मान निधि की राशि निकालने बैंक पहुंचा तो यह खुलासा हुआ। शाखा प्रबंधक शशांक श्रीवास्तव ने 'हरिभूमि' को बताया कि इस अकाउंट में हुए ट्रांजैक्शन से साफ हो रहा है कि यह एक व्यवस्थित मनी म्यूलनेटवर्क का हिस्सा है।

### खाते में मजदूर की अपनी रकम मात्र 9,600 रुपए

खाते में मजदूर की अपनी रकम मात्र 9,600 रुपए है। जब उसे बैंक की यह बात पता चली, तो उसने मंगलवार को कलेक्टर से मिलकर लिखित आवेदन दिया और मामले की जांच की मांग की। बिसराम ने कहा कि मैं तो मजदूर आदमी हूं, मेरे खाते में करोड़ों रुपए कहां से आए, मुझे कुछ समझ नहीं आता। लीड बैंक मैनेजर ने बताया कि वे मामले को गंभीरता से लेकर संबंधित बैंक शाखा से चर्चा कर जांच शुरू करने जा रहे हैं।

**स्कूल से 15 दिन के लिए निकाल दिया था**

## 10वीं के छात्र ने पटाखा फोड़ा तो स्कूल से निकाला, फांसी लगा ली

**पिता ने बताया कि साहिल स्कूल से निकाले जाने पर उदास था**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ निवाड़ी

जिले में स्कूल से सस्पेंड किए जाने पर स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली। स्कूल में पटाखा जलाने पर उसे 15 दिन के लिए निकाला गया था। छात्र इससे आहत था। मामला पृथ्वीपुर में सेंट अल्फोंसा हाई स्कूल का है। साहिल यादव यहां 10वीं क्लास में पढ़ता था। पिता रामकुमार यादव ने बताया कि साहिल ने शनिवार को स्कूल में अपने साथियों के साथ पटाखा जलाया था। इससे नाराज स्कूल प्रबंधन ने सोमवार को मुझे स्कूल बुलाया। मैंने स्कूल प्रबंधन से बेटे को माफ करने की गुहार लगाई थी, क्योंकि वह गलती मान चुका था। लेकिन स्कूल प्रबंधन ने हमारी बात नहीं मानी और साहिल को 15 दिन के लिए स्कूल से सस्पेंड कर दिया।



रामकुमार यादव (पिता)

**विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दी सख्त चेतावनी**

## भारत में बने तीन सिरप में जहरीले रसायन की 'पुष्टि'

**अगर ये सिरप किसी भी देश में मिलते हैं तो इसकी जानकारी तुरंत डब्ल्यूएचओ को दें**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में बनी तीन मिलावटी दवाओं की पहचान की है, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा में रही कोल्ड्रिफ कफ सिरप शामिल है। यह सिरप भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स नामक कंपनी द्वारा बनाई गई थी।




डब्ल्यूएचओ की जांच में पाया गया कि कोल्ड्रिफ सिरप में एक जहरीला रसायन डायथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) बहुत अधिक मात्रा में मिला है। कोल्ड्रिफ के अलावा दो और सिरप भी डब्ल्यूएचओ की चेतावनी में शामिल हैं। पहली रेडनेक्स फार्मास्युटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और दूसरी शेप फार्मा की रीलाइफ। डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से अपील की है कि अगर ये सिरप किसी भी देश में मिलते हैं तो इसकी जानकारी तुरंत डब्ल्यूएचओ को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह घटना देश की दवा कंपनियों की निगरानी प्रणाली में बड़ी खामी को उजागर करती है।

**विशाखापत्तनम में 1 गीगावाट क्षमता वाला अत्याधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस डेटा सेंटर बनेगा**

**भारत बनेगा एआई सुपरपावर**

# गूगल और अडाणी ने की 15 अरब डॉलर की साझेदारी, सबसे बड़ा 'एआई डेटा हब' बनाएंगे

एजेंसी ▸▸ विशाखापत्तनम

अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल ने अगले पांच सालों में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक अत्याधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। कंपनी इस प्रोजेक्ट में 15 अरब डॉलर (लगभग 1.25 लाख करोड़ रु.) का निवेश करेगी। इस मेगा प्रोजेक्ट में अडाणी ग्रुप के साथ साझेदारी में देश का सबसे बड़ा डेटा सेंटर भी शामिल होगा। गूगल के मुताबिक इसमें 1 गीगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर कैंपस, नए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, और एक विस्तारित फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल की जाएंगी। कंपनी के एक इवेंट में गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन ने कहा कि यह अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा एआई केंद्र होगा, जिसमें हम निवेश करने जा रहे हैं। गूगल और अडाणी ग्रुप के बीच इस परियोजना को लेकर औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह घोषणा नई दिल्ली में आयोजित 'भारत एआई शक्ति' नामक कार्यक्रम के दौरान हुई। कार्यक्रम में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी शामिल थे।

**गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा-यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि**



### पीएम मोदी ने कहा- विकसित भारत के सपने को मिलेगी रफ्तार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में गूगल के पहले एआई हब की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की है। गीगावाट-स्केल डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर सहित यह बहुआयामी निवेश केंद्र सरकार के विकसित भारत के सपने के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

# शस्त्र पूजन आत्मगौरव और समाज की रक्षा का प्रतीक: विश्ववर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बजरंग दल भोपाल विभाग के द्वारा सोमवार को शास्त्र एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमपी नगर स्थित एक मॉल के सामने मेट्रो स्टेशन के नीचे आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महंत पुरुषोत्तमानन्द गिरी महाराज, साध्वी रंजना , प्रांत मंत्री नवल, बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक विश्व वर्धन भट्ट, प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र, प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी, विभाग मंत्री जीवन शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर साध्वी रंजना ने कहा कि बजरंग दल देश का युवा है। देश की सारी विधर्मी शक्तियां केवल बजरंग दल से ही डरती है। देश का बल बजरंगदल है। हर युवा को शस्त्र रखना चाहिए। बजरंग दल क्षेत्र सयोजक विश्व वर्धन भट्ट ने कहा कि शस्त्र पूजन भगवान राम की रावण पर जीत और मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय का प्रतीक है। पांडवों ने भी अज्ञातवास के बाद अपने शस्त्रों की पूजा की थी, जिसके बाद उन्हें विजय मिली। यह आत्मगौरव और समाज की रक्षा का प्रतीक है। यह शस्त्रों को धर्म और न्याय की रक्षा के लिए उपयोग करने का संदेश देता है। यह परंपरा युवाओं को साहस, अनुशासन और समाज सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। यह पूजा करने वाले के साहस और शक्ति में वृद्धि करती है। भारतीय सेना भी हर साल दशहरे पर शस्त्र पूजा करती है। हमारे प्रत्येक देवी देवता के हाथ में अस्त्र-शस्त्र हैं। कोई भी देवी देवता निशस्त्र नहीं, फिर हिंदू समाज को शस्त्र रखने में क्या समस्या।



बजरंग दल भोपाल विभाग ने आयोजित किया शास्त्र एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम

## भोपाल बन रहा गोमांस, ड्रग्स जिहाद, लैंड जिहाद, लव जिहाद का केंद्र

प्रान्त संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि राजधानी भोपाल गौ मांस, ड्रग्स जिहाद लैंड जिहाद लव जिहाद का केंद्र बनती जा रही है। राजधानी भोपाल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में गौ वंश हत्या, गौ मांस एवं गोवंश की तस्करी की घटना निरंतर सामने आ रही है। पिछले दिनों राजधानी भोपाल के ऐशबाग, हबीबगंज, निशातपुरा, परवलिया सड़क, बिलखिरिया, सुखी सेवनिया थाना क्षेत्र में गौ वंश हत्या एवं गौ मांस तस्करी की घटनाएं सामने आई है। गोवंश हमारी सनातन हिंदू धर्म के आस्था का केंद्र बिंदु है।

## विहिप ने लगाए होर्डिंग: अपना त्योहार, अपनों से व्यवहार

दीपावली से पहले भोपाल के चौक-चौराहों पर विश्व हिंदू परिषद के होर्डिंग्स लगवाए गए हैं। इन होर्डिंग्स पर लिखा है कि अपना त्योहार अपनों से व्यवहार। दीपावली की खरीदारी उनसे करें, जो आपकी खरीदी से दीपावली मना सकें। वीएचपी के प्रचार प्रमुख जितेंद्र चौहान का कहना है कि विश्व हिंदू परिषद की ओर से लगवाए इन पोस्टर्स का एकमात्र उद्देश्य हिंदू का सपोर्ट करना है। हम इसके माध्यम से समाज का जागरण करना चाहते हैं।

### सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के सम्मेलन को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया संबोधित

# स्वदेशी व आत्मनिर्भर भारत की दिवाली का हो रहा इस सम्मेलन से जबरदस्त आगाज

गांव, कस्बे और शहर हर जगह लघु उद्योग लाखों लोगों को दे रहे रोजगार, बना रहे स्वावलंबी

## वर्तमान में प्रदेश में 6 हजार से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज भारत की लगभग 80 करोड़ से अधिक आबादी किसी न किसी रूप में एमएसएमई से जुड़ी हुई है। यह विशाल आंकड़ा है। आप करोड़ों परिवारों की आशा, आत्मसम्मान और स्वावलंबन का आधार हैं। भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग कई देशों की जनसंख्या को रोजगार देने की क्षमता रखते हैं, बड़ी संख्या में रोजगार सृजन एमएसएमई के माध्यम से होता है। एमएसएमई पूरे देश का उदर पोषण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल के एक निजी होटल में आयोजित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी रोजगार के सबसे बड़े निर्माता हैं। गांव, कस्बे और शहर हर जगह लघु उद्योग लाखों लोगों को रोजगार दे रहे हैं, स्वावलंबी बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की दिवाली इस सम्मेलन से शुरू हो रही है। उन्होंने सभी उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भारत और मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भरता से रौशन कीजिये, हमारी सरकार सदैव आपके साथ हैं। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बालाघाट और टीकमगढ़ जिले के लघु उद्यमियों से चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही सम्मेलन स्थल में मौजूद भोपाल जिले के उद्योगपतियों और नव उद्यमियों से भी आत्मीय संवाद किया।

### प्रतिमाह 10 हजार रुपए की सहायता का प्रावधान किया



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए स्टार्टअप को प्रोत्साहन के लिए मप्र स्टार्टअप पॉलिसी-2025 के तहत हमने एक साल तक प्रतिमाह 10 हजार रुपए की सहायता का प्रावधान किया है। हमारी नीतियों और सहयोग से वर्तमान में प्रदेश में 4 लाख से अधिक विनिर्माण इकाई एमएसएमई रजिस्टर्ड हैं। हम एमएसएमई की स्थापना के लिए सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 6 हजार से अधिक रजिस्टर्ड स्टार्ट-अप हैं, इनमें से 47 प्रतिशत स्टार्ट-अप की मालकिन हमारी बहनें हैं। प्रदेश के 102 इंक्यूबेशन सेंटर युवाओं को आइडिया आगे बढ़ाने का मौका दे रहे हैं।

### निवेश बढ़ाने गुवाहाटी तक में की इंवेस्टमेंट समिट



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए गुवाहाटी तक में इन्वेस्टमेंट समिट की है। इस वर्ष उद्यमियों को 1080 भूखंड आवंटित किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने हर ब्लॉक में औद्योगिक इकाई स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हर स्तर पर संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। स्टार्टअप अप्रूव होने पर राज्य सरकार एक वर्ष के लिए 10 हजार रुपए प्रतिमाह की सहायता प्रदान कर रही है, जिससे एक नया आइडिया जमीन पर आकार ले सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मना रही है।

## लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाएं गोवर्धन पर्व : डॉ यादव

- आयोजन में गो-शालाओं और पशुपालकों को बनाएं सहभागी
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोवर्धन पर्व संबंधी बैठक में दिए निर्देश

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 21 अक्टूबर को गोवर्धन पर्व लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाया जाए। आयोजन में गौशालाओं तथा पशुपालकों को विशेष रूप से सहभागी बनाया जाए। साथ ही गोवर्धन पर्व पर पशुपालन तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां दर्ज करने और नवाचार करने वाले उद्यमियों को सम्मानित भी किया जाए। डॉ यादव गोवर्धन पर्व आयोजन के संबंध में सोमवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### गोवर्धन पर्व का होगा सामुदायिक आयोजन

बैठक में बताया गया कि प्रदेश की गौ-शालाओं में गोवर्धन पर्व का सामुदायिक आयोजन होगा। गोवर्धन पर्व का मुख्य आयोजन रवीन्द्र भवन भोपाल में किया जाएगा, जिसमें गोवर्धन पूजन, परिक्रमा, अन्नकूट भोग मुख्य होगा। इस अवसर पर पशुचारक समुदायों की कला, बरेदी और ठाट्या नृत्य आदि का प्रस्तुतीकरण होगा। कार्यक्रम में जैविक उत्पादक, दुग्ध उत्पाद, गोबर आधारित शिल्प के स्टॉल लगाए जाएंगे, साथ ही पशुपालन, कृषि, सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष व्यवस्था होगी। ग्रामीण आजीविका के लिए दुग्ध उत्पादन और वृंदावन ग्राम योजना के विस्तार के लिए भी गतिविधियों का संचालन होगा। गोवर्धन पर्व पर सभी जिलों में गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

### ग्राम ताड़पाला थाना क्षेत्र में छिपाकर रखे थे विस्फोटक

## सुरक्षा बलों को सफलता, विस्फोटक सामग्री का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



जिले उसूर इलाके में सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता मिली है। ग्राम ताड़पाला थाना क्षेत्र के केजीएच फूटहिल्स इलाके में नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे गए भारी मात्रा में विस्फोटक और बीजीएल बनाने की सामग्री बरामद की गई है। साथ में 5 प्रेशर आईईडी बरामद कर उसे नष्ट किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, 13 अक्तूबर को उसूर थाना क्षेत्र के ताड़पाला बेस कैंप से निकली कोबरा 206, केरिपु 229, 153 और 196 बटालियन की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। दोपहर करीब तीन बजे चलाए गए सर्च अभियान के दौरान यह विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। बरामद सामग्री में 51 नग जिंदा बीजीएल, 100 बंडल एचटी एल्युमिनियम तार, 50 नग स्टील पाइप (बीजीएल निर्माण हेतु), भारी मात्रा में बिजली के तार, 20 नग लोहे की शीट (बीजीएल निर्माण हेतु), 40 नग लोहे की प्लेट (बीजीएल निर्माण हेतु) इतना ही नहीं, सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए पांच प्रेशर आईईडी भी बरामद किए गए।, जिन्हें बीडी टीम द्वारा सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया गया। सुरक्षा बलों की सतर्कता और सूझबूझ से नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया। बरामद सामग्री से साफ जाहिर होता है कि नक्सली सुरक्षाबलों को गंभीर क्षति पहुंचाने की योजना बना रहे थे। हालांकि, सुरक्षाबलों की त्वरित कार्रवाई ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया।

## मुखबिरी का शक, भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

**बीजापुर**। जिले के इलमिडी थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने एक बार फिर दहशत फैलाते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।



नक्सलियों ने भाजपा कार्यकर्ता सत्यम पुनेम की गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतक के शव के पास से नक्सलियों का एक पर्चा भी बरामद हुआ है। घटना के बाद इलाके में दहशत का व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक, मृतक सत्यम पुनेम उसूर ब्लाक के ग्राम मुजलाकांकेर का निवासी है। बीते दो दशकों से भाजपा संगठन से जुड़े हुए थे।






## खबर संक्षेप

### यूक्रेन के शहर पर रूस का हमला, 7 घायल



**कीव।** रूस ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर सोमवार रात शक्तिशाली ग्लाइड बम और ड्रोन से हमला किया। इस हमले में एक अस्पताल को निशाना बनाया गया। इसमें सात लोग घायल हो गया। क्षेत्रीय प्रमुख ओलेह सिनेहुबोव ने बताया कि इस हमले के बाद 50 मरीजों को तुरंत अस्पताल से बाहर निकाला गया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस हर दिन, हर रात हमारे उर्जा संयंत्रों, बिजली की लाइनों और प्राकृतिक गैस संसाधनों पर हमला कर रहा है।

### जुबीन मौत मामला: 2 और लोगों से पूछताछ



**गुवाहाटी।** असम के दिग्गज गायक जुबीन गर्ग की मौत के बाद असम पुलिस की क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट लगातार इस केस की परतें खोलने में जुटी है। मंगलवार को सिंगापुर से दो और असमिया प्रवासी नागरिक- अभिमन्यु तलुकदार और तनमय फुकन, गुवाहाटी में सीआईडी मुख्यालय पहुंचे और अधिकारियों के सामने अपना बयान दर्ज कराया। ये दोनों ही असम एसोसिएशन सिंगापुर के प्रमुख पदाधिकारी हैं।

## पीएम मोदी ने मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना से की मुलाकात, कहा

# दोनों देशों के रिश्ते केवल राजनयिक नहीं आध्यात्मिक व आत्मीय बंधन पर आधारित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना का स्वागत करना मेरे लिए बहुत प्रसन्नता का विषय है। हमारी मुलाकात की शुरुआत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण से हुई।

राष्ट्रपति ने अपनी स्वर्गीय माताजी के नाम एक वटवृक्ष लगाया है, जो आने वाली पीढ़ियों तक हमारी मित्रता और पर्यावरण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक रहेगा। बता दें, यह यात्रा कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है, क्योंकि छह वर्षों के बाद कोई मंगोलियाई राष्ट्रपति भारत आए हैं।

यह यात्रा उस समय हो रही है जब भारत और मंगोलिया अपने राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष और रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे कर रहे हैं। इस खास अवसर पर दोनों देशों ने एक संयुक्त डाक टिकट जारी किया, जो भारत-मंगोलिया की साझा विरासत, विविधता और गहरे सभ्यतागत संबंधों का प्रतीक है।

पीएम मोदी ने कहा कि भले ही भारत और मंगोलिया की सीमाएं आपस में नहीं जुड़ी हैं, लेकिन भारत हमेशा मंगोलिया को अपना पड़ोसी मानता है। भारत मंगोलिया के साथ मिलकर विकासशील देशों की आवाज़ को वैश्विक मंचों पर और सशक्त करेगा।

**दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 और रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे**

**बुद्ध के शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के अवशेष मंगोलिया भेजे जाएंगे**



### मुफ्त ई-वीजा सुविधा का ऐलान

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने इस अवसर पर मंगोलियाई नागरिकों के लिए मुफ्त ई-वीजा सुविधा देने की भी घोषणा की है, ताकि दोनों देशों के नागरिकों के बीच संपर्क और यात्राओं में आसानी हो सके। हमारी सीमाएं भले न जुड़ी हों, लेकिन हमारे दिल जुड़े हैं। भारत और मंगोलिया की मित्रता समय के साथ और मजबूत होगी। इस बैठक को दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, धार्मिक और रणनीतिक सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है।

### भारत 'गंदन मॉनेस्ट्री' में एक संस्कृत शिक्षक भेजेगा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत 'गंदन मॉनेस्ट्री' में एक संस्कृत शिक्षक भी भेजेगा, ताकि वहां बौद्ध ग्रंथों के अध्ययन और प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। हमारा रिश्ता राजनीतिक सीमाओं से परे है। भले ही भारत और मंगोलिया की सीमाएं आपस में नहीं जुड़ी हैं, लेकिन भारत हमेशा मंगोलिया को अपना पड़ोसी मानता है। भारत मंगोलिया के साथ मिलकर विकासशील देशों की आवाज़ को वैश्विक मंचों पर और सशक्त करेगा।

### दोनों देश बौद्ध धर्म के सूत्र में बंधे

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे संबंधों की असली गहराई हमारे पीपल-टू-पीपल-टाइज में दिखाई देती है। सदियों से दोनों देश बौद्ध धर्म के सूत्र में बंधे हैं। इस वजह से हमें 'स्पिरिचुअल सिबलिंग' कहा जाता है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि अगले वर्ष भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेष भारत से मंगोलिया भेजे जाएंगे।

### रक्षा और सुरक्षा सहयोग मजबूत हुआ

पीएम मोदी ने कहा कि दस साल पहले मंगोलिया की अपनी यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया था। पिछले एक दशक में हमारी साझेदारी के हर आयाम में नई गहराई और विस्तार आया है। रक्षा और सुरक्षा सहयोग लगातार मजबूत हुआ है। दोनों देशों के रिश्ते केवल राजनयिक संबंधों तक सीमित नहीं हैं।

**सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़**

# कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर, 4 रॉकेट लॉन्चर सहित कई हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। यहां कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया है। इस वक्त भी ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि इलाके में अब भी अन्य आतंकियों के होने संभावना है। दरअसल, घसपैठ कर रहे आतंकियों को देखते ही सुरक्षाबल सक्रिय हो गए और अभियान शुरू कर दिया। फिलहाल भारतीय सेना ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन भी जारी है। सुरक्षाबलों ने 2 एके सीरीज राइफलें, 4 रॉकेट लॉन्चर, गोला-बारूद सहित अन्य हथियार बरामद किया है। श्रीनगर स्थित भारतीय सेना की चिनार कोर को आतंकियों के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस और सेना का यह संयुक्त अभियान शुरू कर दिया। 13 अक्टूबर की शाम 7 बजे से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास कुंबकडी के जंगल में यह ऑपरेशन जारी है।

■ सेना ने इलाके की घेराबंदी की



### ऑपरेशन सिंदूर 2.0 होगा ज्यादा घातक

*पश्चिमी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 पहले से अधिक घातक और शक्तिशाली होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान भारत से युद्ध लड़ने की स्थिति में नहीं है, लेकिन वह पहलगाम जैसी कायराना हरकतों की फिर कोशिश कर सकता है। कटियार ने कहा, इस बार जो कार्रवाई होगी वह पहले से कहीं ज्यादा घातक होगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। पाकिस्तान की हजार घावों से भारत को कमजोर करने की नीति अब भी जारी है, और भारतीय सेना इसके खिलाफ पूरी तरह तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाकिस्तान के कई पोस्ट और एयरबेस तबाह कर दिए थे। लेकिन वह फिर से कोई साजिश कर सकता है।*

### कुलगाम में मारे गए थे 2 आतंकी

*इससे पहले 8 सितंबर को सेना ने कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया था। गुड्डर के जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। सेना ने इसे 'ऑपरेशन गुड्डर' नाम दिया था। इस दौरान घायल हुए दो जवान भी शहीद हुए थे। ऑपरेशन गुड्डर में मारे गए एक आतंकी की पहचान शोपियां के रहने वाले आमिर अहमद डार के तौर पर हुई थी।*





# टॉक्सिक के सेट से लीक हुआ यश का फुटेज

**मुंबई।** साउथ एक्टर यश इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। एक्शन फिल्म टॉक्सिक और महाकाव्य रामायण। सोमवार को यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के सेट से उनका एक शानदार वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हुआ है, जिसमें उनका अंदाज देखकर फैंस फिदा हो गए हैं। वीडियो में वह धूम्रपान करते नजर आ रहे हैं। 19 मार्च 2026 को टॉक्सिक की रिलीज से पहले यश का यह वीडियो ऑनलाइन लीक हुआ है। इस लीक वीडियो से फिल्म की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। यश नीली जींस और बिना शर्ट और अपनी दाढ़ी वाले लुक में नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style



# सोनम

## मां-बाप के कहने पर करने लगीं किसिंग सीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनम बाजवा की जल्द ही हर्षवर्धन राणे के साथ फिल्म 'दीवाने की दीवानियत' रिलीज होने वाली है। एक्ट्रेस अब तक दो हिंदी फिल्में कर चुकी हैं और ये उनकी तीसरी हिंदी फिल्म होने वाली है। ऐसे में सोनव बाजवा की बॉलीवुड एंट्री को लेकर बज भी बना हुआ है।

एक्ट्रेस ने अपने इंटरव्यू में बताया कि वो किसिंग सीन के डर से पहले हिंदी फिल्में नही कर रही थीं, लेकिन उनके पेरेंट्स ने उन्हें इसे बस काम समझ कर इंटीमेट सीन्स से न डरने की सलाह दी।पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा इन दिनों बॉलीवुड में पैर जमाने की तैयारी में जुटी हुई हैं। वो धीरे-धीरे बॉलीवुड फिल्में कर रही हैं। वो अबतक 2 हिंदी फिल्में कर चुकी हैं। एक्ट्रेस को हाउसफुल 5 और बागी 4 में देखा जा चुका है और अब वो जल्द ही हर्षवर्धन राणे के साथ एक दीवाने की दीवानियत में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म की रिलीज से पहले सोनम बाजवा ने उस वक्त के बारे में बात की जब वो सिर्फ किसिंग और इंटीमेट सीन्स के डर से बॉलीवुड फिल्मों के रिजेक्ट कर रही थीं। सोनम ने कहा कि उन्हें इस बात को लेकर संदेह था कि उनके किसिंग सीन्स और इंटीमेट सीन्स को लेकर पंजाब में दर्शक कैसे रिएक्ट करेंगे। एक्ट्रेस आगे कहती हैं कि उनके पेरेंट्स ने इस मामले में उनका काफी सपोर्ट किया था। सोनम ने बताया कि पेरेंट्स से बात करने के बाद उनका नजरिया पूरी तरह से बदल गया वो बताती हैं, यह कुछ साल पहले की बात है, और मैंने अपने मां-पापा से इस बारे में बात की। वे बोले, 'हां, अगर यह फिल्म के लिए है, तो ठीक है। और मैं बहुत चौंक गई।

हॉलीवुड मसाला




# 13 साल बड़े नेता को कर रहीं डेट

**लॉस एंजिल्स।** कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो और हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी की क्रूज पर ली गई रोमांटिक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। दोनों की किसिंग फोटोज ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। तलाक के बाद ट्रूडो का यह नया रिश्ता सुर्खियों में है। बात हो रही है कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (53) और उनकी कथित गर्लफ्रेंड और हॉलीवुड स्टार कैटी पेरी (40) की. इस कपल की किसिंग तस्वीरों इंटरनेट पर वायरल हो गईं।



# जुरासिक वर्ल्ड- कैओस थ्योरी सीजन 4 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स और ड्रीमवर्क्स एनिमेशन की लोकप्रिय एनिमेटेड सीरीज 'जुरासिक वर्ल्ड: कैओस थ्योरी'के चौथे और आखिरी सीजन का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। न्यूयॉर्क में हुए इस ट्रेलर लॉन्च इवेंट के मौके पर सीरीज की पूरी टीम मौजूद थी। ट्रेलर में डायनासोर वर्ल्ड की एक बार फिर झलक देखने को मिल रही है, जिसे देखने के बाद फैंस उत्साहित हो गए हैं। ट्रेलर की शुरुआत ही गहरे सस्पेंस और एडवेंचर से होती है। इस बार कहानी छह साल आगे बढ़ चुकी है, जब 'कैंप क्रेटेशियस' की घटनाओं के बाद डायनासोर खुली दुनिया में जी रहे हैं और इंसान उनसे डर के साये में जिंदगी बिता रहे हैं। इस सीजन में 'नब्लर सिक्स' के नाम से मशहूर छह दोस्तों की टीम एक बार फिर साथ आती है, लेकिन इस बार उनका सामना केवल डायनासोर से नहीं बल्कि एक ऐसी साजिश से होता है जो इंसानों और डायनासोर, दोनों के अस्तित्व को खतरे में डाल देती है।



# स्टार किड के लिए आसान नहीं फिल्म इंडस्ट्री

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रनूतन बहल फिल्म इंडस्ट्री के एक मशहूर परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वह मोहनीश बहल की बेटी और दिग्गज अभिनेत्री नूतन की पोती हैं। उन्हें सिनेमाई पहचान विरासत में मिली है। हालांकि प्रनूतन मानती हैं कि उनके लिए इंडस्ट्री में जगह बनाना आसान नहीं रहा। अभिनेत्री ने बॉलीवुड में एक स्टार किड होने के अपने अनुभव और इस सफर में आई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की। एचटी से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वह अभिनेताओं से घिरी रहती थीं, इसलिए उनके लिए यह समझना आसान हो गया कि यह एक मुश्किल इंडस्ट्री है। उन्हें पता था कि कई बार बिना काम के भी कई दौर गुजारने पड़ेंगे। उन्हें इस बारे में पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी। उन्होंने यह भी बताया कि इंडस्ट्री में जिन लोगों के माता-पिता नहीं होते, उन्हें चीजें समझ नहीं आतीं।



# मनीष की गैंग पर ये अकेली भारी...

**मुंबई।** एक तरफ भारत में हाल ही में पॉप्युलर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने शनिवार को अपने घर दीपावली पार्टी रखी, वहीं दूसरी तरफ न्यूयॉर्क में भी ऐसी ही पार्टी रंग चढ़ा नजर आया। मनीष मल्होत्रा की पार्टी में मलाइका अरोड़ा, करीना कपूर, काजोल से लेकर रेखा तक का ग्लैमरस और फेस्टिव लुक खूब दिखा। वहीं, न्यूयॉर्क में हुई दिवाली पार्टी प्रियंका चोपड़ा ने धूम मचा दी। निक जोनस के साथ उनकी झलकियां जैसे ही सोशल मीडिया पर नजर आई, मनीष की इस पार्टी की झलकियों पर भारी पड़ गई। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की जोड़ी एकबार फिर चर्चा में हैं। न्यूयॉर्क में हुई दिवाली पार्टी में भारत के इस फेस्टिवल का रंग खूब चढ़ा दिखा। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने साथ मिलकर इस त्यौहारी इवेंट रौनक बढ़ा दी।

टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल शो से आदित्य और कीकू शारदा बाहर

**मुंबई।** रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल में फिनाले से पहले डबल एविक्शन का बड़ा ट्विस्ट आया है। शो से एक साथ दो कंटेस्टेंट, कीकू शारदा और आदित्य नारायण, बाहर हो गए हैं। दर्शक भी ये देखकर शॉक्ड हो गए हैं। एलिमिनेशन के लिए कीकू शारदा, आदित्य नारायण, आकृति नेगी और नयनदीप रक्षित को नॉमिनेट किया गया था। वोटिंग के दौरान सभी की सांसें थम गईं, लेकिन जब दो लोगों का एविक्शन हुआ तो कंटेस्टेंट्स को बड़ा झटका लगा। पहला नॉमिनेशन कीकू शारदा का हुआ। रूलर्स ने वोट किया और वे बाहर हो गए। इसके बाद बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स बाली, आरुष भोला और मनीषा रानी ने आदित्य नारायण को चुना। दोनों के एविक्शन के समय सभी कंटेस्टेंट्स भावुक दिखे। अक्सर एक-दूसरे से भिड़ने वाले बाली और आदित्य ने एक-दूसरे को गले लगाया। आदित्य ने बाली से माफी भी मांगी। धनश्री वर्मा और अरबाज भी अपने आंसू नहीं रोक पाए और आदित्य के बाहर होने पर दुख जताया।'राइज एंड फॉल'धीरे-धीरे अपने फिनाले की ओर बढ़ रहा है, जिससे कंटेस्टेंट्स के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कीकू शारदा ने ज्योतिष बनकर सबका मनोरंजन किया और भविष्य बताया था। अब जब कीकू शारदा और आदित्य नारायण बाहर हो गए हैं, तो शो में और भी ट्विस्ट देखने को मिलेंगे. अब शो में आरुष भोला, बाली, मनीषा रानी, आकृति नेगी, नयनदीप रक्षित, अर्जुन बिजलानी, धनश्री वर्मा और अरबाज पटेल ही बचे हैं। ये सभी टॉफी हासिल करने के लिए भिड़ेंगे।

## जैमी ने बिग बॉस 19 में उड़ाया तान्या का मजाक

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 में वीकेंड के वॉर में सलमान खान कंटेस्टेंट की खूब क्लास लगाते हुए नजर आते हैं। कुछ पूरे हफ्ते अच्छा खेलते हैं तो उनकी खूब तारीफ होती है, वहीं कुछ अपनी हरकतों की वजह से सलमान खान के गुस्से का शिकार होते हैं। इस हफ्ते वीकेंड का वार में जॉनी लिवर की बेटी जैमी लिवर फराह खान बनकर आईं थीं। वो घरवालों से फराह खान के अंदाज में ही बात करती नजर आईं।



उन्होंने सारे घरवालों को उनकी हरकतों की वजह से रोस्ट किया। इस लिस्ट में तान्या मित्तल भी थीं। तान्या अपनी बातों की वजह से अक्सर ट्रोल्स के निशाने पर रहती हैं और इस बार जैमी ने भी उन्हें खूब ट्रोल किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल बो रहा है। जैमी कहती हैं- तान्या तुम बकलावा खाने दुबई जाती हो, बिस्कुट खाने ब्रिटेन जाती हो, खजूर खाने के लिए साउदी अरेबिया जाती हो। मुझे तुमसे ये पूछना है कि तुम इलाज करवाने के लिए किधर जाती हो।

# बॉबी देओल की नई फिल्म का खतरनाक पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉबी देओल एक बार फिर से विलन के रोल के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस बार वो प्रफेसर की भूमिका में होंगे, लेकिन ये शातिर और खतरनाक रोल होनेवाला है। फैन्स ने उनकी इस झलक पर ही खूब अनुमान लगाना शुरू कर दिया है। हालांकि, कुछ लोगों को उनके चेहरे पर लंबे बाल नहीं अच्छे लग रहे। बॉबी देओल अपनी दूसरी पारी में लगातार शतक जड़ रहे हैं। आश्रम, एनिमल और हालिया रिलीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के बाद एक बार फिर बॉबी अपने नए अंदाज से लोगों का दिल जीतने आ रहे हैं। विलेन के अवतार में एक बार फिर बॉबी देओल पर्दे पर आग लगाने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। बॉबी ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट का पहला पोस्टर शेयर किया है, जिसका नाम अभी फाइनल तय नहीं किया गया है। इस पोस्टर को शेयर करते लिखा, 'पॉप कॉर्न वॉप कॉर्न ले आओ, शो शुरू होनेवाला है।' पोस्टर के साथ ही फैन्स की दीवानगी भी खूब दिखने लगी। इस नए पोस्टर में बॉबी एक ट्वीड जैकेट, डार्क रिम वाले चश्मे, और आंखों में वही खतरनाक चमक लिए नजर आ रहे हैं। सॉल्ट एंड पेपर लुक में बॉबी के बालों की बड़ी लटें दिख रही हैं। इस पोस्ट पर बताया गया है कि वो इस फिल्म में बतौर प्रफेसर नजर आनेवाले हैं। हालांकि, ये रोल शातिर और खलनायक दिख रहा है।



# अध्याश्री-सुकृति बनीं सुपर डांसर चैप्टर 5 की विनर

**नई दिल्ली।** 'सुपर डांसर चैप्टर 5' ने शुरू से ही दर्शकों को एंटरटेन किया और उन्हें अपने साथ जोड़े रखा। इस सीजन में भारत के कुछ सबसे टैलेंटेड डांसर थे, जिनकी सोशल मीडिया पर पहले से ही बड़े फैन फॉलोइंग हैं, इसलिए डांस मुकाबला बहुत ही रोमांचक रहा। फिनाले से पहले तक अंदाजा लगाना आसान नहीं था कि कौन सुपर डांसर की ट्रॉफी जीतकर घर लौटेगा. हफ्ते-दर-हफ्ते हर कंटेस्टेंट ने अपनी परफॉर्मेंस से भारत को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन अंत में अध्याश्री और सुकृति ने मिलकर ट्रॉफी जीत ली।

'सुपर डांसर चैप्टर 5' के टॉप छह फाइनलिस्ट्स में अप्सरा, अध्याश्री, सुकृति, अदिति, सोमान्श और नमीष शामिल थे, जिनके युनिका डांस और स्टाइल ने लोगों को काफी इंप्रेस किया।आज उनकी सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। जजेस की बात करें तो बॉलीवुड के लीजेंड और भारत के सबसे पसंदीदा डांसरों में से एक गोविंदा जजेस पैनल में शामिल थे। उन्हें शो के मंच पर शिल्पा शेट्टी, गीता कपूर और




मार्जी पेस्टोंजी का साथ मिला। अध्याश्री ने ट्रॉफी जीतने के बाद कहा, 'सुपर डांसर ने मुझे मंच दिया जहां मैं कुछ बेहतरीन डांसरों और बड़े बॉलीवुड सेलेब्स के सामने परफॉर्म कर सकी। मैंने पूरे सफर का मजा लिया और ट्रॉफी जीतना मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया, खासकर मेरी मां का, जिनके लगातार सपोर्ट ने मुझे अपना बेहतरीन देने के लिए प्रेरित किया.' सुकृति ने कहा, 'ट्रॉफी जीतकर मैं बहुत खुश हूं. अपनी मां को इतना खुश देखकर यह जीत और भी खास बन गई। मैं 'सुपर डांसर चैप्टर 5 के सेट पर बनाए गए पलों और जो दोस्त बनाए, उन्हें हमेशा याद रखूंगी। यह मेरी लिए एक खास जीत है।'

## 1974 की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में थीं शामिल

# राजेश खन्ना की वो 3 फिल्में, जिनकी आंधी में उड़ गया था बॉक्स ऑफिस

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना एक ऐसे दिग्गज अभिनेता थे, जिन्हें बॉक्स ऑफिस पर टक्कर दे पाना किसी के लिए भी आसान नहीं था। उन्हें बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार भी कहा जाता था, जिन्होंने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दीं। आज हम आपको उनकी 3 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 1974 की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल थीं। राजेश खन्ना आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें आज भी उनके चाहने वालों के दिलों में जिंदा हैं। वह एक बेहतरीन अभिनेता थे, जिनका नाम शीर्ष अभिनेताओं की सूची में शामिल था। लोगों में उनके प्रति गजब का क्रेज था। सभी उनकी नई फिल्मों के इंतजार में रहते थे, यही वजह भी थी कि फिल्में उनके नाम से ही बॉक्स ऑफिस पर हिट हो जाती थीं।*

**प्रेम नगर :** यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी, जिसका निर्माण डी. रामानायडू ने और निर्देशन केएस प्रकाश राव ने किया था। इसमें राजेश खन्ना, हेमा मालिनी, कामिनी कौशल, प्रेम चोपड़ा, बिंदु और असरानी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि अशोक कुमार और अरुणा ईरानी अतिथि भूमिकाओं में हैं। यह निर्देशक की अपनी तेलुगु फिल्म प्रेम नगर (1971) का रीमेक था, जो दर्शकों बेहद पसंद आई थी. विकिपीडिया के आंकड़ों के अनुसार, यह साल 1974 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।




**रोटी :** यह एक एक्शन फिल्म थी, जिसका निर्देशन मनमोहन देसाई ने और निर्माण रजनी देसाई और राजेश खन्ना ने आशीर्वाद पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया था। इसमें खन्ना और मुमताज ने अभिनय किया था और संगीत लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने दिया था। यह फिल्म 11 अक्टूबर 1974 को बेनाम और रोटी कपड़ा और मकान के साथ रिलीज हुई थी। कथित तौर पर कादर खान को फिल्म के संवाद लिखने के लिए 1.21 लाख का भुगतान किया गया था। यह साल 1974 की सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।



**आप की कसम :** 1974 में बनी जे ओम प्रकाश द्वारा निर्मित यह एक रोमांटिक फिल्म थी, जो उनके निर्देशन में भी पहली फिल्म थी. फिल्म में राजेश खन्ना, मुमताज, संजीव कुमार, रहमान, असरानी और एके हंगल ने अभिनय किया था। फिल्म में संगीत आरडी बर्मन ने दिया था। इस फिल्म को भी सिनेमाघरों में काफी पसंद किया गया था और यही वजह भी थी कि यह साल 1974 की आठवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बनी थी।








## भाजपा ने पहली सूची में 71 उम्मीदवारों को दिया टिकट और महागठबंधन में अलगाव होने की अटकलें

# सम्राट, राम कृपाल, सिन्हा के साथ श्रेयसी के नाम शामिल 9 महिलाओं को भी चुनाव रण में उतारा, 3 की सीट बदली

*भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस बार कुम्हरार, पटना साहिब और दानापुर विधानसभा के प्रत्याशी को बदल दिया है। कुम्हरार से निवर्तमान विधायक अरुण सिन्हा की जगह संजय गुप्ता, पटना साहिब से नंद किशोर यादव की जगह रत्नेश कुशवाहा और दानापुर से पूर्व सांसद रामकृपाल यादव को टिकट दिया है। चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कटोरिया सीट से पूरन लाल टुडू पर भरोसा जताया है। पार्टी ने वर्तमान विधायक निक्की हेंब्रम का टिकट काटते हुए नए चेहरे को मौका दिया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने अपनी पहली उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में 9 महिला उम्मीदवार भी शामिल हैं। पहली उम्मीदवारों की सूची में सम्राट चौधरी के अलावा रामकृपाल यादव, संजीव चौरसिया, विजय सिन्हा, श्रेयसी सिंह और मंगल पांडे जैसे बड़े नाम शामिल हैं। भाजपा ने कटोरिया सीट से पूरन लाल टुडू पर भरोसा जताया है। पार्टी ने वर्तमान विधायक निक्की हेंब्रम का टिकट काटते हुए नए चेहरे को मौका दिया है। टुडू लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे हैं और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी पत्नी पूजा मुर्मू बोसी प्रखंड के सांगा पंचायत की वर्तमान मुखिया हैं।

### श्रेयसी समेत इन महिलाओं को दिया टिकट



भाजपा ने पहली सूची में 9 महिलाओं को टिकट दिया है। इनमें परिहार से गायत्री देवी, नरपतगंज से देवंती यादव, किशनगंज से स्वीटी सिंह, प्राणपुर से निशा सिंह, कोढ़ा से कविता देवी, औराई से रमा निषाद, वारसलीगंज से अरुणा देवी और जमुई से श्रेयसी सिंह शामिल हैं।

### नाराज मांझी और कुशवाहा को मनाने की कोशिश, 1-1 सीट और देने की तैयारी

एनडीए में हुए सीट बंटवारे से नाराज चल रहे जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को भाजपा मनाने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा कम सीटें मिलने के कारण नाराजगी जता रहे हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा प्रमुख जीतनराम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को भाजपा ने एक-एक सीट ज्यादा देने की तैयारी कर ली है। इन्हें अब 7-7 सीटें मिल सकती हैं।

### कुम्हरार, पटना साहिब और दानापुर के प्रत्याशी बदले

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस बार कुम्हरार, पटना साहिब और दानापुर विधानसभा के प्रत्याशी को बदल दिया है। कुम्हरार से निवर्तमान विधायक अरुण सिन्हा की जगह संजय गुप्ता, पटना साहिब से नंद किशोर यादव की जगह रत्नेश कुशवाहा और दानापुर से पूर्व सांसद रामकृपाल यादव को टिकट दिया है।

**टूट के कगार पर महागठबंधन**

## कांग्रेस ने किया सभी सीटों पर लड़ने का ऐलान टेंशन में तेजस्वी ने वापस ले लिए बांटे सिंबल

चुनाव से ठीक पहले विपक्षी महागठबंधन के भीतर सीट शेयरिंग को लेकर मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। कांग्रेस ने अब आरजेडी पर दबाव बनाते हुए



अपने नेताओं से राज्य की सभी 243 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार करने को कहा है। साफ है कि पार्टी इस बार किसी भी तरह के समझौते के मूड में नहीं है, और वह सीटों की क्वालिटी पर समझौता नहीं करना चाहती, बल्कि उन सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है जहां उसका संगठन मजबूत है। कांग्रेस के इस 'बड़े ऐलान' के बाद आरजेडी में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला।

**क्वालिटी से समझौता नहीं करेंगे**

### खरगे के आवास पर कांग्रेस की बैठक



सोमवार देर रात दिल्ली स्थित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर बिहार कांग्रेस नेताओं की एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में शकील अहमद, राजेश राम, कृष्णा अल्लावरू, नासिर हुसैन और केसी वेणुगोपाल जैसे कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं को दिल्ली में ही रुकने का निर्देश दिया गया ताकि सीट शेयरिंग पर किसी भी समय हाईकमान की समीक्षा बैठक बुलाई जा सके। बैठक में पार्टी ने स्पष्ट किया कि अबकी बार सीटों की क्वालिटी पर कोई समझौता नहीं होगा।

### लालू ने चिन्ह वितरित किए और तेजस्वी ने वापस लिए

सोमवार शाम को, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर लालू यादव ने टिकट के कई दावेदारों को स्वयं चुनाव लड़ने के लिए सिंबल (चुनाव चिह्न) वितरित कर दिए। इससे लगा कि आरजेडी ने एकतरफा फैसला ले लिया है। हालांकि, दिल्ली से तेजस्वी यादव के पटना लौटते ही स्थिति नाटकीय रूप से बदल गई। कहा जा रहा है कि तेजस्वी के निर्देश पर, सिंबल पा चुके सभी नेताओं को तुरंत आधी रात को राबड़ी आवास पर वापस बुलाया गया और उन्हें दिए गए चुनाव चिह्न वापस ले लिए गए।

### जेडीयू सांसद मंडल का इस्तीफा



बिहार विधानसभा चुनाव के गहमागहमी के बीच जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को एक बड़ा झटका लगा है। भागलपुर के मौजूदा सांसद अजय मंडल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने त्यागपत्र में पार्टी संगठन पर गंभीर आरोप लगाते हुए खुद को उपेक्षित महसूस करने की बात कही है।

### दादाजी का कर रहे थे अंतिम संस्कार और मिला टिकट

राजनगर से भाजपा ने रामप्रीत पासवान का टिकट काटकर सुजीत पासवान को टिकट दिया है। सुजीत पासवान कभी भी कोई भी चुनाव नहीं लड़े है। सुजीत पासवान को अपने दादाजी के निधन पर दाह संस्कार की प्रक्रिया में थे, तभी उन्हें टिकट मिलने की घोषणा हुई है।

### सचिव को धमकी देने वाले भाई वीरेंद्र को आरजेडी ने बनाया प्रत्याशी

आरेजेडी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची में एक चौंकाने वाला नाम शामिल किया है। पार्टी ने कथित तौर पर एक सरकारी सचिव को फोन पर धमकी देने के मामले में चर्चा में रहे अपने वरिष्ठ नेता भाई वीरेंद्र को टिकट दिया है। खुद भाई वीरेंद्र ने अपने समर्थकों को 15 अक्टूबर को दिन के 11 बजे छितनवां पूल पर उनके नामांकन में शामिल होने का आह्वान किया है।

### मैथिली भाजपा में शामिल, अलीनगर से लड़ेंगी



चुनाव से पहले भाजपा में नए चेहरे जुड़ने की प्रक्रिया तेज हो गई है। मंगलवार को लोकगायिका मैथिली ठाकुर भाजपा में शामिल हो गई है। उन्हें दरभंगा की अलीनगर सीट से विधानसभा चुनाव लड़ाया जा सकता है। अलीनगर सीट से मौजूदा विधायक मिश्रीलाल यादव का टिकट कटना लगभग तय है और पार्टी इस सीट पर युवा और लोकप्रिय चेहरा लाने के मूड में है। मैथिली के सोशल मीडिया पर बड़े फैन बेस और मिथिला क्षेत्र में लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें अपने प्रचार अभियान का चेहरा भी बना सकती है। अगर टिकट मिलातो यह पहली बार होगा जब बिहार की लोक-संस्कृति से जुड़ी कोई प्रसिद्ध गायिका सीधे राजनीतिक मैदान में उतरेंगी।

**भाकपा-माले की 18 उम्मीदवारों की सूची जारी**

### सुशांत की बहन दिव्या गौतम को टिकट



महागठबंधन में शामिल भाकपा-माले ने पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 18 उम्मीदवारों के नाम हैं। इसकी विशेष बात यह है कि दीघा से सुशांत सिंह राजपूत की ममेरी बहन दिव्या गौतम को टिकट दिया है।

## एडीजीपी पूरण कुमार आत्महत्या मामले में अब नया मोड़ आया

# एएसआई ने की आत्महत्या, कहा-पूरण ने सिस्टम हाईजैक किया, वह भ्रष्टाचारी था

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस की परेशानी कम नहीं हो रही है। एडीजीपी सुसाइड मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि मंगलवार दोपहर रोहतक पुलिस की साइबर सेल के एक एएसआई संदीप का खून से लथपथ शव लाढ़ोत-धामड़ रोड पर एक मकान में मिला है। आशंका है कि उसने कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या की है। डीएसपी का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज होने व एफएसएल टीम की जांच के बाद ही पुख्ता तौर पर कुछ कहा जा सकेगा।

संदीप एसपी कार्यालय स्थित साइबर सैल में तैनात थे। मृतक ने सफेद रंग की शर्ट व नीले रंग की जींस पहन रखी थी।चारपाई के पास उसका सर्विस रिवाल्वर पड़ा हुआ था। डीएसपी गुलाब सिंह मौके पर पहुंची और एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया को जांच के लिए बुलाया। घटना के बाद पुलिस ने मौके से 3पेज का सुसाइड नोट और एक वीडियो मैसेज बरामद किया है, जिसमें दिवंगत आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं।

**3 पेज का सुसाइड नोट और वीडियो बरामद किया गया**

**चारपाई के पास से मिला एएसआई का सर्विस रिवाल्वर**



**गिरफ्तारी के डर से पूरन ने आत्महत्या की, परिवार को न छोड़ें**

*संदीप ने दावा किया कि पूरण कुमार भ्रष्ट अधिकारी थे, उनके खिलाफ कई सबूत मौजूद थे और उन्होंने गिरफ्तारी के डर से आत्महत्या की। उन्होंने जातिवाद का सहारा लेकर सिस्टम को 'हाईजैक' करने का आरोप लगाया। संदीप ने 'शहादत' देकर जांच की मांग की और कहा कि पूरण परिवार को नहीं छोड़ा जाना चाहिए। यह घटना पूरण कुमार की आत्महत्या के 7 दिन बाद हुई है, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप है।*

### कपूर को छुट्टी पर भेजा गया, सिंह बने नए डीजीपी



ओम प्रकाश शत्रुजीत कपूर


हरियाणा सरकार ने अधिकारी वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले को लेकर विपक्ष के हमले के बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया। सरकार ने रोहतक के पूर्व पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया का तबादला कर दिया था। शत्रुजीत की अवकाश अवधि के दौरान डीजीपी हरियाणा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सिंह वर्तमान में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो के महानिदेशक, हरियाणा पुलिस आवास निगम, पंचकूला के प्रबंध निदेशक; तथा फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, मधुबन के निदेशक के पद पर तैनात हैं।

*धमकी भरे फोन पर प्रियांक हमलावर*

## जब संघ ने गांधी को नहीं छोड़ा तो मुझे क्या छोड़ेंगे?

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में सरकारी जगहों पर आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाले कांग्रेस नेता और राज्य सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने आरएसएस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में बताया है कि पिछले दो दिनों से उन्हें लगातार धमकी भरे फोन आ रहे हैं। मुझे और मेरे परिवार को धमकियों, डराने-धमकाने और सबसे गंदी गालियों से भरे फोन आ रहे हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि मैंने सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक संस्थानों में आरएसएस की गतिविधियों पर सवाल उठाने और उन्हें रोकने की हिम्मत की थी। लेकिन मैं न तो विचलित हूं और न ही हैरान। उन्होंने लिखा, जब संघ ने महात्मा गांधी या बाबासाहेब आंबेडकर को नहीं छोड़ा, तो मुझे क्यों छोड़ेंगे? अगर उन्हें लगता है कि धमकियां और व्यक्तिगत ताने मुझे चुप करा देंगे, तो वे गलतफहमी में हैं। यह अभी शुरू हुआ है। अब समय आ गया है कि इनसे मुक्ति मिले।




## 21 वीं सदी में भी लोगों को जाति, पंथ और धर्म के नाम पर सताया जा रहा: चिराग



*पूरण कुमार की आत्महत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान ने वाई पूरन के परिवार से मंगलवार को मुलाकात की। पासवान ने मुलाकात करने के बाद कहा कि यह दुखद घटना मौजूदा सामाजिक बुराइयों को उजागर करती है। यह दर्शाती है कि कैसे 21वीं सदी में भी लोगों को जाति, पंथ और धर्म के आधार पर सताया जाता है। मैं उनके परिवार के सदस्य के रूप में परिवार से मिलने आया हूं। चिराग ने कहा कि मैं अपनी सरकार का विश्वास लेकर आया हूं और उन्हें आश्वासन देता हूं कि परिवार की हर मांग पूरी की जाएगी और कार्रवाई जल्दी और बिना देरी के की जाएगी। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस परिवार को न्याय मिलेगा। चाहे कोई व्यक्ति कितने भी बड़े पद पर क्यों न हो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।*

**परिवार से मिले राहुल**

## पीएम और सीएम से कहा तमाशा बंद कर कार्रवाई करें



*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को हरियाणा के एडीजीपी वाई पूरण कुमार के परिवार से मुलाकात की। राहुल गांधी ने करीब 50 मिनट तक परिवार से बात की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में राहुल ने नायब सैनी सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने मामले के आरोपी अधिकारियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये एक परिवार का मामला नहीं है। दलितों को प्रताड़ित करना गलत है। राहुल ने कहा कि मेरी पीएम और हरियाणा सीएम से अपील है कि दोनों बेटियों से किए वादे को पूरा करें। सरकार तमाशा बंद करें।*

### यह एक परिवार का मामला नहीं

राहुल ने कहा कि कई वर्षों से सिस्टम के आधार पर भेदभाव हो रहा है। ऑफिसर को कमतर करने के लिए करियर बर्बाद करने के लिए सिस्टम के आधार पर दूसरे ऑफिसर लगातार काम कर रहे हैं। ये सिर्फ एक परिवार का मामला नहीं है।

# तनिष्क ने लांच किया 'मृगांका' कलेक्शन और शुरू की गोल्ड एक्सचेंज पहल

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।




टाटा समूह के स्वामित्व वाला ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने सीजन की 'मृगांका' कलेक्शन पेश किया। यह कलेक्शन पौराणिक लोककथाओं और कल्पनाशील दुनियाओं से प्रेरित है। एक ऐसा संसार जहां सुनहरे महल, स्वर्गीय बाग और रहस्यमयी प्राणी जीवंत हो उठते हैं। इस कल्पनालोक को जीवंत रूप देने आई हैं पूर्व मिस वर्ल्ड और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर, जो 'मृगांका' की आत्मा का प्रतीक हैं। पौराणिक जीवों और अद्भुत पुष्पों से प्रेरित 'मृगांका' कलेक्शन कल्पना जितना भव्य और सपनों जितना सुंदर है। इसमें स्टोन-ऑन-स्टोन जड़ाऊ, बदरूम, चंदक, रस रवा और जटिल जाली लेयरिंग जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया गया है। रंगीन कुंदन, एनामेल डिटेलिंग और 3डी मोटिफ्स के संयोजन से यह कलेक्शन विविधता और रचनात्मकता का प्रतीक है। चाहे राजमहलों की भव्यता से प्रेरित लंबे हार हों, पौराणिक जीवों पर आधारित स्टेटमेंट रिंग्स या कई तरह से पहने जा सकने वाले पेंडेंट सेट - तनिष्क का 'मृगांका' कलेक्शन आधुनिक भारतीय महिला के लिए त्योहारी आभूषणों की नई परिकल्पना प्रस्तुत करता है।



# डॉ. सारा जॉर्ज को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड का मिला सम्मान

**नई दिल्ली** । एक गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर पर, डॉ. सारा जॉर्ज, पॉल जॉर्ज ग्लोबल स्कूल और सेंट जॉर्ज स्कूल की निदेशक को हेल्पिंग गुरुस द्वारा 5वां लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। हेल्पिंग गुरुस एक अग्रणी संस्था है जो शिक्षा क्षेत्र में 10,000 से अधिक स्कूलों के नेटवर्क के माध्यम से परिवर्तन ला रही है। यह सम्मान उन दूरदर्शी नेताओं को दिया जाता है जो बदलाव की प्रेरणा देते हैं, उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में स्थायी योगदान करते हैं। यह पुरस्कार भारत और अफ्रीका में विशेष सलाहकार एवं पूर्व भारतीय राजनयिक राजदूत दीपक वोहरा द्वारा प्रदान किया गया।

# केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने जबलपुर में जरूरतमंद बच्चों संग मनाई अनोखी दिवाली

**जबलपुर**। केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (CBOA) की जबलपुर एवं भोपाल इकाई ने इस बार दिवाली को खास अंदाज़ में मनाया। जनरल सेक्रेटरी श्री रवि कुमार जी के मार्गदर्शन एवं ज्वाइंट जनरल सेक्रेटरी श्री के के त्रिपाठी जी के नेतृत्व में "केनपाल" बैनर तले सेवा आश्रय – लाडली बसेरा मातृ छाया, जबलपुर में जरूरतमंद छात्राओं के साथ दिवाली की खुशियाँ साझा की गईं। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों ने छात्राओं को सर्दी के लिए बिस्तर सेट, मिठाइयाँ और पटाखे वितरित किए। बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ने माहौल को खास बना दिया।श्री के के त्रिपाठी ने कहा, "सच्ची दिवाली वही है, जहाँ रोशनी हर घर तक पहुँचे और समाज के हर वर्ग को अपनेपन का अहसास हो।" कार्यक्रम में सेवा भारती के अध्यक्ष श्री मुकेश तिवारी, सचिव किशोर, प्रचारक सुरेश अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सीबीओए जबलपुर से रूपक कमल, दीपशिखा, अभिषेक, सत्यदीप, परितोष, पूर्णिमा त्रिपाठी, गीतांजलि, सनत, आलेख एवं भोपाल से टी एन वेंडिया, हरि शंकर पाण्डे, पुष्कर पांडे, मनीष चतुर्वेदी ने इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाई।




# अदाणी और गूगल की साझेदारी से विशाखापट्टनम में बनेगा भारत का सबसे बड़ा डेटा सेंटर कैंपस

**विशाखापट्टनेम।** अदाणी एंटरप्राइज़ेज़ की संयुक्त उपक्रम कंपनी, अदाणीकॉनेक्स और गूगल ने आज एक ऐतिहासिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में भारत का सबसे बड़ा एआई डेटा सेंटर कैंपस और नया ग्रीन एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। विशाखापट्टनम में गूगल का यह एआई हब अगले पाँच वर्षों (2026-2030) में लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से तैयार किया जाएगा। इसमें गीगावॉट-स्तर के डेटा सेंटर, मजबूत सबसी केबल नेटवर्क और स्वच्छ ऊर्जा शामिल होगी, ताकि भारत में सबसे तेजी से बढ़ते एआई कामकाज को संभाला जा सके। इस परियोजना को अदाणीकॉनेक्स और एयरटेल जैसे साझेदारों के साथ मिलकर विकसित किया जाएगा। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, अदाणी ग्रुप को गूगल के साथ इस ऐतिहासिक परियोजना में साझेदारी करके गर्व है, जो भारत के डिजिटल भविष्य को परिभाषित करेगी। यह साझेदारी देशनिर्माण के हमारे साझा दृष्टिकोण और हर भारतीय को 21वीं सदी के उपकरणों से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। तकनीक के मामले में विशाखापट्टनम अब एक वैश्विक केंद्र बनने जा रहा हे और हमें गर्व है कि हम इस महान यात्रा के निर्माता के रूप में अपना योगदान दे रहे हैं।

adani

## भाकपा-माओवादी को बड़ा झटका

# एक करोड़ के इनामी नक्सली सोनू ने 60 साथियों के साथ किया सरेंडर



एजेंसी ▶▶ गढ़चिरौली

नक्सवाद पर एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की गई है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में कुख्यात माओवादी नेता मल्लौजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू ने अपने 60 साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है।

सोनू पर एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था, जिसके बाद अब अबूझमाड़ में नक्सलियों की कमर पूरी तरह से टूट गई है। भाकपा-माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लौजुला वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू ने मंगलवार (14 अक्तूबर) को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में 60 माओवादी कार्यकर्ताओं के साथ हथियार डाल दिए। यह भाकपा-माओवादी के लिए एक बड़ा झटका है और यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और देश भर की राज्य सरकारों के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निरंतर अभियानों का परिणाम है। एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने सोमवार देर रात पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति का एक सदस्य और एक संभागीय समिति के 10 सदस्य शामिल हैं।

## 24 प्लेटफार्म... 4 टर्मिनल और प्रतिदिन 3 लाख यात्रियों की क्षमता

◆ इस पर 2245 करोड़ की लागत आ रही

# अमरावती में 'भारत का सबसे बड़ा' रेलवे स्टेशन



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अमरावती के पास देश का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन बना रहा है। इस परियोजना में 1,500 एकड़ में फैला एक हवाई अड्डा-शैली का स्टेशन शामिल है, जिसमें 24 प्लेटफार्म, 4 टर्मिनल और प्रतिदिन 3 लाख यात्रियों की क्षमता होगी। इस पर 2,245 करोड़ की लागत आ रही है। इसके प्रमुख घटकों में 57 किलोमीटर लंबी नई ब्रॉड-गेज लाइन, कृष्णा नदी पर 3.2 किलोमीटर लंबा पुल और हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों से सीधा क्षेत्रीय संपर्क शामिल है। परियोजना को 2-3 वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे क्षेत्रीय विकास, संपर्क और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

# ओपनएआई अब बनाएगी खुद की चिप

**नई दिल्ली।** ओपनएआई अब तक चैटजीपीटी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) लैंग्वेज मॉडल चैटबॉट और सोरा जैसे वीडियो मेकिंग प्लेटफार्म के लिए जानी जाती थी। इसके लिए कंप्यूटिंग चिप की जरूरत होती है जो ओपनएआई बाहर से लेती थी लेकिन अब ओपनएआई ने ब्रॉडकॉम के साथ मिलकर अपना पहला इन-हाउस एआई प्रोसेसर विकसित करने की घोषणा की है। यह कदम चैटजीपीटी जैसी सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने और एआई कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# कपड़ा फैक्ट्री में आग 9 लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मंगलवार को कपड़े के कारखाने और रसायन के एक गोदाम में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। मिरपुर इलाके में कारखाना और गोदाम की दो इमारतों में लगी भीषण आग में आठ लोग घायल हो गए। कारखाने की पहली और दूसरी मंजिल से नौ शव बरामद किए गए हैं।



# कटनी में साइबर जागरूकता के लिए 'साइबर रथ' रवाना

**जबलपुर।** भारतीय स्टेट बैंक, RBO-4 कटनी एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आज एसबीआई मुख्य शाखा कटनी से "साइबर रथ" रवाना किया गया। इस रथ का उद्देश्य आम जनता को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना है।रथ को क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश कुमार रघुवंशी, मुख्य प्रबंधक सौरभ यादव व पुष्पराज पटेल ने रवाना किया। नुक्कड़ नाटक, वीडियो संदेश और ऑडियो प्रसारण के माध्यम से यह रथ कटनी जिले के विभिन्न स्थलों पर लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी देगा। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान डिजिटल जागरूकता बढ़ाकर नागरिकों को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

## रिपब्लिकन पार्टी स्पीकर जॉनसन की चेतावनी

# अमेरिका में लंबा खिंच सकता है शटडाउन, कामकाज 'ठप'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका में पिछले दो सप्ताह से शटडाउन जारी है। शटडाउन के बीच रिपब्लिकन पार्टी से स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि संघीय सरकार का शटडाउन (सरकारी वित्तपोषण रुकने से कामकाज ठप होना) अब तक का सबसे लंबा शटडाउन हो सकता है। जब तक डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित अपनी मांगों को नहीं छोड़ते और इसे (वित्त पोषण) दोबारा शुरू नहीं करते, तब तक वह उनके साथ बातचीत नहीं करेंगे। शटडाउन के 13वें दिन 'कैपिटल' (अमेरिकी संसद भवन परिसर) में जॉनसन ने ट्रंप प्रशासन की ओर से बर्खास्त किए जा रहे हजारों संघीय कर्मचारियों की घटना को बेहद असामान्य सामूहिक छंटनी बताया। इस बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सख्त कटौतियों की चेतावनी दी है। वहीं, कर्मचारी संघ मुकदमा कर रहे हैं। जॉनसन ने कहा कि हम अमेरिकी इतिहास के सबसे लंबे शटडाउन की दिशा की ओर बढ़ रहे हैं। शटडाउन पर कोई नतीजा निकलता नहीं दिख रहा जिसके कारण इसके लंबे समय तक इसके जारी रहने की उम्मीद है। सरकारी वित्तपोषण रुकने से हुए शटडाउन के कारण नियमित सरकारी कामकाज ठप पड़ गया है।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की लिस्टिंग सेरेमनी

# एमडी ने पूरा भाषण 'हिंदी' में दिया, निवेशकों का जीता दिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के 1140 रुपए के शेयरों की 50% से अधिक प्रीमियम पर एंट्री ने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। लंबे समय बाद किसी बड़े आईपीओ की इतनी धाकड़ एंट्री हुई है। हालांकि सिर्फ यही नहीं, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एमडी हॉन्ग जु जियोन की स्पीच पर भी निवेशक खुश उठे। उन्होंने इसकी लिस्टिंग सेरेमनी में पूरी स्पीच हिंदी में दी है। सिर्फ 'नमस्ते' से ही नहीं काम चलाया। हॉन्ग जू जियोन को जनवरी 2023 में कंपनी का एमडी बनाया गया था और लिस्टिंग सेरेमनी पर जब हिंदी को चुना तो इसने निवेशकों का दिल जीत लिया और तुरंत ही उनके स्पीच का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## एनएसजी के 41वें स्थापना दिवस पर मानेसर में अमित शाह बोले

# देश के हर नागरिक की सुरक्षा मजबूत और सुरक्षित हाथों में

## स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास किया
## एनएसजी का सातवां हब अब अयोध्या में बनेगा



एजेंसी ▶▶ मानेसर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मानेसर, गुरुग्राम में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 41वें स्थापना दिवस पर कहा कि एनएसजी ने 'सर्वत्र, सर्वोत्तम और सुरक्षा' के मंत्र के साथ चार दशकों से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक को यह संतोष है कि हमारी सुरक्षा बहुत मजबूत और सुरक्षित हाथों में है। अमित शाह ने इस मौके पर स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर (एसओटीसी) का शिलान्यास भी किया। 141 करोड़ की लागत से 8 एकड़ में बनने वाला यह सेंटर एनएसजी और देशभर के पुलिस बलों के आतंकवादरोधी दस्तों को अत्याधुनिक तकनीक से लैस करेगा।

### सभी को मिलकर काम करना होगा

गृह मंत्री ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में आतंकवाद से लड़ाई अकेले केंद्र सरकार नहीं लड़ सकती, इसके लिए राज्य सरकारों, राज्य पुलिस बलों, एनएसजी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि यह नया ट्रेनिंग सेंटर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को नई धार देगा।

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति

अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने बताया कि 2019 के बाद से सरकार ने यूएपीए, एनआईए एक्ट, पीएमएलए और ईडी को मजबूत किया है। टेरर फंडिंग की वैज्ञानिक जांच के लिए सिस्टम खड़ा किया गया है और पीएफआई पर बैन लगाया गया है।

### एनएसजी ने बहादुरी, रणनीति का परिचय दिया

शाह ने एनएसजी की ऐतिहासिक उपलब्धियों का ज़िक्र करते हुए कहा कि ऑपरेशन अश्वमेध, वज्र शक्ति, धांगू, अक्षरधाम हमला और मुंबई आतंकी हमले जैसे अभियानों में एनएसजी ने बहादुरी और रणनीति का परिचय दिया है। उन्होंने बताया कि देशभर में एनएसजी के 6 हब पहले से मौजूद हैं।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** – परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**धनु** – मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** – आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकिन परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** – खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** – कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 6019



**बाएँ से दाए**
1.मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5.संपत्ति-4
9.कटि,पीठ -3
10.प्रणाम,नमस्कार-3
12.अधीन-2
14.पितामह-2
15.कार्य-2
16.पराजय-2
17.अच्छे कुल का-3
19.तरंग,हिलोर-3
21.एक प्रकार की दाल-3
22.ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24.गगन,आकाश-4
25.स्वच्छ करना-5
26.आश्चर्यजनक-4
29.जो लायक न हो-4
33.उल्टी,कै-3
34.रनिवास,जनवासा-3
36.पंक्ति,लाइन-3
37.सुर,लय,आलाप-2
38.दंड,शिक्षा-2
39.पराजय-2
41.झुका हुआ -2
42.कर्म,भाग्य-3
43.भार-3
45.भूल,गलती (उर्दू-4)
46.भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.मां का दुलार-3
4.ताली की आवाज-4
5.अनुभवी-4
6.जुड़वा-3
7.दक्षिणा-2
8.राम के पुत्र-2,2
11.अभिलाषा, -4
13.क्रूस,सूली-3
16.पाचनशक्ति-3
18.ईसाई साध्वी-2
20.जीवनसाथी -5
21.गरबा,नृत्य-2
23.मालिश-3
24.दर्पण,शीशा-3
26.ईश्वर-4
27.बाग,गुलिस्तां-3
28.क्रिकेट में बनते हैं-2
30.दुलारा,पुत्र-2
31.भरोसा,विश्वास-3
32.करामात-4
34.शेविंग करना-4
35.हाथी साधने वाला-4
38.आसान,सीधा-3
40.कपड़े धोने वाला-3
42.बलगम-2
44.सरिता-2

**शब्द पहेली - 6018 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6029

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6028 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# रणजी ट्रॉफी में ऋषभ पंत की वापसी से बढ़ेगा रोमांच, युवाओं को मिलेगा चमकने का मौका

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

इंग्लैंड दौरे में चोटिल होने के बाद से खेल से बाहर चल रहे ऋषभ पंत बुधवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के नए सत्र से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं जबकि कई युवा खिलाड़ी इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

पंत का दूसरे दौर में खेलना रणजी ट्रॉफी के पहले चरण का मुख्य आकर्षण है, अन्यथा इसका कोई तात्कालिक उद्देश्य नहीं है, क्योंकि अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद भारत को लंबे समय तक टेस्ट मैच नहीं खेलना है।

## पंत का चल रहा रिहैबिलिटेशन

जुलाई में मैनचेस्टर में क्रिस वोक्स की गेंद पर पैर की अंगुली में फ्रैक्चर होने के बाद से पंत खेल से बाहर हैं और बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में उनका रिहैबिलिटेशन सही दिशा में चल रहा है। हैदराबाद के खिलाफ पहले दौर के मैच के लिए दिल्ली की 24 खिलाड़ियों की टीम में इस विकेटकीपर बल्लेबाज का नाम नहीं है लेकिन यदि सीओई उनकी वापसी को मंजूरी दे देता है तो वह या तो दूसरे दौर (25 अक्टूबर से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ) या तीसरे दौर (एक नवंबर से पुडुचेरी के खिलाफ) में खेल सकते हैं। इससे पंत को 14 नवंबर से विश्व चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली श्रृंखला से पहले अपनी फिटनेस का आकलन करने और मैच अभ्यास का मौका मिल सकता है।

### आज से शुरू होगा क्रिकेट टूर्नामेंट



## 42 बार का चैंपियन मुंबई खिताब का प्रबल दावेदार

जहां तक रणजी ट्रॉफी का सवाल है तो 42 बार का चैंपियन मुंबई एक बार फिर से खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। गत विजेता विदर्भ आसानी से खिताब नहीं गंवाना चाहेगा। इसके अलावा केरल, सौराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु और कर्नाटक जैसी टीमें अपना गौरव फिर से हासिल करने या एक नया अध्याय लिखने के लिए उत्सुक होंगी।

## युवा खिलाड़ी करेंगे छाप छोड़ने की कोशिश

कई युवा खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। इनमें बल्लेबाजों में आर स्मरण (कर्नाटक), आंद्रे सिद्धार्थ (तमिलनाडु), यश ढुल (दिल्ली), प्रियांश आर्य (दिल्ली), वैभव सूर्यवंशी (बिहार), आयुष म्हात्रे (मुंबई) और दानिश मालेवार (विदर्भ) तथा गेंदबाजों में हर्ष दुबे (विदर्भ), एडहेन एप्पल टॉम (केरल), मानव सुथार (राजस्थान) और गुरजपनीत सिंह (तमिलनाडु) शामिल हैं। रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप में ग्रुप ए, बी, सी और डी में 32 टीमें होंगी, जबकि प्लेट ग्रुप में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15-18 अक्टूबर और 16-19 नवंबर के बीच खेला जाएगा। दूसरा चरण अगले साल 22 जनवरी से शुरू होगा। फाइनल 24 फरवरी से खेला जाएगा।

### सफलता की ऊंची उड़ान

# भरत थम्मिनेनी ने फतह की आठ हजार मीटर से ऊंची सभी 9 पर्वत



एजेंसी ▸▸| कोलकाता

आंध्र प्रदेश के कुरनूल के पर्वतारोही भरत थम्मिनेनी छठे सबसे ऊंचे पर्वत 'माउंट चो ओयू' (8,188 मीटर) पर चढ़ाई करने के साथ दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से नौ पर फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 36 वर्षीय पर्वतारोही के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि इस उपलब्धि से पहले थम्मिनेनी ने मई 2017 में माउंट एवरेस्ट, सितंबर 2018 में माउंट मनास्लू, मई 2019 में माउंट ल्होत्से, मार्च 2022 में माउंट अन्नपूर्णा, अप्रैल 2022 में माउंट कंचनजंगा, मई 2023 में माउंट मकालू, अक्टूबर 2024 में माउंट शीशपंगमा और अप्रैल 2025 में माउंट धौलागिरी पर चढ़ाई की थी। ये सभी 8 हजार मीटर से अधिक ऊंची चोटियां हैं।

बची हुई पांच शीर्ष चोटियां माउंट के2, नंगा पर्वत, गशेरब्रुम 1 और 2 तथा ब्रॉड पीक पाकिस्तान में हैं और वर्तमान में भारतीय पर्वतारोहियों के लिए वर्जित हैं। थम्मीनेनी 30 सितंबर को चीन के चो ओयू बेस कैंप पहुचे थे लेकिन खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण उन्हें पहाड़ पर चढ़ने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा, जिससे वह बेस कैंप में ही रुके रहे।

# पैरा पावरलिफ्टर मैथ्यू ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी पैरा पावरलिफ्टर जोबी मैथ्यू ने मिस्र के काहिरा में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया। मैथ्यू ने सोमवार को लेजेंड्स (मास्टर्स) वर्ग में यह पदक जीता।




उन्होंने अपने पहले प्रयास में 147 किग्रा के भार उठाया लेकिन इसे अमान्य घोषित कर दिया गया। उन्होंने इसके बावजूद दूसरे प्रयास में 148 किग्रा वजन आसानी से उठा लिया। मैथ्यू ने इस लय को जारी रखते हुए अपने अंतिम प्रयास में 152 किग्रा का वजन उठाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले उनका पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 150 किग्रा था, जिसे उन्होंने दो महीने पहले बीजिंग विश्व कप में हासिल किया था। थाईलैंड के फोंगसाकोन चुमचाई ने 162 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता जबकि पेरू के नील ग्रेसिया ने 161 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता।यह मैथ्यू का दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है। इससे पहले, उन्होंने दुबई 2023 में 59 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए कांस्य पदक जीता था।


ESB **म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल**
चयन भवन, मेन रोड नं.- 1, चिनार पार्क (ईस्ट),
भोपाल- 462011, दूरभाष क्रमांक- 0755-2578801- 02
पत्र क्र./ई.एस.बी./पी.आर.ओ./7732-2025 भोपाल, दिनांक : 14.10.25

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग हेतु भरती परीक्षा -2025 का आयोजन किया जाना है। उक्त परीक्षा बिना किसी विवाद के संचालित हो सके इस संबंध में मण्डल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर, खंडपीठ इंदौर एवं ग्वालियर म.प्र. के समक्ष केवियट दायर की जा रही है। यदि किसी अन्य द्वारा इस संबंध में माननीय न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की जाती है, तो उसकी एक प्रति बोर्ड के अधिवक्ता (01) श्री तबरेज शेख अधिवक्ता-693 तिलक वार्ड, फुटताल रोड, जबलपुर (2) श्री कौस्तुभ पाठक अधिवक्ता-102 बी ब्लॉक प्रकृति कार्पोरेट 18/2 वाय.एन. रोड, इन्दौर एवं (3) श्री प्रवीण नेवास्कर अधिवक्ता-303 साई संकल्प अपार्टमेन्ट किल्कारी अस्पताल के पास साई सड़क लश्कर ग्वालियर म.प्र.- 474001 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
विज्ञापन क्रमांक - 85/2025
म.प्र. माध्यम/122546/2025 संचालक


# भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाएंगे इंगलिस और जम्पा

पर्थ। आस्ट्रेलिया के विकेटकीपर जोश इंगलिस और लेग स्पिनर एडम जम्पा क्रमशः चोट और पारिवारिक कारणों से भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगे। भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगा, जिसके बाद पांच मैचों की टी20 श्रृंखला होगी। अगले दो एकदिवसीय मैच एडिलेड (23 अक्टूबर) और सिडनी (25 अक्टूबर) में खेले जाएंगे। इंगलिस पिंडली की चोट से उबर रहे हैं, जिसके कारण वह इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह अभी तक तीन वनडे खेलने वाले जोश फिलिप को विकेटकीपर के रूप में ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। नियमित विकेटकीपर एलेक्स कैरी को भारत के खिलाफ पहले मैच के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है, ताकि वह इस साल के अंत में होने वाली एशेज श्रृंखला की तैयारी के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच खेल सकें।



कैरी एडिलेड में होने वाले दूसरे वनडे से पहले टीम में शामिल हो जाएंगे। स्पिन ऑलराउंडर मैथ्यू कुहनेमन को जम्पा की जगह वनडे टीम में शामिल किया गया है। जम्पा के 23 अक्टूबर को होने वाले दूसरे वनडे से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम में लौटने की संभावना है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/4519/राजस्व/न.पा.नि./2025 **आवश्यक सूचना** रीवा, दिनांक 14/10/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति के नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं । उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि में इस कार्यालय के नामांतरण शाखा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी । तत्पश्चात नामांतरण की विधिवत कार्यवाही की जावेगी ।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड/भवन क्रमांक (भवन की स्थिति) | इन्द्राजी का नाम | नामांतरण ग्रहिता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 502 | 44/865 हाउसिंग बोर्ड चिरहुला कालोनी, जिला - रीवा (म.प्र.) | श्री महेन्द्र कुमार सोनी पिता श्री जगदीश प्रसाद सोनी | श्री नन्द किशोर सोनी पिता श्री छोटा सोनी | क्रय-विक्रय |
| 2 | 504 | 15/2593 समान, जिला - रीवा (म.प्र.) | श्री आरिफ अली अंसारी पिता श्री रजीउद्दीन अंसारी | श्रीमती नीता श्रीवास्तव पति श्री ओ. पी. श्रीवास्तव | क्रय-विक्रय |
| 3 | 496 | 11/08 इन्द्रा नगर, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्री शुभलायक पटेल पिता श्री बुद्धसेन पटेल | श्री महेश प्रसाद पटेल पिता स्व. श्री शुभलायक पटेल | वारिसाना |
| 4 | 515 | 05/88 ढेकहा, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्रीमती विजेता सिंह पति श्री विजय सिंह | श्रीमती कल्पना सिंह पति श्री जन्मेजय सिंह | क्रय-विक्रय |

उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा, (म.प्र.)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PUBLIC WORK DEPARTMENT**
**(E./M.) DIVISION- JABALPUR (M.P.)**
Web site:-www.mp.gov.in/pwdmp Tel./Fax No. 0761-2620792 Email :- eepwdelecjbp@mp.nic in

NIT No- 28/25-26/SAC/E/M Jabalpur, Date 10/10/2025

Online Tender for mentioned below are being invited. The Tender have been uploaded on the system of Public Works Department on the Portal http://mptenders.gov.in Tender details are as below:-

| S N O | Tender No. | Name of work | Original EMD | Cost of Project (PAC) (Rs. In lack) | Cost of Tender form | Time Allowed | 1-Contractor categari 2- Call No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_ PWDRB_ 457242_1 | RECONDITIONING OF 01 Nos. 8 PASSENGER TK ELEVATOR (G+4) INSTALLED AT MINING OFFICE BUILDING KATANGA JABALPUR | Rs. 1.05 Lakh | Rs. 2200/- | Rs. 1000/- | One month | 1- Centralised PWD Registration in Electrical & "A" Class electric licence From MP Licensing Board 2-1st Call |

The document can only be purchased online from the above website after making online payment. The last date & time for purchase of Document on line is Dated 22/10/2025 up to (17:30.) Detailed NIT and other details can be viewed on the above mentioned portal. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

Executive Engineer
G-20025/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" PW.D. E/M DIVISION JABALPUR





हृदय को आध्यात्मिक अनुभूतियों से भर देने वाले अवसरों का प्रदेश
मध्यप्रदेश

श्रीरामराजा लोक
द्वितीय चरण का शिलान्यास
विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा

15 अक्टूबर, 2025 | दोपहर 12:00 बजे
ओरछा, जिला निवाड़ी, मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

"मध्यप्रदेश में हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सांस्कृतिक अभ्युदय के संकल्प को पूरा करने की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहे हैं।"
- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

आध्यात्मिक स्थलों का विस्तार

₹239 करोड़ की लागत से ओरछा में विकसित हो रहा
श्रीरामराजा लोक बनेगा प्रदेश का गौरव और ओरछा की पहचान

**श्री महाकाल महालोक, उज्जैन**
उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में विकसित श्री महाकाल महालोक एक दिव्य अनुभव का स्थल है

**श्रीराम वन गमन पथ**
चित्रकूट से होकर गुजरने वाले 1450 कि.मी. लंबे पथ पर स्थित तीर्थ स्थलों का विकास

**ओंकारेश्वर, एकात्म धाम**
12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर में स्थित। आदिगुरु शंकराचार्य को समर्पित एकात्म धाम शांति और ज्ञान का केंद्र

**श्रीकृष्ण पाथेय**
भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े प्रमुख तीर्थ स्थलों को जोड़कर बन रहा है यह पथ

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP

D-11124/25




**हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी, ओबीसी के व्यक्ति को पैर धोकर पिलाने की घटना पर लिया संज्ञान, दोषियों के खिलाफ धारा बढ़ाने व एनएसए की कारवाई के दिए निर्देश**

# देश में जातिगत विद्वेष के मामले बढ़ रहे, जातिगत गौरव के प्रदर्शिन में नहीं छोड़ रहे कोई कसर

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एक तल्ख टिप्पणी में कहा कि देश में जातिगत विद्वेष के मामले बढ़ रहे हैं। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कहा कि प्रत्येक जाति अपनी जातिगत पहचान के प्रति मुखर और अति सचेत हो गई है और किसी विशेष जाति से संबंधित होने के अपने गौरव को प्रदर्शित करने में कोई कसर नहीं छोड़ती। इससे जातिगत हिंसा की कई घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंके जाने की घटना, हरियाणा में एक वरिष्ठ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा की गई आत्महत्या, इस देश में जाति से जुड़े ऐसे मुद्दों के उदाहरण हैं।कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक समुदाय, बार-बार और बेशर्मी से अपनी जातिगत पहचान का दिखावा करता है । यह पूरे हिंदू समाज के लिए नुकसानदेह हो रहा है।

कोर्ट दमोह जिले में हाल ही में ओबीसी समुदाय के व्यक्ति को सामान्य समुदाय द्वारा पैर धोकर पीने पर विवश करने की घटना पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने दमोह एसपी को निर्देश दिए कि आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 351 व 133 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाए। वायरल वीडियो में पहचान में आ रहे सभी लोगों के खिलाफ तत्काल एनएसए की कारवाई की जाए, जिन्होंने पीड़ित को ऐसा कृत्य करने पर विवश किया। अगली सुनवाई 15 अक्टूबर तय की गई।

सुनवाई के दौरान दमोह पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए हाजिर हुए।



कोर्ट ने कहा कि कथित तौर पर अन्नू पांडे नामक व्यक्ति पर आरोप है कि उसने गाँव में शराब बेची, जहाँ पंचायत ने शराबबंदी लागू की थी। अख़बारों और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक पंचायत ने अन्नू पांडे पर जुर्माना लगाया । पीड़ित पर आरोप है कि उसने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके अन्नू पांडे के गले में जूतों की माला पहने हुए एक मीम बनाया था। सामान्य समुदाय के लोगों द्वारा आपत्ति जताए जाने पर, पीड़ित ने मीम हटा दिया। इस पर पंचायत कर निर्णय लिया गया कि पीड़ित को प्रायश्चित करना होगा। उसे गाँव के मंदिर में बुलाया गया और भीड़ ने उसे अन्नू पांडे के पैर धोने और उस पानी को पीने के लिए मजबूर किया। बाद में वायरल एक अन्य वीडियो में यह भी दिखाया गया कि पीड़ित कहता है कि कुछ लोग राई का पहाड़ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जिस व्यक्ति के उसने पैर धोए, वह लंबे समय से उसका गुरु है।

कोर्ट ने कहा कि वीडियो के उस हिस्से में प्रथम दृष्टया पीड़ित की आँखों की गतिविधियों से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि वह अपने सामने रखी किसी चीज़ को पढ़ रहा था। कोर्ट ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ धारा 296 लगाई गई, जिसके लिए अधिकतम सजा तीन साल है। पूरी घटना मंदिर परिसर में हुई थी, इसलिए धारा 196(2) भी लागू होगी।कोर्ट ने कहा कि मंदिर के भीतर पीड़ित कई लोगों से घिरा हुआ था और उसके पास भीड़ का कहना मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। इसलिए, पुलिस को प्राथमिकी में भारतीय दंड संहिता की धारा 351 और धारा 133 जोड़ने का निर्देश दिया जाता है।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मध्य प्रदेश राज्य में जाति-संबंधी हिंसा की बार-बार होने वाली घटनाएँ चौंकाने वाली हैं। यह वही राज्य है, जहाँ सामान्य वर्ग के एक व्यक्ति ने एक आदिवासी व्यक्ति के सिर पर पेशाब कर दिया था और जिसे शांत करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री ने पीड़ित के पैर धोए थे। लोग खुद को ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र कहते हैं। डेढ़ सदी के भीतर इन चीजों पर लगाम नहीं लगाई जा सकी। ऐसे में जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, उनका अस्तित्व आपस में लड़कर खतरे में पड़ जाएगा।

कोर्ट ने कहा कि पीड़ित समुदाय के लोगों में आक्रोश के कारण, यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो हालात हिंसा की ओर जा सकते हैं जहाँ पुलिस की कार्रवाई अप्रभावी हो जाएगी और सार्वजनिक व्यवस्था भंग हो सकती है। दमोह पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिया जाता है कि वे उन सभी व्यक्तियों के खिलाफ तुरंत राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एफआईआर के अलावा) के तहत कार्रवाई करें, जिनकी पहचान सुनिश्चित की जा सकती है।

**हाईकोर्ट ने पूछा, आज पेश करने के निर्देश**

## हवाला लूटकांड के शिकायतकर्ता को बिना रिमांड पुलिस कस्टडी में क्यों रखा गया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश प्रदेश हाईकोर्ट ने सिवनी पुलिस से पूछा है कि हवाला लूटकांड के शिकायतकर्ता को बिना रिमांड पुलिस कस्टडी में क्यों रखा गया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सिवनी पुलिस को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को 15 अक्टूबर को पेश करें। जालना निवासी गंगाबाई परमार की ओर से बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर आरोप लगाया गया कि उसके पति सोहनलाल परमार को पुलिस ने कई दिनों से बंदी बनाकर रखा है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता श्रेयस दुबे ने दलील दी कि सोहनलाल की शिकायत पर ही मामला उजागर हुआ था। पुलिस ने उसे 10 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था और 12 तारीख को छोड़ दिया था। छूटने के बाद वह अपने घर जालना चला गया। उसी रात जालना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पुनः सिवनी पुलिस को सौंप दिया। तब से वह पुलिस हिरासत में है। दलील दी गई कि इस मामले में ट्रांजिट रिमांड नहीं ली गई और न ही उसे मेजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। वहीं शासन की ओर से दलील दी गई कि गवाही के लिए उसे रोका गया था। यह भी कहा गया कि सोहनलाल को जमानत पर छोड़ दिया गया है।

### किसानों की दोगुनी आय के साथ पर्यावरण संरक्षण में मिलेगी सहायता : तोमर

# पीएम-कुसुम योजना के हितग्राहियों में पीपीए वितरण कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं नवीन व नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने मंगलवार को एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के भोपाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के घटक 'ए' के अंतर्गत योजना के द्वितीय चरण में 500 मेगावाट क्षमता हेतु निष्पादित पावर परचेस एग्रीमेंट (पीपीए) को हितग्राहियों में वितरित करने का कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षतिज सिंघल, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक अमनवीर सिंह बैंस, पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक कॉमर्शियल गैर पारम्परिक श्री राकेश ठुकराल, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक गुरदीप सिंह खनूजा, महाप्रबंधक रजनीश रेजा सहित अन्य वरिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

समयबद्ध व शीघ्र निष्पादन के लिए पीएमसी की सराहना-ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने द्वितीय चरण में 500 मेगावाट क्षमता के पीपीए का समयबद्ध व शीघ्रतापूर्वक निष्पादन करने के लिए पावर मैनेजमेंट कंपनी की सराहना की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पीएम-कुसुम योजना से किसानों की आयु दोगुनी होगी और वहीं पर्यावरण के संरक्षण में सहायता मिलेगी। श्री तोमर ने कहा कि इस योजना की नियमित मॉनीटरिंग की जाए और किसानों की योजना संबंधी कठिनाईयों का निराकरण करने के हर संभव प्रयास किए जाएं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### दूध, खोवा, लड्डू और पेड़ा के लिये गये नमूने

# खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने गरूड़ दलों ने की नौ मिठाई दुकानों की जांच

## दूषित वनस्पति घी और मिल्क केक का कराया विनिष्टीकरण

हरिभूमि, जबलपुर।

खाद्य पदार्थो में मिलावट रोकने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को भी गरुड़ दलों की मिठाई दुकानों की जांच की कार्यवाही जारी रही। मंगलवार को गरुड़ दलों द्वारा नौ खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा खोवा, मिठाई एवं नमकीन के सेंपल लेकर मौके पर ही परीक्षण किया गया और दूषित पाई गई मिठाई एवं खाद्य सामग्री के विनिष्टिकरण की कार्यवाही भी की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र दुबे ने बताया कि मंगलवार को गरुड़ दलों की कार्यवाही में मढ़ाताल स्थित गुलमोहर स्वीट्स से खोवा, पेड़ा और बेसन के लड्डू, दमोहनाका स्थित श्री राधाकृष्ण स्वीट्स से मिल्क केक और खोवा, रामपुर स्थित राजस्थान स्वीट्स से मलाई पेड़ा एवं गुजराती स्वीट्स से नमकीन और खोवा, सिविल लाइन स्थित महावीर स्वीट्स से काजू कतली एवं गुजराती



नमकीन से खोवा, गढ़ा स्थित बड़कुल केक्स से खोवा और पनीर एवं हीरा स्वीट्स से दूध और पेड़ा तथा कोतवाली स्थित बीकानेर मिठाई महल से खोवा, पेडा, बूंदी के लड्डू, पतीशा और वनस्पति घी के नमूने लिये गये।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान मौके पर किये गये परीक्षण में दूषित पाये जाने पर बीकानेर मिठाई महल से लगभग 10 किलोग्राम वनस्पति घी तथा स्टार्च युक्त पाये जाने पर श्री राधा कृष्ण स्वीट्स से 20 किलोग्राम मिल्क केक जप्त कर नगर निगम के माध्यम से विनिष्ट कराया गया।

ज्ञात हो कि मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थों का विक्रय रोकने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान में खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं निर्माण स्थलों के निरीक्षण के दौरान गरुड़ दलों में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मौके पर ही खोवा, पनीर जैसे दुग्ध उत्पादों में स्टार्च, यूरिया, डिटर्जेंट एवं वनस्पति घी का रासायनिक परीक्षण किया जा रहा है तथा अपमिश्रण पाये जाने पर सम्पूर्ण मात्रा को जप्त कर विनिष्टिकरण की कार्यवाही भी की जा रही है।



# बहुचर्चित धान घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार व अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर बहुचर्चित धान घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई है। प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब मांगा। कोर्ट ने मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन व अन्य को नोटिस भी जारी किए हैं।नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पीजी नाजपांडे व डॉ डीआर लखेरा की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि जबलपुर में अरबों रुपए का धान घोटाला हुआ है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने तर्क दिया कि इस मामले में राज्य सरकार को उच्च स्तरीय जांच कराना चाहिए। जबलपुर में स्कूटर, ऑटो जैसे वाहनों में परिवहन दिखाकर करीब 34 करोड़ का घोटाला हुआ था। यह मांग भी की गई कि जबलपुर जैसी जांच सभी जिलों में करवाई जाए। मामले पर अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी।

# चाय-पानी से सत्कार के साथ की जनसुनवाई



**निगमायुक्त के निर्देशों का असर**

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर की जनसुनवाई में मंगलवार को एकदम से नजारा बदला बदला सा दिखाई दिया। सुशासन और पारदर्शिता के बीच लोगों की समस्याएं सुनी गई। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की पहल पर मुख्यालय सहित सभी संभागीय कार्यालय में नागरिकों की जनसुनवाई सत्कार के साथ हुई और उनकी समस्याओं का संतुष्टि पूर्वक मौके पर ही निराकरण कराया गया। लिहाजा आवेदकों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान से दिखाई दे रहा था। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशों के अनुरूप आवेदकों को बिठाकर चाय पानी से सत्कार कर उनकी सुनवाई की गई। इस संबंध में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आगे भी इसी प्रकार नागरिकों के प्रति पारदर्शिता रखने और समस्याओं का समाधान करने सभी संबंधितों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर आयुक्त अरविंद शाह, सहायक आयुक्त वेद प्रकाश के साथ संभाग क्रमांक 1 से 16 तक के संभागीय अधिकारी ने सुनवाई की। सुनवाई के मौके पर सैकड़ो आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार संभाग क्रमांक 2 कछपुरा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एक हितग्राही द्वारा शिकायत दी गई कि उनके घर पर दो नल कनेक्शन है उसमें से एक को लॉक करना चाहते हैं जिसका आवेदन स्वीकार करते हुए। संबंधित कर्मचारीयो को निर्देशित किया गया।संभाग क्रमांक 6 के अंतर्गत पंडित गोविंद बल्लभ पंत वार्ड के पार्षद श्रीमती वर्षा मनोज सेन द्वारा अतिक्रमण के संबंध में शिकायत की। उक्त शिकायत का निराकरण त्वरित कराया गया। संभाग 08 में 3 डेथ प्रकरण प्राप्त हुये जिनके प्रमाण पत्र जारी किए गए और घर पर लिपिक ने आज ही पहुंचा दिया 10 प्रकरण पी एम स्वनिधि के प्राप्त हुआ जिन्हें आनलाइन दर्ज कर दिया। संभाग क्रमांक 10 के अंतर्गत जनसुनवाई के दौरान 10 शिकायत प्राप्त हुई जिसका निराकरण त्वरित संतुष्टि पूर्वक कराया गया। संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत जनसुनवाई के दौरान 7 शिकायत प्राप्त हुई जिसका निराकरण त्वरित संतुष्टि पूर्वक कराया गया।





# भीषण आग में किराना दुकान, गोदाम खाक

## कांचघर द्वारका नगर में अग्नि दुर्घटना, 15 लाख की क्षति

जबलपुर।

कांचघर द्वारका नगर में सोमवार की देर रात एक किराना दुकान और गोदाम में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना की सूचना मिली, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग लगने की वजह विद्युत शॉट सर्किट बताया जा रहा है। त्यौहार होने के कारण दुकान और गोदाम में अतिरिक्त माल का स्टॉक भी रखा गया था। इस हादसे में लगभग 15 लाख रुपए के नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही घमापुर पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची, दुकान में करंट भी फैल चुका था।

दुकान संचालक दिनेश लेखवानी ने बताया कि देर रात किसी ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनकी दुकान व गोदाम पर आग लग गई। वह आनन फानन में दुकान पहुंचे और फायर बिग्रेड को सूचना दी। इस दौरान फायर बिग्रेड के वाहन मौके पर पहुंचे और आग को बुझाया। दीपावली का त्योहार होने के कारण उन्होंने ड्राइफ्रूट, पोहा, मुरमुरा और अन्य सामान एक्स्ट्रा मंगाकर गोदाम में स्टॉक किया था। लेकिन इससे पहले कि त्योहार की ग्राहकी शुरु हो पाती, भीषण अग्नि हादसे में सब कुछ जलकर खाक हो गया।

### गोदाम में फैला करंट

बताया जा रहा है आग लगने के कारण पूरे गोदाम में करंट फैल गया था। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी जैसे ही गोदाम के अंदर घुसे तो उनमें से एक पुलिस कर्मी को करंट भी लगा, जिसके बाद सभी ने सतर्कता बरती और विद्युत अमले को बुलाकर विद्युत कनेक्शन कटवाया।

### फायर ब्रिगेड पर विलंब से पहुंचने का आरोप

दुकान संचालक के भाई ललित लेखवानी ने फायर ब्रिगेड पर विलंब से पहुंचने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि आग लगने के तुरंत बाद क्षेत्रीय व्यापारियों ने फायर ब्रिगेड कॉल किया था लेकिन अमले ने तत्परता नहीं दिखाई बल्कि एक घंटे के बाद पहुंचा तब तक पूरा माल जल खाक हो चुका था। उन्होंने कहा कि यदि अमला समय पर आता तो इतना नुकसान नहीं हो पाता।हादसा इतना भीषण था कि दुकान-गोदाम में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। दुकान संचालक के मुताबिक उसका करीब 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### दिवाली के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए की अतिरिक्त व्यवस्था

# सोगरिया-दानापुर-सोगरिया के मध्य चलेगी एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल ने दिवाली के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए सोगरिया-दानापुर-सोगरिया के मध्य एक-एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के सोगारिया से प्रस्थान कर बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की जानकारी है।

स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 09817 सोगारिया से दानापुर स्पेशल ट्रेन गुरुवार 16 अक्टूबर 2025 को एक्सप्रेस ट्रेन सोगारिया स्टेशन से रात्रि 23:10 बजे प्रस्थान कर, बारां 23:53 बजे, पहुंचकर अगले दिन सालपुरा मध्यरात्रि 00:28 बजे, छबड़ा गुगोर 00:48 बजे, रूठियाई 01:50 बजे, गुना 02:20 बजे, अशोक नगर 03:05 बजे, सागर 05:35 बजे, दमोह 06:45



बजे, कटनी 08:00 बजे, मैहर 09:40 बजे, सतना 11:00 बजे पहुँचकर और शुक्रवार को रात्रि 23:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09818 दानापुर से सोगारिया स्पेशल ट्रेन शनिवार 18 अक्टूबर 2025 को एक्सप्रेस ट्रेन दानापुर स्टेशन से मध्यरात्रि 01:15 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी सुबह 08:35 बजे, सतना दोपहर 12:55 बजे, मैहर 13:25 बजे, कटनी 14:30 बजे, दमोह 16:20 बजे, सागर 17:30 बजे, अशोक नगर रात 19:38 बजे, गुना 20:55 बजे, रूठियाई 21:48 बजे, छबड़ा गुगोर 22:18 बजे, सालपुरा 22:33 बजे, बारां 23:13 बजे पहुंचकर और रविवार को मध्यरात्रि 01:10 बजे सोगारिया स्टेशन पहुँचेगी।

कोच कम्पोजीशन- इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी श्रेणी, 05 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

स्टॉपेज- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

# कृषि सहकारी समिति सहायक प्रबंधक निकला करोड़पति

### ईओडब्ल्यू की छापेमारी में ढाई करोड़ से अधिक अनुपात संपत्ति उजागर

**जबलपुर।** ईओडब्ल्यू द्वारा कटनी के ग्राम बसाड़ी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित के सहायक प्रबंधक सुशील कुमार गुप्ता कटनी के निवास स्थान ग्राम बसाड़ी, ग्राम बनहेरी स्थित आटा मिल/ऑईल मिल/चक्की तथा फार्म हाउस में छापा मार कार्यवाही की गई। जिसमें करोड़ों रुपयों की बेनामी संपत्ति का सत्यापन होने के बाद ईओडब्ल्यू ने आरोपी के विरुद्ध धारा.13(1) (बी) 13(2) 1988 संशोधित 2018 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईओडब्ल्यू जबलपुर द्वारा आरोपी के निवास स्थान ग्राम बसाड़ी, ग्राम बनहेरी स्थित आटा मिल/धान मिल/ऑईल मिल/चक्की तथा फार्म हाउस में 3 टीमों ने सर्चिंग की कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी सुशील कुमार गुप्ता, सहायक प्रबंधक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बसाड़ी तहसील बड़वारा जिला कटनी एवं उसके परिजनों के नाम से जबुलपुर ग्राम बसाड़ी स्थित मकान में की . 11 लाख 18 हजार 830. रूपये, ग्राम बसाड़ी स्थित फार्म हाउस की . 29

# पति-पत्नी के झगड़े में गोली चली, पिता घायल



**सरकारी कुआं घमापुर में वारदात, आरोपी पुत्र गिरफ्तार**

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत सोमवार की देर रात सरकारी कुआं मरघटाई के पास पिता पुत्र के बीच हुए विवाद में छीनाझपटी के दौरान गोली चलने से पिता घायल हो गया, घायल को आगा चौक स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया है कि बेटे-बहू के मामूली घरेलू विवाद को शांत कराने की कोशिश कर रहे पिता गोली लगने से घायल हो गए. नगर निगम में पूर्व में बाउंसर के रूप में काम कर चुके बेटे ने गुस्से में आकर अपने पिता पर गोली चला दी थी, जिससे पिता के दोनों पैरों में गोली के छर्रे लगे। घमापुर पुलिस के मुताबिक सरकारी कुआं मरघटाई निवासी 60 वर्षीय जगदीश छीपर ने पुलिस को दिए गए बयान में कहा है कि उसका बेटा योगेश नगर निगम में बाउंसर का काम करता था, सोमवार की देर रात 10.30 बजे वह अपनी पत्नी के साथ विवाद कर रहा था. बेटे-बहू में हो रहे झगड़े को शांत कराने जगदीश ने प्रयास किया, इस दौरान गुस्से में आए पुत्र योगेश ने पिस्तौल से गोली चला दी। गोली चलने से उसके छर्रे पिता के पैरों में लगे।

जगदीश ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा गोरखपुर स्थित किसी सोने.चांदी की दुकान में काम कर रहा है।वह उसे फिर से नगर निगम में नौकरी करने को कह रहा था, जिसे लेकर विवाद बढ़ गया था. इस दौरान आवेश में आकर बेटे ने गोली चला दी थी. जगदीश की शिकायत पर आरोपी पुत्र योगेश छीपर को गिरफ्तार कर लिया। घमापुर पुलिस ने योगेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ ही अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस कप्तान के सख्त निर्देश -फरार अपराधी जल्द गिरफ्तार हों, दीपावली पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे

# जनता में विश्वास और बदमाशों में रहे खौफ

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने मंगलवार दोपहर पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में कहा कि पुलिस की कार्यवाही निष्पक्ष, त्वरित और प्रभावशाली होनी चाहिए, जिससे जनता में सुरक्षा का भाव और असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ बने। बैठक में एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एएसपी यातायात अंजना तिवारी सहित सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

### थानावार अपराधों की समीक्षा-

कप्तान उपाध्याय ने हत्या, लूट, झपटमारी, नकबजनी, धोखाधड़ी, एससी/एसटी एक्ट और महिला अपराधों की थानावार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन अपराधों में आरोपी फरार हैं, उन पर तत्काल ईनाम घोषित किया जाए और गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। बाहर जिलों में छिपे अपराधियों की तलाश के लिए टीम गठित करने



के भी निर्देश दिए गए।

### गुमशुदा, महिला संबंधी अपराधों पर जोर

कप्तान उपाध्याय ने गुमशुदा अवयस्क बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया। महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता बरतते हुए शीघ्र विवेचना पूर्ण कर चालान पेश करने और महिला शिकायतों का त्वरित निराकरण करने पर जोर दिया गया।

### सीएम हेल्पलाइन का करो निराकरण-

एसपी ने सीएम हेल्पलाइन, वरिष्ठ कार्यालयों व जनसुनवाई की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाने और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश दिए।

### दीपावली में रहे सजग-

दीपावली पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने



हेतु उन्होंने कहा कि बाजारों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी यातायात प्रबंधन किया जाए। पटाखों की दुकानों की सुरक्षा जांच में लापरवाही न हो, अवैध भंडारण पर सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाए।

### त्वरित और निष्पक्ष हो कार्रवाई-

कप्तान उपाध्याय ने कहा हर छोटी घटना पर भी त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए। हमारा उद्देश्य शांति और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पुलिस की मौजूदगी जनता के विश्वास और अपराधियों के भय का प्रतीक बने।

## सिहोरा में नवरात्र पर्व पर हुई बस दुर्घटना के आश्रितों ने की मांग

# दिवंगत के परिजनों को 10 लाख रुपए दिलवाए जाएं सीएम सहायता कोष से

**विगत दिनों में घटित बस हादसे मे दिवंगत सिपाही लाल विश्वकर्मा एवं श्रीमती रोली सोनी के आश्रित परिवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 10-10 लाख सहायता राशि प्रदान करने की मांग करते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिहोरा ने अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेन्द्र अहके को ज्ञापन सोपा।**

हरिभूमि सिहोरा।

ज्ञापन में कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाते हुए कहा की बस हादसे की घटना प्रशासनिक पुलिस लापरवाही के कारण घटित हई नगर मे प्रवेश द्वार मनसकरा नाका मझौली बायपास तिराहा तथा पुराना स्टेट बैंक चौराहा चैक प्वाइंट मे नो एंट्री बनाये रखने कोई पुलिस बल मौजूद नहीं था।

पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते एक यात्री बस नो एन्टी में प्रवेश कर गई और पुराना स्टेट बैंक के सामने दुर्गा पण्डाल के सामने श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। इस हदासे पर श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये ।हादसे में गभीर रूप से घायलों को इलाज के लिये मेडीकल अस्पताल भर्ती कराया गया। इनमे से सिपाही लाल विश्वकर्मा एवं श्रीमती रोली सोनी ने ईलाज के दौरान दम तोड दिया।दिवगंत सिपाही लाल विश्वकर्मा सिहोरा के पडोसी ग्राम राय सिमरिया ग्राम पंचायत गुनहरू का निवासी था। वह गरीबी रेखा की सूची में शामिल था तथा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था उसके नही रहने से परिवार वालों को के खाने के लाले पड जायेगें। यही हाल फनवानी निवासी श्रीमती रोली सोनी का है । बस हादसे के लिये दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये एवं मृतकों के दोनों परिवारों को अतिशीघ्र सहायता राशि प्रदान की जावे अन्यथा पार्टी आंदोलन, धरना प्रदर्शन करने को बाध्य हो जायेगी इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटैल,पार्षद राजेश चौबे,अमोल चौरसिया, बाबा कुरैशी,एम मंसूर, डब्बू पाठक आदि उपस्थित थे।

# महीना भर में नहीं सुधर पाया बरनू डेम का गेट व्यर्थ में पानी बहने से घट रहा जलस्तर



**सिहोरा।** एक तरफ जल को सहजने जल है तो जीवन है,जल संरक्षण एंव संवर्धन में लाखों रु खर्च किये जा रहे है बही सिहोरा तहसील के अंतर्गत गोसलपुर के निकट हिरन जल संसाधन विभाग के तहत बने बरनू डैम में खरीफ के सीजन मे धान की सिंचाई हेतु खोले गये स्लूस गेट मे खराबी के चलते वह बंद नही होने के कारण डेम का पानी व्यर्थ बह रहा है। सिंचाई हेतु नहरो में पानी पहुंचाने के लिए खोले गए इस स्लूस गेट में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण महीना भर से जल संसाधन विभाग के अफसर इस स्लूस गेट को नहीं सुधार पाए जिसके कारण व्यर्थ में लगातार नहर के माध्यम से बरनू डैम का पानी बह रहा है और व्यर्थ में बह रहा अतरिया, पौंडीकला, सिलुवा, घुटना, भदम, खजुरी, निंदौरा, भरदा, रानीताल, झांसी, टिकरिया, मढौद, नयागांव, मडई बरने सहित कई गांव के किसान आगामी रवि सीजन में बोई जाने वाली गेहूं की बोबनी को लेकर बेहद चिंतित नजर आ रहे हैं गेट बंद न होने के खेतों में पहुंच रहे पानी के कारण रवि के सीजन में बोई जाने वाली गेहूं की बोबनी किसान नहीं कर पाएंगे किसानों के खेतों में पानी भरा हुआ है अनेक जगहों पर खेतों में नमीबनी हुई है जिससे खेतो की जुताई करके बोबनी करना कठिन काम है हालांकि इस सबंध मे बीते 26 सितंबर को अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उप संभाग सिहोरा की एसडीओ दिव्या चौकसे के द्वारा एसडीओ लाईट मशीनरी एवं विघुत यांत्रिकी उप संभाग जबलपुर को पत्र जारी कर शीघ्र ही इस स्लूस गेट को सुधारने के निर्देश दिए गए थे परंतु विभाग द्वारा इस स्लूस गेट के सुधारने के लिए थोड़े बहुत प्रयास किए गए परंतु यह प्रयास विफल साबित हुए। किसान दिलीप पटेल, दिलीप साहू, देवीसिंह, प्रहलाद राय, अजीत मिश्रा विपिन, मिश्रा अनुराग पटेल, राहुल पटेल, दीपक बर्मन, राजाराम पटेल, भीम राय, टीकाराम सिंह, घुटना सरपंच के.के दुबे, राम किशोर दुबे, लखन बर्मन, शिव लाल कोल ने बताया की बरनू डैम के माध्यम से मध्य नहरो के जरिए बहुत बड़े भूभाग के रकवा में धान व गेहूं की फसल की सिंचाई होती है अगर इस गेट को तत्काल जल संसाधन विभाग द्वारा नहीं सुधारा गया तो किसानों को गेहूं की बोबनी में परेशानी उठानी पड़ेगी।



# सिहोरा का जिला बनवाने भूमि समाधि सत्याग्रह आन्दोलन की घोषणा

**सिहोरा।** सिहोरा को जिला बनाने के आंदोलन के क्रम में सिहोरा वासी एक बार फिर दीपावली पर खून के दीए जलाकर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद समिति के सदस्यों ने भूमि समाधि सत्याग्रह आंदोलन करने की भी घोषणा की है। यह निर्णय बाबाताल में हुई बैठक में लिया गया।

### भूमि समाधि सत्याग्रह 26 को

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने बताया कि 19 अक्टूबर को पुराने बस स्टैंड सिहोरा में खून के दिए जलाकर जिला की मांग को सरकार के समक्ष रखा जाएगा और 26 अक्टूबर को बाह नाला के बाजू में भू समाधि सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा।भूमि समाधि सत्याग्रह में सिहोरा वासी जमीन में गर्दन तक गडकर समाधि लेंगे।

### भूमि समाधि की होने लगी घोषणाएं

भूमि समाधि के एक अलग ही प्रकार के आंदोलन के लिए सिहोरा वासी उत्साह से आगे आ रहे है।इस समय सोशल मीडिया पर "मैं भी लूंगा भूमि समाधि"टाइटल लिखकर अनेक उत्साही युवा बुजुर्ग भूमि समाधि लेने की घोषणाएं कर रहे है।आने वाले कुछ दिनों में यह संख्या और बढ़ सकती है बैठक में अनेक लोग उपस्थित थे।

## किसान के घर का ताला तोड़कर जेवर पार

**जबलपुर।** गोसलपुर और गोराबाजार में चोरी की दो वारदाते सामने आई है। गोसलपुर के ग्राम पौड़ीकला में एक वृद्ध किसान के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी 4 हजार रुपए चोरी कर ले गया, वहीं गोराबाजार फेस 2 अनंततारा में एक वृद्ध के घर की चिटकनी तोड़कर अलमारी के लॉकर में रखे 80 हजार रुपए चोरी कर ले गए। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पौड़ीकला निवासी 72 वर्षीय किसान गनपतलाल विश्वकर्मा गत दोपहर लगभग 12 बजे अपने घर में ताला लगाकर अपनी पत्नी का उपचार कराने गोसलपुर गए थे जहां से लगभग 2.30 बजे घर वापस आया तो उसके होश उड़ गए, दरवाजे का ताला टूटा था अंदर रखी आलमारी को तोड़कर उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, चांदी की एक जोड़ी पायल, एक करधन, बिछिया तथा नगदी 4 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इसी तरह गोराबाजार में फेस 2 आनंतारा तिलहरी निवासी 62 वर्षीय कुलभूषण सिंह गत रात लगभग 10.30 बजे अपनी जया सिंह, बेटा आर्यन सिंह व बेटी जान्हवी के साथ खाना खाकर सो गए थे। उसकी पत्नी ऊपर वाले कमरे में सो रहे थे और बच्चे ऊपर दूसरे वाले कमरे में सो रहे थे।

## सिहोरा नगर का निकला विशाल पर संचलन

# धर्म की रक्षा के साथ मानव कल्याण ही संघ का उद्देश्य : आनंद अग्रहरि

**सिहोरा।** धर्म की रक्षा करने के साथ भारत माता को परम वैभव तक पहुचाना एंव मानव के कल्याण की भावना को लेकर ही सौ वर्ष पहले डॉक्टर हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी उक्ताशय के उदगार मुख्य बक्ता आनंद अग्रहरि विभाग प्रचारक जबलपुर ने अरुणाभ घोष स्टेडियम में सैकड़ों स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। मंच में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक,जिला संघ चालक अम्रत सिंह बालरे,नगर संघ चालक किशन साहू भी उपस्थित थे।





### भारत में रहने वाले सभी हिन्दू

मुख्य वक्ता ने आगे कहा संघ का यही मानना है कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज भारत के बारे में सोचे भारत में रहने वाले सभी हिन्दू है समाज को जागृत करने का कार्य संघ करता आ रहा है विदेश में कोई जाता है तो वहां हिन्दुस्तान के नाम से ही जाना जाता है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक ने कहा संघ का निर्माण सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण में सभी की भागीदारी तय करने के उद्देश्य से किया गया था। समाज के प्रति प्रतिबद्धता,स्वदेशी भावना, नागरिकता बोध, पर्यावरण संरक्षण, समाजिक समरसता के लिए भी संघ लगातार कार्य कर रहा है। संचालन नगर कार्यवाह बालमुकुंद पटेल ने किया।

### इन मार्गों से निकला पथ संचलन

संघ के शताब्दी वर्ष पर सिहोरा नगर का विशाल पथ संचलन अरुणाभ घोष स्टेडियम से प्रारम्भ होकर गौरी तिराहा, पुराना बस स्टैंड, बाबाताल हरदौल मंदिर, मैना कुआं,सरावगी मोहल्ला, कालभैरव चौक, झंडा बाजार, आजाद चौक से होकर निकला जो शुभारंभ स्थल पर संपन्न हुआ।

### जगह जगह की गई पुष्प वर्षा

एक ही गणवेश एंव पंक्ति में चल रहे सैकड़ों स्वयंसेवको के ऊपर पर संचलन में गौरी तिराहा, पुराना बस स्टैंड, विधायक कार्यालय, सिविल कोर्ट के पास, बाबाताल, मैना कुआं, झंडा बाजार, आजाद चौक सहित सम्पूर्ण मार्ग में पहले से पंक्ति में बड़ी संख्या में मातृशक्ति सहित अनेक लोगों ने पुष्प वर्षा की । संचलन की खास बात यह थी की नगर की विभिन्न टोली के दर्जनों छोटे छोटे बच्चों ने गणवेश में रहकर इसमें हिस्सा लिया।

# खिस्तपंथी आश्रम दर्शनी में मनाया गया 83 वां स्थापना दिवस

**सिहोरा।** आम नागरिकों की सेवा के लिये बनाया गया खिस्तपंथी आश्रम विगत कई वर्षो से निरंतर सामाजिक सेवा के कार्य करता आ रहा है इसके 83 वें स्थापना दिवस पर दिल्ली, केरल, छत्तीसगढ़, उडीसा सहित देश अन्य चर्च से पहुँचे फॉदर ने गरीब असहाय वर्ग के बीच स्थापना दिवस मनाया गया आयोजन के मुख्य अतिथि पिपरिया आश्रम ग्राम पंचायत के सरपंच अजय कुमार साहू थे। अध्यक्षता कर रहे राइट रेव्हरेंड मैथ्यूस मार सेराफीम (विशप) ने प्रभु ईशू की प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया हुआ।





मैथ्यूस मार सेराफीम ने कहा कि क्रिस्चियन समाज हमेशा गरीब वर्ग की सेवा के लिए आगे रहता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।अतिथियों का स्वागत फॉदर शिबू जार्ज आचार्य,फॉदर एम.मैथ्यू द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक भी उपस्थित थे।

## भेड़ाघाट नौका विहार चालू, पर्यटक उठा सकेंगे संगमरमरी वादियों का नज़ारा

**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट के पंचवटी घाट में संगमरमर वादियों के बीच में नौका विहार किया जाता है लेकिन वर्षा काल में 15 जून से 15 अक्टूबर तक नौका बिहार बंद रहता है पर्यटकों की संख्या को देखते हुए 10 अक्टूबर को नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी द्वारा विधिवत मां नर्मदा का पूजन अर्चन करके पूजन पाठ कर नौका विहार का संचालन शुरू किया जिसमें नगर परिषद उपाध्यक्ष जगदीश दहिया , पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे समस्त पार्षद गण मुख्य नगर परिषद अधिकारी विक्रम झरिया लक्ष्मीनारायण दुबे संतोष पूरी शुभम एवं परिषद के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# संयुक्त किसान मोर्चा का जंगी प्रदर्शन आज

**सिहोरा।** शासन के तानाशाही रवैया के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर जंगी प्रदर्शन का आयोजन आज 15 अक्टुबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। भारतीय किसान युनियन के जिलाध्यक्ष एंड.रमेश पटैल ने बताया की पराली जलाने के संबंध में शाशन द्वारा जारी आदेश अव्यावहरिक है जिसको लेकर किसानों भारी आक्रोश व्याप्त है।प्रर्दशन के दौरान तहसील के अनेक ग्रामो से लगभग 400 से 500 ट्रेक्टर सहित भारी संख्या में किसान शामिल होगें। ट्रेक्टर रैली के लिऐ एकत्रीकरण पहरेवा से कृषि उपज मण्डी में किया जायेगा इसके बाद रैली खितौला बाजार से रेल्वे फाटक, खितौला बस स्टेंड,पेट्रोल पम्प, बाबाताल से हरदौल मंदिर, झंडा बाजार,कटरा मोहल्ला,मझोली बायपास से पुराना बस स्टेंड में जंगी प्रदर्शन के उपरान्त शाशन की किसान विरोधी नितियों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा जायेगा।

**निकालेंगे विशाल ट्रेक्टर रैली**



**श्रीमती त्रिवेणी कोरी-** कोरी मोहल्ला आज़ाद चौक गोरखपुर निवासी स्व. श्री रामा प्रसाद कोरी की पत्नि श्रीमती त्रिवेणी कोरी पत्नी का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मुक्ति धाम में किया गया।

**कु. हेमा बिरहा-** साइंस कॉलेज पचपेढ़ी रोड सिविल लाइन निवासी श्री दीपक बिरहा की पुत्री कु. हेमा बिरहा (11) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती परमजीत कौर सलूजा-** तिरूपति काम्पलेक्स गोरखपुर निवासी श्री शरण सिंह सलूजा की धर्मपत्नी श्रीमती परमजीत कौर सलूजा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**कु. प्राची मलिक-** सरकारी कुआं प्रेमसागर रोड निवासी श्री पवन मलिक की पुत्री कु. प्राची मलिक (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला बाई ठाकुर-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री मुरारी लाल ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला बाई ठाकुर (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ज्योति देवी पवार-** आइडियल ग्रीन भीमनगर निवासी श्री तुलसी राम पवार की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति देवी पवार (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामकेश बर्मन-** रतन नगर एकता परिसर निवासी श्री रामकेश बर्मन (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।





**श्रीमती गुलवी देवी-** चेतगंज मिर्जापुर (उप्र) निवासी श्री कल्लू राम की धर्मपत्नी श्रीमती गुलवी देवी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई मिश्रा-** संजय गांधी नगर सदर निवासी श्री वंश गोपाल मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई मिश्रा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बबीता जाटव-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री एमएल जाटव की धर्मपत्नी श्रीमती बबीता जाटव (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन झारिया-** शिवनगर गढ़ा निवासी श्री किशन झारिया (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री भगवान दास मट्टू-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री भगवान दास मट्टू (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ज्ञान बाई-** जगदम्बा नगर महाराजपुर निवासी श्री मुरली दास की धर्मपत्नी श्रीमती ज्ञान बाई (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मालती यादव-** एफ 60, एमपीईबी क्वाटर्स रामपुर निवासी श्री जोतराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती मालती जाटव (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 5x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 5x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x3 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100



## जनेकृविवि में डेटा को सोने की तरह इस्तेमाल कर स्टार्टअप में नवाचार करने हुई कार्यशाला

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में "स्टार्टअप के लिये डेटा को सोने की तरह इस्तेमाल करके नवाचार को बढ़ावा देने" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. सतेन्द्र कुमार नायक (अपर निजी सचिव, भारत सरकार) एवं आशीष शर्मा (बिजनेस हेड, पे फाइनेंस) ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि डॉ. धीरेन्द्र खरे (अधिष्ठाता, कृषि संकाय) ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। डॉ. नायक ने छात्रों को स्टार्टअप्स में अवसर तलाशने और समयबद्ध कार्य की महत्ता बताई, वहीं श्री शर्मा ने डेटा को "नया गोल्ड" बताते हुए नवाचार को बल देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित झा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनीता बब्बर (अधिष्ठाता) ने किया। इस अवसर पर डॉ. बी.के. दीक्षित, डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी, डॉ. नम्रता जैन, डॉ. एस.बी. अग्रवाल, डॉ. अनुभा उपाध्याय, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. सीमा नवेरिया, डॉ. बी.एस. द्विवेदी, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. आर.पी. साहू सहित अनेक प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं छात्र उपस्थित रहे।



## मेडीकल सुरक्षा सुपरवाईजर की सड़क दुर्घटना में मौत

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत बीती रात जलपरी रामपुर के समीप मोटरसायकिल से घर लौट रहे मेडीकल के सिक्योरिटी सुपरवाईजर व्यंकटेश गिरी गोस्वामी को तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना में घायल कर्मी को एंबुलेंस से मेडीकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# घुघरा में जंगली सुअर का शिकार, आरोपी गिरफ्तार

**सिहोरा।** वन परिक्षेत्र सिहोरा अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र हरगढ़ के ग्राम घुघरा में जंगली सुअर के शिकार की सुचना पर हरकत में आये वन विभाग के अमले ने आई एफ एस रेंजर अकाश पुरी गोस्वामी के मार्ग दर्शन बड़ी कार्यवाही करते हुए न केवल जेसीबी से गड्ढा खोदकर शिकार किये गये दो वन्य प्राणी के अवशेष बरामद कर लिए बल्कि आरोपीयों को गिरफ्तार भी कर लिया।

### क्या है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखविर से वन्य प्राणी के शिकार की सुचना प्राप्त होने पर वन विभाग के अमले ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ओद्योगिक क्षेत्र स्थित निर्सग इस्पात प्राईवेट लिमटेड परिसर की सुक्ष्मता से जांच करते हुए सदिंग्ध स्थल की जेसीबी से खुदाई कराकर दो सुअर के अवशेष बरामद कर मैनेजर से पुछताछ की।कढ़ाई से पुछताछ करने पर मैनेजर अनुराग द्विवेदी ने बताया की ब्रजेश विश्वकर्मा पिता गोवर्धन विश्वकर्मा जेसीबी ड्राइवर एंव मोहित पिता सुभाष दाहिया द्वारा 8 अक्टुबर को मृत वन्य प्राणी को दफ़नाने की जानकारी दी।

### इनका कहना है

वन्य प्राणी का शिकार कर अवशेष दफन करने की सुचना पर अबशेष बरामद कर मैनेजर सहित दो लोगो को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्ययालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**एम एल बरकड़े**
एसडीओ वन परिक्षेत्र सिहोरा

# त्योहारी मांग से सोना 1.3 लाख रुपए के नए उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

'धनतेरस' से पहले खुदरा विक्रेताओं और आभूषण विक्रेताओं की भारी त्योहारी खरीदारी के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 2,850 रुपये मजबूत होकर पहली बार 1.3 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गईं।

■ चांदी 6,000 रुपए उछलकर 1.85 लाख रुपए के पार

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,850 रुपये बढ़कर 1,30,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछली सत्र में यह 1,27,950 रुपये पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,850 रुपये बढ़कर 1,30,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,27,350 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 6,000 रुपये के उछाल के साथ 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो लगातार पांचवें दिन की बढ़त है। पिछले बाजार सत्र में यह 1,79,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। व्यापारियों ने सर्राफा कीमतों में तेज वृद्धि का श्रेय त्योहारी और शादी-ब्याह के मौसम से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की निरंतर मांग और साथ ही मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपये में आई कमजोरी को भी दिया।



## वैश्विक बाजार में चांदी नीचे आई

हाजिर चांदी भी 53.54 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद नीचे आई और 1.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51.36 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन आई गिरावट

**एजेंसी : मुंबई ।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 297 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 82 अंक का नुकसान रहा। एशिया तथा यूरोप के बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच घरेलू बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती लाभ को बरकरार नहीं रख पाया और अंत में 297.07 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,029.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 545.43 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 23 नुकसान में जबकि सात लाभ में रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 81.85 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,145.50 अंक पर बंद हुआ।

**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी उत्पादन वनमण्डल मण्डला**
Ph. /Fax No-07642-252449 E-mail-dfowpmand@mp.gov.in

क्रमांक/3338 **" निविदा सूचना "** दिनांक : 13/10/25

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक / भण्डार / 2025 / 3218 मण्डला, दिनांक 22.09.2025 से उत्पादन वनमण्डल मण्डला अंतर्गत वनमण्डल अधिकारी उत्पादन मण्डला कार्यालय भवन के निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा क्रमांक 2025_MPFD_453636_1 माध्यम से निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसमें एक ही निविदाकार द्वारा भाग लेने के फलस्वरूप पुनः निविदा संबंधी दिनांकों में संशोधन किया जाता है :-

I- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 13.10.2025 समय 11.00 बजे पूर्वान्ह से आगे बढ़ाकर दिनांक 22.10 2025 समय 11.00 बजे तक की जाती है।
II- प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि- 24.10.2025 समय 11.00 बजे पूर्वान्ह।
III- प्राप्त वित्तीय प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि - 27.10.2025 समय 12.00 बजे अपरान्ह ।

कार्यालय भवन का लेआऊट भी इस सूचना के साथ अपलोड किया जा रहा है। जिसके तहत निविदाकार को निर्माण कार्य करना होगा।

वनमण्डल अधिकारी
G-20032/25 "स्वच्छता ही सेवा" उत्पादन वनमण्डल मण्डला

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल जिला - शहडोल 484001 (म. प्र.)**
PHONE -07652-240304, FAX-07652-240304 EMAIL-dfosshahdol@mpforest.org, dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांक/एन.आई.टी./ई-टेण्डर/2025/2864 **ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना** शहडोल,दिनॉक 06.10.2025

वन मण्डल दक्षिण अंतर्गत वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा की दृष्टि से गश्ती करने एवं शासकीय कार्यो के सम्पादन हेतु आवागमन के उपयोग हेतु वर्ष 2025 - 26 की शेष अवधि हेतु (माह अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक की अवधि के लिए ) 06 बोलेरो वाहनों को किराये पर लगाने हेतु ई-टेन्डरिंग पद्धति से ऑनलाईन पोर्टल https/mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका निविदा क्रमांक 2025_MPFD_456211_1 है ।निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य समयावधि | परिक्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. वनमण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत (वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा की दृष्टि से गश्ती करने एवं शासकीय कार्यो के सम्पादन हेतु आवागमन के उपयोग) के लिए अवधि ( माह अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक की अवधि के लिए) हेतु 06 बोलेरो वाहन<br>2. वाहन प्रतिमाह न्यूनतम 2500 कि.मी. प्रतिमाह ईधन सहित के लिये होगी<br>3. वाहन BSIV मॉडल का होना अनिवार्य है । | 50,000.00 (पचास हजार रुपए 06 वाहनो हेतु) | 1000/- (एक हजार रुपए) | (माह अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक की अवधि के लिए) | वाहनो को परिक्षेत्र शहडोल, गोहपारू, खन्नौधी, बुढ़ार, जैतपुर एवं केशवाही में किराये पर लगाया जाना है। |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 08/10/2025 Time 11:00 AM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https/mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 08/10/2025 Time 11:00 AM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date .................. Time ......... AM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 08/10/2025 Time 11:00 AM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 22/10/2025 Time 11:30 AM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 23/10/2025 Time 01:00 PM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है ।

वनमण्डलाधिकारी
G-20045/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" वनमण्डल दक्षिण शहडोल

# जस्ट डायल का मुनाफा घटकर हुआ 119 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** स्वदेशी खोज मंच जस्ट डायल लिमिटेड ने बताया कि सितंबर 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 22.47 प्रतिशत घटकर 119.44 करोड़ रुपये रह गया। जस्ट डायल ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 154.07 करोड़ रुपये था। कंपनी अब मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली आरआईएल की खुदरा शाखा रिलायंस रिटेल वेंचर्स का हिस्सा है। जस्ट डायल का शुद्ध परिचालन राजस्व सितंबर तिमाही में 6.4 प्रतिशत बढ़कर 303.07 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 284.83 करोड़ रुपये था। सितंबर तिमाही में जस्ट डायल का कुल खर्च 5.75 प्रतिशत बढ़कर 229.36 करोड़ रुपये हो रहा।

# मारुति ने पिछले चार सप्ताह में रिकॉर्ड चार लाख बुकिंग की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुरुआती स्तर की कारों की मजबूत मांग से उत्साहित मारुति सुजुकी को पिछले चार सप्ताह में चार लाख से अधिक बुकिंग मिलीं और रिकॉर्ड 2.5 लाख इकाई की खुदरा बिक्री हुई। इसके साथ ही देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी के लिए यह अब तक का सबसे अच्छा त्योहारी सत्र बन गया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सितंबर में 22 तारीख से प्रभावी हुई जीएसटी दरों में कटौती से कीमतों में कमी हुई, जिससे पिछले एक महीने में कुल बिक्री में कंपनी की शुरुआती स्तर की कारों की हिस्सेदारी भी बढ़ी है।

■ कारों की मजबूत मांग से मारुति उत्साहित

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, ''हमें पिछले चार सप्ताह में चार लाख से अधिक बुकिंग मिली हैं। यानी हर हफ्ते एक लाख बुकिंग, जो हमारे लिए अब तक सबसे अधिक है।'' उन्होंने कहा कि कंपनी ने समीक्षाधीन अवधि में 2.5 लाख कारें बेची हैं। बनर्जी ने बताया कि कंपनी को पिछले एक महीने में ऑल्टो, सेलेरियो, वैगनआर और एस-प्रेसो जैसी शुरुआती स्तर की कारों के लिए 80,000 से ज्यादा बुकिंग मिली हैं। गौरतलब है कि इस खंड में पिछले कुछ वर्षों से गिरावट का रुख था और ताजा आंकड़े पुनरुद्धार का संकेत हैं।




## छोटी कारों की मांग में वृद्धि

बनर्जी ने कहा, "जीएसटी 2.0 लागू होने से पहले, छोटी कारों की हमारी कुल बिक्री में हिस्सेदारी 16.7 प्रतिशत थी। जीएसटी युक्तिकरण और कीमतों में कटौती के बाद यह अब बढ़कर 21.5 प्रतिशत हो गई है।" उन्होंने बताया कि छोटी कारों की बढ़ती मांग के कारण पहली बार कार खरीदने वाले ज्यादा लोग शोरूम आ रहे हैं, जो उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव का संकेत है।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा 23 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 1,633 करोड़ रुपये हो गया। बैंक का पिछले वर्ष इसी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 1,327 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में उसने 7,128 करोड़ रुपये की ब्याज आय अर्जित की, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 6,017 करोड़ रुपये थी।

# तेजी से चेक क्लियर करने में बैंकों को हो रही समस्या

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बैंक कर्मचारियों के एक संगठन ने मंगलवार को दावा किया कि चार अक्टूबर से शुरू की गई तेजी से चेक 'क्लियर' करने की व्यवस्था 'बड़ी चुनौतियों' का कारण बन रही है। इस नई व्यवस्था के तहत चेक जमा के दिन ही पैसा संबंधित व्यक्ति के खाते में आ जाता है। महाराष्ट्र स्टेट बैंक एम्प्लॉइज फेडरेशन ने मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा को लिखे पत्र में कहा कि सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याओं और कर्मचारियों के पर्याप्त प्रशिक्षण की कमी के कारण काम के घंटे बढ़ रहे हैं और ग्राहक सेवा प्रभावित हो रही है।भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भी इन समस्याओं को स्वीकार करते हुए कहा कि इसमें कुछ 'शुरुआती समस्याएं' हैं। एनपीसीआई को ही चेक का उसी दिन समाशोधन सुनिश्चित करने वाली तस्वीर-आधारित प्रणाली चलाने का काम सौंपा गया है।

■ कर्मचारी संगठन ने कहा, चार अक्टूबर से जारी व्यवस्था चुनौती बनी

केंद्रीय बैंक ने चार अक्टूबर से नई प्रणाली शुरू की है। यह नई व्यवस्था 'बैच' में प्रसंस्करण की प्रणाली की जगह ली है। इसके तहत चेक क्लियर होने में दो दिन तक का समय लगता था। नई प्रणाली के तहत, बैंकों को जमा किए गए चेक की स्कैन की हुई तस्वीर समाशोधन निगम को भेजने के लिए कहा जाता है। वह उस तस्वीर को अदाकर्ता बैंक को भेज देता है ताकि राशि निर्धारित खाते में तुरंत जमा हो सके। कर्मचारी संगठन ने आरबीआई की पहल की सराहना करते हुए कुछ चिंताएं जतायी हैं।



## सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याएं बढ़ी

पत्र में कहा गया है कि कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याओं और अपर्याप्त प्रशिक्षण से जूझना पड़ रहा है, जिसके कारण काम के घंटे बढ़ रहे हैं और छुट्टी के दिन भी काम करना पड़ रहा है। कर्मचारी संगठन के अनुसार, ''इससे ग्राहक सेवा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है...।''

**क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी. / ई-टेंडरिंग / 406 / 1572**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल**
ई मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन - 0755-2553402 फैक्स - 0755-2552406

**निविदा आमंत्रण सूचना**
निविदा सूचना क्रमांक- 617/2715001/ई.डी.पी./2021-22/ प्र.अ./ई-टेंडरिंग
भोपाल, दिनांक 09/10 /2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है । निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 31-10-2025 को 17 :30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है । निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है ।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_WRD_ 428971 | सगड़ मध्यम परियोजना के रेडियल गेट्स की रबर सील एवं रोलर असेंबली सप्लाई का कार्य। | भोपाल | 7.10 |
| 2 | 2025_WRD_ 428973 | के.सी.एस. दूधी मध्यम परियोजना के 09 नग रेडियल गेट्स के रबर रोप बदलने का कार्य । | भोपाल | 1.74 |
| 3 | 2025_WRD_ 428974 | के.सी.एस. दूधी मध्यम परियोजना के 09 नग रेडियल गेट्स के वायर रोप बदलने का कार्य । | भोपाल | 3.18 |
| 4 | 2025_WRD_ 428976 | केरवा बाँध, भोपाल का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य । | भोपाल | 3.54 |
| 5 | 2025_WRD_ 428977 | कोलार परियोजना के आर. डी. 23910 रालाह आर. बी.एम.सी. पर एच. आर. गेट का सुधार कार्य । | भोपाल | 3.30 |
| 6 | 2025_WRD_ 428979 | ब्रघरू बाँध के एल. बी. एम. सी. एवं आर.बी.एम.सी. केनाल स्लूस गेट्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य । | भोपाल | 4.23 |
| 7 | 2025_WRD_ 428980 | खेतान बांध के सी. आर. एवं एच. आर. नहर गेट का मरम्मत कार्य। | भोपाल | 4.08 |
| 8 | 2025_WRD_ 428981 | कोंचा बांध के 11 नग कैनाल स्लूस गेट्स (आर. डी. मीटर 0 एल से 10116 तक) का सुधार एवं मरम्मत कार्य । | भोपाल | 7.99 |
| 9 | 2025_WRD_ 428983 | मोगा, नाग्सिरी, कलवारी, ऊंचाखेड़ा, कुकरा, बरखंड़ा, मनकापुरा, सालाबर्स एवं सेमराखास माइनर टैंक्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 7.91 |
| 10 | 2025_WRD_ 428988 | संभाग राजगढ़ के 108 नग माइनर टेंक के कुल 98 नग स्लूस गेट्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य । | भोपाल | 6.97 |
| 11 | 2025_WRD_ 430871 | बसई वितरिका की लहरों और बसई माइनर की सर्विस रोड एवं सब माइनरों का मरम्मत कार्य। | शिवपुरी | 15.26 |
| 12 | 2025_WRD_ 430872 | राजघाट बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 48000 मी से 83670 मी. के मध्य वितरिकाओं, सर्विस रोड, माइनरों एवं सब माइनरों का मरम्मत कार्य। | शिवपुरी | 11.86 |
| 13 | 2025_WRD_ 430873 | राजघाट बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 0मी से 48000 मी. के मध्य वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | शिवपुरी | 14.05 |
| 14 | 2025_WRD_ 440532 | केन-बेतवा लिंक परियोजना संभाग क्रमांक 1 पवई के निर्मित आवासीय / कार्यालयीन भवन की मरम्मत एवं अन्य कार्य। | पन्ना | 10.36 |
| 15 | 2025_WRD_ 443790 | तिरमऊ बैराज लघु सिंचाई योजना के एम. एस. शटर निकालने एवं लगाने का कार्य। | बैतुल | 1.11 |
| 16 | 2025_WRD_ 443791 | कोंढरखापा बैराज लघु सिंचाई योजना के एम. एस. शटर निकालने एवं लगाने का कार्य। | बैतुल | 0.76 |
| 17 | 2025_WRD_ 443792 | नागढ़ाना स्टोरेज जलाशय का सर्वेक्षण कार्य । | बैतुल | 1.73 |
| 18 | 2025_WRD_ 443796 | भूयारीघाट बैराज लघु जलाशय का सर्वेक्षण कार्य । | बैतुल | 0.42 |
| 19 | 2025_WRD_ 443799 | खोदरीढ़ाना स्टोरेज जलाशय का सर्वेक्षण कार्य। | बैतुल | 0.69 |
| 20 | 2025_WRD_ 443801 | बिछुआ स्टोरेज जलाशय का सर्वेक्षण कार्य ! | बैतुल | 1.07 |
| 21 | 2025_WRD_ 445096 | मकड़ाई अनुविभाग अंतर्गत नहरों की देखरेख हेतु मजदूरों का प्रदाय। | नर्मदापुरम | 2.11 |
| 22 | 2025_WRD_ 445097 | मिसरोद अनुविभाग अंतर्गत नहरों की देखरेख हेतु मजदूरों का प्रदाय। | नर्मदापुरम | 2.35 |
| 23 | 2025_WRD_ 445098 | भिलाड़िया अनुविभाग अंतर्गत मुख्य नहर (03 सी. आर. एवं 02 एच. (आर.) भिलाड़िया उपनहर चैन क्र. 247 एवं 334 की सी. आर. एवं नहरों की देखरेख हेतु मजदूरों का प्रदाय। | नर्मदापुरम | 3.75 |
| 24 | 2025_WRD_ 446078 | वि./यां. एफ.ओ.एम. उपसंभाग भोपाल एवंम उज्जैन के उपयोग हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना । | भोपाल | 3.42 |
| 25 | 2025_WRD_ 446135 | मुरैना शाखा नहर के कि.मी. 0 से 36.08 तक एवं इसकी 1 एल एवं 17 एल शाखाओं तथा 21 एल वितरिका एवं 20 एल/21 एल नहर की सफाई का कार्य। | मुरैना | 13.01 |
| 26 | 2025_WRD_ 448695 | वि.यां./आर. डब्ल्यू.एस. उपसंभाग बालाघाट हेतु उपयोगिता वाहन किराये पर लेना । | बालाघाट | 3.35 |
| 27 | 2025_WRD_ 448743 | वि.यां./आर. डब्ल्यू.एस. उपसंभाग छिन्दवाडा हेतु उपयोगिता वाहन किराये पर लेना । | बालाघाट | 3.35 |
| 28 | 2025_WRD_ 448999 | लाईट मशीनरी एवं वि/यां उपसंभाग दतिया हेतु 6 माह के लिये मैनपावर उपलब्ध कराना। | दतिया | 3.22 |
| 29 | 2025_WRD_ 449039 | कावली नियंत्रण कक्ष एवं रेवा बैराज के निगरानी एवं संचालन हेतु अकुशल श्रमिक का प्रदाय। | मंदसौर | 11.18 |
| 30 | 2025_WRD_ 449040 | भानपुरा नहर परियोजना के बाई तट नहर निगरानी एवं संचालन हेतु अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक का प्रदाय। | मंदसौर | 16.19 |
| 31 | 2025_WRD_ 449133 | हालोन जलाशय की बांयी तट नहर एवं दांयी तट नहर की बैंक रेसिंग, फिक्सिंग, लाईनिंग एवं मरम्मत कार्य । | सिवनी | 8.39 |
| 32 | 2025_WRD_ 449162 | लाईट मशीनरी एवं वि./यां. संभाग नर्मदापुरम हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना । | नर्मदापुरम | 3.42 |
| 33 | 2025_WRD_ 450273 | वि./यां. एफ.ओ.एम. उपसंभाग उज्जैन/धार हेतु उपयोगिता वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.35 |
| 34 | 2025_WRD_ 450806 | वि./यां. भारी मशीनरी उपसंभाग भोपाल हेतु उपयोगिता वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.35 |
| 35 | 2025_WRD_ 450893 | बारना विस्तारीकरण परियोजना की नहरो की साफ-सफाई, मरम्मत, रख-रखाव एवं संचालन के कार्य । | रायसेन | 16.80 |
| 36 | 2025_WRD_ 451013 | देवास स्थित संभाग, उपसंभाग एवं नवीन कार्यालय भवन, ब्राहम्ण खेडा के देखरेख एवं साफ सफाई का कार्य ! | देवास | 7.38 |
| 37 | 2025_WRD_ 451086 | सीवनपाट जलाशय के गाईडवाल में वेस्टवियर का निर्माण कार्य ! | बैतुल | 13.89 |
| 38 | 2025_WRD_ 451125 | उपसंभाग सुल्तानपुर के 14 नग माइनर टेंक गेट्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 3.86 |
| 39 | 2025_WRD_ 451131 | कार्यालय मुख्य अभियंता, चम्बल बेतवा कछार, भोपाल एवं अधीक्षण यंत्री, जल संसाधन मंडल - भोपाल के एयर कंडीशनर्स व वाटर कूलर मशीन का सुधार एवं मरम्मत का कार्य । | भोपाल | 0.97 |
| 40 | 2025_WRD_ 451140 | संजय सागर बांध (मध्यम) के रेस्ट हाउस एवं कंण्ट्रोल रूम बिल्डिंग का आंतरिक विद्युतीकरण का कार्य । | भोपाल | 4.11 |
| 41 | 2025_WRD_ 451141 | के.सी.एस. दूधी बांध के केनाल गेट्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य । | भोपाल | 1.46 |
| 42 | 2025_WRD_ 451142 | ला.म.एवं विं./ यां. उपसंभाग, गुना हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना । | भोपाल | 3.42 |
| 43 | 2025_WRD_ 451146 | राजीव सागर बांध के केनाल गेट्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 1.25 |
| 44 | 2025_WRD_ 451425 | संभाग गुना के 09 नं. स्टाप डेम / बैराज के गेट लगाने एवं खोलने का कार्य । | गुना | 5.24 |
| 45 | 2025_WRD_ 451837 | आंवलिया मध्यम परियोजना की गैलरी में डीवाटरिंग हेतु 20 एचपी नॉन-क्लॉग सब-मर्सिबल पंप सेट (01 नग ) का प्रदाय एवं स्थापना का कार्य । | धार | 5.09 |
| 46 | 2025_WRD_ 452775 | संजय सरोवर परियोजना के उपसंभाग क्र. 04 केवलारी के टी. एल. बी.सी. के केनाल गेटों का मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 5.45 |
| 47 | 2025_WRD_ 452776 | संजय सरोवर परियोजना के उपसंभाग क्र. 03 केवलारी के टी. एल. बी.सी. के केनाल गेटों का मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 3.58 |
| 48 | 2025_WRD_ 452777 | बी.आर. बी. सी. मेन केनाल सी. एच. 49 से सी. एच. 1284 और टेल ब्रांच सी. एच. ० से सी. एच. 468 एवं डिस्ट्रीब्यूटरी, माइनर्स और सबमाइनर्स के गेटों का मरम्मत का कार्य। | नरसिंहपुर | 3.63 |
| 49 | 2025_WRD_ 452778 | बी. आर. बी. सी. टेल ब्रांच सी. एच. 468 से सी. एच. 984 और केवलारी डिस्ट्रीब्यूटरी और उनकी सबडिस्ट्रीब्यूटरी, माइनर्स और सबमाइनर्स के गेटों का मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 2.49 |
| 50 | 2025_WRD_ 452967 | संभागीय कार्यालय की बिल्डिंग एवं सिंचाई कालोनी का मरम्मत कार्य | बैतुल | 6.43 |
| 51 | 2025_WRD_ 452973 | चिखलपाटी, बाजारढाना, शिवसागर, उमरी, छतरपुर, मरकाढाना एवं बिसलदेही बैराज के गेट खोलना एवं बंद करने का कार्य । | बैतुल | 5.17 |
| 52 | 2025_WRD_ 452986 | मोखा जलाशय की नहर आर.डी. 1350 मी. निर्मित क्रांसड्रेन का साधारण मरम्मत कार्य। | बैतुल | 4.85 |
| 53 | 2025_WRD_ 452993 | कौडिया जलाशय का अबूटमेंट एवं वाल का साधारण मरम्मत कार्य । | बैतुल | 4.98 |
| 54 | 2025_WRD_ 453001 | कुंड जलाशय नहर की रिर्टनिंग वाल का साधारण मरम्मत कार्य । | बैतुल | 4.26 |
| 55 | 2025_WRD_ 453014 | चोरनीमोरनी जलाशय साधारण मरम्मत कार्य । | बैतुल | 1.24 |
| 56 | 2025_WRD_ 453203 | हरदोली लघु जलाशय के मुख्य नहर के चैन क्र. 0 से 44 तक एवं बालाघाट बोनकटटा वितरक नहर से चैन क्र. 09 से 75 तक नहर का सुदृढीकरण कार्य । | बालाघाट | 4.22 |
| 57 | 2025_WRD_ 453294 | ला.म. एवं वि. / यां. उपसंभाग कुडवा के स्टोर की अनुपयोगी सामग्री का विक्रय । | नरसिंहपुर | 14.06 |
| 58 | 2025_WRD_ 453295 | पेंच व्यपवर्तन बांध परियोजना चौरई के एल. बी. सी. नहर के बखारी शाखा एवं सिवनी शाखा के गेटों के मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 4.22 |
| 59 | 2025_WRD_ 453351 | आसन बैराज हेतु 6 चौकीदार का प्रदाय । | मुरैना | 10.64 |
| 60 | 2025_WRD_ 453794 | छूरी बैराज का सर्वेक्षण कार्य । | बैतुल | 0.50 |
| 61 | 2025_WRD_ 454008 | अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त तरपेड़ बांध की नहर का मरम्मत कार्य । | छतरपुर | 10.57 |
| 62 | 2025_WRD_ 454235 | वर्धा-2 मध्यम उद्वहन सिंचाई परियोजना का सर्वेक्षण कार्य । | बैतुल | 8.05 |
| 63 | 2025_WRD_ 454358 | मालनपुरा से कुम्हारिया तक रोड निर्माण हेतु वि./यां. पोलो की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य। | नर्मदापुरम | 1.34 |
| 64 | 2025_WRD_ 454411 | सम्राट अशोक सागर परियोजना की डी - 4 / एस.बी.सी. की एल.एस. एम. 3 की आर.डी. 50 मी. की व्ही. आर. बी. एवं आर. एस. - 15 की एल. एस. एम. 2 के हेडरेगुलेटर का सुधार एवं मरम्मत कार्य । | विदिशा | 9.20 |
| 65 | 2025_WRD_ 454414 | सम्राट अशोक सागर परियोजना की एस. बी. सी. की पीपलखेड़ा वितरिका की चैन क्र. 13 एवं 176 पर स्टील एक्वाडक्ट का सुधार एवं मरम्मत कार्य । | विदिशा | 10.08 |
| 66 | 2025_WRD_ 454461 | संजय सागर मध्यम परियोजना की आर. डी. 390 एम से आर.डी. 6050 एम केनाल गेट्स का सुधार एवं मरम्मत का कार्य । | भोपाल | 1.69 |
| 67 | 2025_WRD_ 454578 | वलनी एवं छिंदवाड जलाशय योजना की नहरों का जंगल सफाई, बैक उन्ययन, मलबा सफाई एवं मिटटी का कार्य । | बैतुल | 4.23 |
| 68 | 2025_WRD_ 454612 | बेनी सागर आर. बी. सी. डायवर्सन का मरम्मत कार्य । | छतरपुर | 5.58 |
| 69 | 2025_WRD_ 454613 | अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त सिंहपुर बांध की मुख्य नहर का मरम्मत कार्य । | छतरपुर | 4.25 |
| 70 | 2025_WRD_ 454683 | संभाग अशोकनगर के मध्यम एवं लघु सिंचाई संरचनाओं एवं तालाबों हेतु चौकीदार का प्रदाय । (द्वितीय आमंत्रण) | अशोक नगर | 10.15 |
| 71 | 2025_WRD_ 454726 | शासकीय वाहन क्र. एमपी 02 एव्ही 5507 महिंद्रा बोलेरों की मरम्मत कार्य। | रीवा | 0.76 |
| 72 | 2025_WRD_ 455421 | जरूआ मध्यम परियोजना के सर्वेक्षण का कार्य । | रायसेन | 7.59 |
| 73 | 2025_WRD_ 455490 | बण्डा सिंचाई परियोजना की सड़क एवं डूब क्षेत्र से प्रभावित 11 के. व्ही./ एल. टी. विद्युत लाईन के प्रतिस्थापन ( ग्राम रक्सी एवं हनौता ) का कार्य । | सागर | 18.84 |
| 74 | 2025_WRD_ 455492 | बण्डा सिंचाई परियोजना की सड़क एवं डूब क्षेत्र से प्रभावित 11 के. व्ही./ एल. टी. विद्युत लाईन के प्रतिस्थापन (ग्राम पिपरिया इल्याई व सेमरा अहीर) का कार्य । | सागर | 18.44 |
| | | | कुल योग | 437.35 |

G-20016/25 "स्वच्छता ही सेवा" मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

## चिंतन

# आम आदमी के पहुंच से बाहर जा रही पीली धातू

दुनियाभर की महिलाओं को सोना बहुत प्रिय है। भारतीय महिलाओं के लिए तो सोना एक धातु मात्र न होकर धन, प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब है। हालांकि नए चलन ने इसके विकल्प पेश किए हैं, फिर भी सोने का आकर्षण बरकरार है। सोना आकर्षण एक समृद्ध विरासत, निवेश मूल्य कऔर पीढ़ियों से दिलों को छूने वाली भावनाओं में गहराई से निहित है। सोने के आभूषण केवल सजावट से कहीं आगे जाते हैं। ये रीति-रिवाजों और मूल्यों का जीवंत प्रमाण हैं, जिन्होंने महिलाओं की पीढ़ियों को परिष्कृत किया है। सोने में चमकती हुई सतह के परे, सांस्कृतिक विरासतों से गहरा जुड़ाव, अतीत और वर्तमान के बीच एक ठोस कड़ी छिपी होती है। हर चमक और हर नाजुक विवरण में, सोने के आभूषण महिला की यात्रा का सार समेटे हुए होते हैं। सोने के आभूषण उपहार में देने और प्राप्त करने के पीछे एक भावनात्मक लगाव दिखाई देता है, जो स्थायी यादें और जुड़ाव बनाता है। यह भावनात्मक निवेश का भी प्रतीकात्मक पैमाना बन जाता है जहां प्रेम, उत्सव और महत्व की कहानियों का सार प्रत्येक आभूषण में अंकित होता है। प्रत्येक आभूषण प्रेम, उत्सव और गहन महत्व से भरी कहानियों का भार ढोने वाला बन जाता है, लेकिन अब सोना आम महिलाओं की पहुंच से दूर जा रहा है। सोने के दाम लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं। 14 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र के मौके पर सोने की कीमत सवा लाख के पार पहुंच गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,997 रुपये बढ़कर 1,26,152 रुपये हो गए हैं। इससे पहले सोमवार को ये 1,24,155 पर था। वहीं, चांदी की कीमत 2,775 बढ़कर 1,78,100 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। सोमवार को ये 1,75,325 रुपये पर थी। ऐसा माना जा रहा है कि देश में फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। केवल इसी साल पर ही नजर दौड़ाए तो सोने के दाम 49,990 रुपये बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,26,152 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 92,083 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो अब 1,78,100 रुपये प्रति किलो हो गई है। माना जाता है कि दिवाली-धनतेरस पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इसीलिए माना जा रहा है कि अगले कुछ दिन सोने के दाम नई छलांग लगाने वाले हैं। अब तक आई तेजी के पीछे का कारण यही है कि मिडिल ईस्ट में उथल-पुथल और ट्रेड वॉर की चिंताओं के कारण निवेशक सोना खरीद रहे हैं। अमेरिका की नीतियों को लेकर अनिश्चितता है। निवेशकों को लग रहा है कि ऐसे समय में शेयर बाजार में निवेश परेशानी का कारण बन सकता है। इसीलिए वे सुरक्षित निवेश कहे जाने वाले सोने पर पैसा लगा रहे हैं। उत्पादन कम और खरीदार ज्यादा होने के कारण ही सोने के दाम लगातार नई इबारत लिख रहे हैं। रही सही कसर दुनियाभर के बैंकों ने पूरी कर दी है। बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। ये भी एक कारण है कि केवल इसी साल में ही सोने के दाम 60 प्रतिशत के आसपास तक बढ़ चुके हैं। कारण जो भी हो, सच यही है कि सोना आम आदमी के पहुंच से बहुत दूर जा चुका है। अगर हालात यही रहे तो महिलाओं में भी इस पीली धातु के प्रति आकर्षण कम होना तय है।



जयंती विशेष
श्वेता गोयल

# मिसाइल मैन डा. कलाम ने दी सपनों को उड़ान

भारत के इतिहास में कुछ ही व्यक्तित्व ऐसे हुए हैं, जिन्होंने विज्ञान, शिक्षा, नेतृत्व और मानवीयता के हर क्षेत्र में अपने अमिट पदचिह्न छोड़े हों। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, जिन्हें 'मिसाइलमैन' और 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में जाना जाता है, उन विरल महान विभूतियों में से एक थे। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि किस प्रकार सीमित साधनों से प्रारंभ हुआ एक व्यक्ति अपनी प्रतिभा, परिश्रम, ईमानदारी और दृष्टि से राष्ट्र का मार्गदर्शक बन सकता है। उनकी सादगी, मितव्ययिता, निष्ठा और कर्मशीलता ने न केवल वैज्ञानिकों और राजनेताओं को, बल्कि करोड़ों सामान्य भारतीयों को भी गहराई से प्रभावित किया। तमिलनाडु के रामेश्वरम में 15 अक्टूबर 1931 को एक साधारण नाविक परिवार में जन्मे अब्दुल कलाम बचपन से ही जिज्ञासु, परिश्रमी और आत्मविश्वासी थे। गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाया। उन्होंने बचपन में समाचारपत्र बेचकर परिवार को सहारा दिया परंतु उनके मन में सदैव विज्ञान के प्रति गहरी रुचि थी। यह वही जिज्ञासु बालक था, जिसने समुद्र तट पर उड़ते पक्षियों को देखकर उड़ान का सपना देखा और वही सपना बाद में भारत की मिसाइल और अंतरिक्ष परियोजनाओं में वास्तविकता का रूप ले सका। मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद कलाम ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और बाद में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में कार्य किया। इसरो में उन्होंने सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल प्रोजेक्ट में प्रमुख भूमिका निभाई, जिसने भारत को 1980 में 'रोहिणी उपग्रह' के सफल प्रक्षेपण के साथ अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित किया। बाद में डीआरडीओ में लौटकर उन्होंने 'इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' की अगुवाई की, जिसके तहत पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश, नाग और अग्नि जैसी मिसाइलें विकसित हुई। इस उपलब्धि ने उन्हें भारत का 'मिसाइलमैन' बना दिया। परमाणु शक्ति सम्पन्न भारत का सपना साकार करने में भी डॉ. कलाम की भूमिका अत्यंत निर्णायक रही। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के दौरान उन्होंने रणनीतिक और तकनीकी दोनों स्तरों पर देश का नेतृत्व किया। यह परीक्षण भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया। कलाम केवल मिसाइल या परमाणु शक्ति के प्रतीक नहीं थे, वे एक ऐसे वैज्ञानिक थे, जिन्होंने अपने कार्य को राष्ट्रनिर्माण का साधन बनाया। डा. कलाम विज्ञान को केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं रखते थे बल्कि उसे समाज की बेहतरी और राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण से जोड़ते थे। उनका मानना था कि विज्ञान केवल खोज का साधन नहीं, आत्मनिर्भरता और नैतिकता का आधार है। वे सदैव कहते थे कि भारत के युवाओं के पास अपार क्षमता है; बस उन्हें अपने सपनों को हकीकत में बदलने का साहस होना चाहिए। उनका प्रसिद्ध वाक्य 'सपना वह नहीं, जो आप सोते समय देखते हैं, सपना वह है, जो आपको सोने नहीं देता' आज भी हर युवा के हृदय में प्रेरणा जगाता है। वे युवाओं से कहते थे, 'अलग सोचने की हिम्मत रखो, आविष्कार करने की हिम्मत रखो, असंभव को संभव बनाने की हिम्मत रखो।' जब वे 2002 में भारत के 11वें राष्ट्रपति बने, तब पूरा देश गौरवान्वित हुआ क्योंकि यह पहली बार था, जब कोई वैज्ञानिक राष्ट्रपति पद तक पहुंचा। राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनकी सादगी में कोई बदलाव नहीं आया। वे केवल दो सूटकेस लेकर राष्ट्रपति भवन पहुंचे, एक में उनके कपड़े और दूसरे में उनकी पुस्तकें। उन्होंने कभी विलासिता को जीवन का हिस्सा नहीं बनने दिया। अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने मात्र दो छुट्टियां ली, एक पिता के निधन पर और दूसरी माता के देहांत पर। उनका जीवन अनुशासन और आत्मसंयम की पराकाष्ठा था। डा. कलाम की बौद्धिक दृष्टि केवल विज्ञान तक सीमित नहीं थी। वे एक गहरे चिंतक, शिक्षाविद् और लेखक भी थे। उन्होंने 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं। उन्होंने जिस शिक्षित, आत्मनिर्भर, नैतिक और वैज्ञानिक सोच वाले भारत का सपना देखा था, वह केवल तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, मानवीयता के उन मूल्यों से बनेगा, जिन्हें उन्होंने अपने जीवन में जिया। आज भले ही भौतिक रूप से वे हमारे बीच नहीं हैं पर उनकी आत्मा आज भी हर युवा के सपनों में, हर वैज्ञानिक की प्रयोगशाला में, हर शिक्षक की कक्षा में और हर भारतीय के दिल में जीवित है। डा. कलाम केवल भारत के राष्ट्रपति या वैज्ञानिक नहीं थे बल्कि भारत की आत्मा के प्रतिनिधि थे, जिन्होंने हमें सिखाया कि ज्ञान, विनम्रता और मानवता जब एक साथ चलते हैं तो राष्ट्र अमर हो जाता है।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुक्त व्यापार समझौतों का नया परिदृश्य



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**ट्रंप टैरिफ की चुनौतियों के बीच भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से निर्यात और निवेश बढ़ने का अभूतपूर्व परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए एफटीए की प्रगति से संबंधित जो नए आंकड़े प्रकाशित हुए हैं, उनके मुताबिक जहाँ इन देशों के साथ व्यापार तेजी से बढ़ा है, वहीं इन देशों में निर्यात भी बढ़े हैं। तेजी से बढ़ते एफटीए भारत के निर्यात और निवेश के लिए मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। भारत के द्वारा कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए शीघ्र ही आकार लेते हुए दिखाई देंगे।**

यकीनन यह सुकूनदेह है कि 14 अक्टूबर को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिस्त्र में आयोजित वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत एक महान देश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके एक बहुत अच्छे दोस्त है और उन्होंने शानदार काम किया है। साथ ही उन्होंने भारत से अच्छे कारोबार संबंधों का संकेत दिया। इसी परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भारत के अधिकारियों का एक उच्च स्तरीय दल वाणिज्य सचिव की अगुआई में अमेरिका जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अमेरिका के द्वारा चीन पर एक नवंबर से लागू किए जाने वाले अतिरिक्त 100 फीसदी टैरिफ से भारत से अमेरिका को निर्यात की नई संभावनाएं भी उभरकर दिखाई दे रही हैं। गौरतलब है कि इस समय ट्रंप टैरिफ की चुनौतियों के बीच भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से निर्यात और निवेश बढ़ने का अभूतपूर्व परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए एफटीए की प्रगति से संबंधित जो नए आंकड़ें प्रकाशित हुए हैं, उनके मुताबिक जहाँ इन देशों के साथ व्यापार तेजी से बढ़ा है, वहीं इन देशों में निर्यात भी बढ़े हैं।

हाल ही में भारत दौरे पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विगत 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच एफटीए के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण रणनीतिक विचार मंथन किया है। स्टार्मर ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए से मिलने वाले अवसर बेजोड़ होंगे। भारत के साथ एफटीए आर्थिक वृद्धि का लांचपैड है। भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। गौरतलब है कि भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एफटीए को मंजूरी दे दी है, अब ब्रिटेन द्वारा संसद की मंजूरी ली जाएगी। इसी तरह भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। उल्लेखनीय है कि एक अक्टूबर से भारत और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के बीच एफटीए लागू हो गया है। इस व्यापार समझौते पर 10 मार्च, 2024 को हस्ताक्षर किए थे, लेकिन प्रक्रिया संबंधी औपचारिकताओं के कारण यह समझौता अब लागू हुआ है। वस्तुतः मुक्त व्यापार समझौता दो या दो से अधिक देशों के बीच एक ऐसी व्यवस्था है, जहां वे साझेदार देशों से व्यापार की जाने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क को खत्म कर देते हैं या कम करने पर सहमत होते हैं। भारत और एफ्टा देशों के बीच लागू हुआ यह व्यापार समझौता यूरोप के एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक के साथ भारत के विदेश व्यापार को नई दिशाएं देगा। इस समझौते के तहत भारत ने एफ्टा देशों की 80-85 प्रतिशत वस्तुओं पर शुल्क शून्य किया है। इसके बदले में भारत को 99 प्रतिशत वस्तुओं पर शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलेगी। जहां कृषि, डेयरी, सोया व कोयला सेक्टर को इस व्यापार



समझौते से दूर रखा गया है, वहीं प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम से जुड़े सेक्टर के लिए भी भारतीय बाजार को नहीं खोला गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ग्रीन व विंड एनर्जी, फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, केमिकल्स के साथ उच्च गुणवत्ता वाली मशीनरी के क्षेत्र में एफ्टा देश भारत में निवेश करेंगे जिससे इन सेक्टर में हमारा आयात भी कम होगा और भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी। निसंदेह भारत के हिसाब से इस व्यापार समझौते का सबसे बड़ा लाभ एफ्टा देशों से मिली निवेश प्रतिबद्धता है। अब यह समझौता लागू होने के बाद आगामी 10 वर्षों के भीतर एफ्टा देशों से भारत में 50 अरब डॉलर का निवेश और अगले 5 वर्षों में अतिरिक्त 50 अरब डॉलर निवेश की उम्मीद है। इससे 15 वर्षों में भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियों के सृजन की आस है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें वस्तुओं के व्यापार, उत्पत्ति के नियम, शोध एवं नवाचार, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं का व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है। यह भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि अमेरिका के द्वारा 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक-वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है। इस नीति से जहां ट्रंप के टैरिफ के बीच पिछले अगस्त और सितंबर माह में अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं, वहीं पूरी दुनिया आश्चर्य के साथ देख रही है कि कल तक भारत को डेड इकॉनामी बताते हुए भारत पर सबसे ऊंचे टैरिफ लगाकर छठे दौर की व्यापार वार्ता को रोकने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अब अपना तेवर बदलते हुए भारत के साथ व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के संकेत दिए हैं। यह भारत की एक ऐसी आर्थिक-कूटनीतिक जीत है, जिससे प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में भारत का कद बढ़ा दिया है। जिस ट्रंप के सामने बड़े-बड़े वैश्विक नेताओं की बोलती बंद हो जाती है, सार्वजनिक तौर पर ट्रंप को ना कहने के लिए वे हिम्मत नहीं जुटा पाते, ऐसे ट्रंप के सामने प्रधानमंत्री मोदी व्यापार समझौते की वार्ता के तहत अपने करोड़ों किसानों और मछुआरों के हितों के मद्देनजर बिना झुके अपनी शर्तों के साथ अडिग रहे और अब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का अनुकूल परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। अब छठे दौर की वार्ता तेजी से आगे बढ़ेगी और जल्द ही इसके अनुकूल परिणाम आ जाएंगे। साथ ही 30 नवंबर के बाद भारत पर रूसी तेल खरीद पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को अमेरिका वापस लेते हुए दिखाई दे सकता है तथा अन्य टैरिफ में भी कमी आ सकती है। निश्चित रूप से अब एफटीए की डगर पर आगे बढ़ते समय यह ध्यान रखा जाना होगा कि एफटीए तभी लाभकारी होते है, जब वे सही तरीके से इस्तेमाल में लाए जाएं। अब निकट भविष्य में भारत कई देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करेगा, इस परिप्रेक्ष्य में सरकार के द्वारा निर्यातकों और छोटेफ व्यवसायियों को नए बाजारों के लाभों से संबंधित पर्याप्त जानकारी देकर नए मौकों का फायदा उठाने के लिए जागरूक बनाया जाना होगा। एफटीए के तहत निर्यात बढ़ाने के लिए उत्पादन की गुणवत्ता सुधारने और कारोबार की सुगमता के लिए अधिक प्रयास किए जाने होंगे। उम्मीद करें कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए एफटीए भारत के निर्यात और निवेश के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। अब अमेरिका के अलावा भारत के द्वारा कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए शीघ्र ही आकार लेते हुए दिखाई देंगे।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।


## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित
दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आए हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहां लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### खराब सड़कों पर बढ़ता ट्रॉफिक

इन दिनों राजनानी में त्योहारों के चलते लोग खरीददारी करने आ रहे हैं। बाजार में भारी संख्या में दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है, तो दूसरी और सड़कों की खराब हालत के कारण शहर में ट्रैफिक जाम का लगना आम हो गया है। शहर की मुख्य सड़क हो या मेन बाजार इन पर अब घंटों जाम लग रहा है। जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण सड़कों पर बनने वाले बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जो किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। मेरा प्रशासन से आग्रह है कि सड़कों की मरम्मत के साथ इस पर दुकान लगाकर बैठने वालों पर उचित कार्रवाई की जाए ताकि हादसों की संभावना कम हो और लोग सुरक्षित रहें।

*- मनोज कुशवाहा, रायपुर*

## करंट अफेयर


### 13 अक्टूबर आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित



संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 1989 में, 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित किया। उस समय, इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण को दुनिया भर में रोज़मर्रा की सोच का हिस्सा बनाना था। आज यह लक्ष्य पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है, क्योंकि आपदाएं पहले की तुलना में अधिक तीव्रता और आवृत्ति से आ रही हैं। हालांकि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अब भी आपदा जोखिम और उनके प्रभावों को कम करने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि आपदाओं को लेकर हमारी सोच और बातचीत का तरीका भी कई बार दीर्घकालिक संकटों को नजरअंदाज कर देता है। तात्कालिक घटनाओं जैसे भूकंप, तूफान और जंगल की आग पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, जबकि जलवायु परिवर्तन जैसे धीमी गति से बढ़ने वाले संकटों पर कम। ईश्वरीय दंड से मानवीय जिम्मेदारी तक इतिहास में आपदाओं को अक्सर ईश्वर का दंड या आस्था की परीक्षा के रूप में देखा गया। प्राचीन ग्रंथों जैसे 'गिलगमेश' महाकाव्य, इस्लामिक परंपराएं, बौद्ध और हिंदू धर्मों में भी प्राकृतिक आपदाओं को आध्यात्मिक या धार्मिक दृष्टिकोण से समझा गया।

## ऑफ बीट

### तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत



भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।

## ट्रेंड

### रिहाई का स्वागत



हम दो साल से ज़्यादा समय तक बंधक बनाए रखने के बाद उनकी रिहाई का स्वागत करते हैं। उनकी आज़ादी उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रम्प के अटूट शांति प्रयासों और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सरचार्ज माफी योजना



पानी के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लेट पेमेंट सरचार्ज माफ करने का निर्णय लिया है। 31 जनवरी, 2026 तक बकाया बिल के भुगतान पर 100% छूट का लाभ मिलेगा। आज 'लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना' एवं 'अनाधिकृत कनेक्शन नियमितीकरण योजना' का शुभारंभ किया है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली


### अंतिम संस्कार का इंतजार



इससे पीड़ादायक क्या हो सकता है कि वाई. पूरन कुमार की पत्नी एक सप्ताह से अपने पति का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करने का इंतज़ार कर रही हैं। दिन बीते जा रहे हैं मगर अब भी कोई गिरफ्तारी नहीं - यह साफ़ अन्याय है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### फ़र्ज़ी आधार कार्ड



फ़र्ज़ी आधार कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने के लिए ही नहीं, बल्कि लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे संगीन अपराधों में भी किया जा रहा है। ऐसे मामलों पर सख्त कदम उठाए जाएं।

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## मामला थाना कोतवाली बालाघाट का, वरिष्ठ अधिकारी मौन!

# थाने में भी सुरक्षित नहीं हैं पैसा, मालखाना प्रभारी ने जुए में उड़ाए 55 लाख व 10 लाख रूपये के जेवरात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट पुलिस कोतवाली थाना बालाघाट के मालखाने से 55 लाख और सोना-चांदी चोरी होने का मामला सामने आया हैं, वहीं पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने मालखाने से 84 लाख रूपये गायब या चोरी होने के आरोप लगाते हुए मामले पर आवाज उठाई, इधर पुलिस ने भी अपना स्पष्टीकरण प्रेस नोट के माध्यम से दी हैं और कहा कि मालखाना प्रभारी प्रधान आरक्षक मुंशी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की कार्यवाही करते हुए जांच शुरू कर दी हैं।पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि किसी भी पुलिस थाने के मालखाने में सिर्फ 5000 रूपये तक नियमानुसार रखे जा सकते हैं, उससे अधिक रूपये नहीं रखे जा सकते। विभिन्न अपराधियों से जप्त 84 लाख नगदी रूपये से अधिक रूपये पुलिस कोतवाली थाना बालाघाट के मालखाने से गायब कर दिये गये, चोरी हो गये। पुलिस थाना कोतवाली मालखाने से रूपये गायब होने, चोरी की कार्यप्रणाली पर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की बात कहीं हैं। बता दें कि बालाघाट कोतवाली थाना के मालखाने का पर्दाफाश तब हुआ जब टीआई कोतवाली के द्वारा फरियादी को राशि लौटाने के लिए मालखाना प्रभारी प्रआर राजीव पन्द्रे को कहा गया कि राशि लौटा दो, तो मालाखाना खाली पाया गया, जिसके बाद कोतवाली थाना में ही प्रधान आरक्षक राजीव पन्द्रे के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिक की थीं, लेकिन रस्सी टुटने के कारण उन्हे चोटिल हो गए जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पुलिस ने जारी की प्रेसनोट अनुसार, थाना प्रभारी के द्वारा जब कोतवाली थाना का मालखाने का भौतिक सत्यापन किया गया तो पता चला कि 55 लाख की नगद राशि एवं करीब 10 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवरात गायब पाये गए। जिसकी संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, प्रकरण की विधिवत जांच उपरांत प्रधान आरक्षक राजीव पन्द्रे के विरुद्ध थाना कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी की गई हैं। पुलिस की माने तो अब तक की विवेचना के दौरान आरोपी मुंशी राजीव पन्द्रे से कुल 40 लाख रूपए की राशि की रिकवरी की जा चुकी हैं। डीएसपी प्रतिष्ठा राठौर महिला अपराध प्रकोष्ठ के द्वारा कहा गया कि जांच टीम के दौरान मालखाना खाली पाया गया था, जिसके प्रभारी राजीव पंन्द्रे के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए राशि और देर शाम को ज्वेलरी शॉप पर पहुंचकर जेवरात बरामत किए गए हैं।

# बाघ के 13 नाखूनों के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज उकवा।





मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त बालाघाट के निर्देशन एवं चनमण्डल अधिकारी उत्तर बालाघाट (सामान्य) एवं उपवनमण्डल अधिकारी उकवा (सामान्य) के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा (सामान्य) दिनांक 12/10/2025 समय 10:00 AM को WCCB की सूचना पर परिक्षेत्र अन्तर्गत 01 दल का गठन किया गया। कान्हा टाईगर रिर्जव की टीम के साथ परिक्षेत्र अन्तर्गत उमरिया से छपरवाही मार्ग पर अमरूटोला रोड के पास 04 व्यक्तियों को 02 मोटर सायकल के पास खड़े देखा गया। दल उनके पास जैसे ही पहुंची दल को देखकर 04 व्यक्ति मौके से भागने लगे जिनमें से 02 व्यक्तियों को मौके पर पकड़ा गया, एवं 02 व्यक्ति मौके से फरार होकर जंगल में भाग गये। पकड़े गये 02 व्यक्तियों से पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान उन्होने अपना नाम महेन्द्र वल्द शोभाराम मडावी तथा महेन्द्र वल्द रामेश्वर राऊत बताया उनके द्वारा बताया गया कि वे डरकर भाग रहे थे। उनमे से 01 व्यक्ति महेन्द्र वल्द शोभाराम की तलाशी लेने पर उसने अपने जेब से लाल कपडे में बंधी 01 पोटली निकाली जिसे खोलकर दिखाया जिसमें 13 नग नाखून थे, उसके द्वारा बताया गया कि उक्त नाखून वन्य प्राणी बाघ के है, जिसे व्यापारी को विक्रय करने हेतु खड़े थे। व्यापारी के संबंध में जानकारी हमारे साथी किशोर उर्फ नंदकिशोर पटले, साकिन फंडकी (मोहगांव) को है। उक्त अपराध में लिप्त अन्य 02 फरार आरोपी सतीश वल्द प्रताप भलावी साकिन मैरा (लामता) एवं किशोर उर्फ नंदकिशोर पटले साकिन फंडकी (मोहगांव) है। मौके से वन्यप्राणी बाघ के 13 नग नाखून 02 मोटर सायकल HF Delux जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2747/47 दिनांक 12/10/2025 पंजीबद्ध किया गया। अन्य 02 सतीश वल्द प्रताप भलावी साकिन मैरा (लामता) एवं किशोर उर्फ नंदकिशोर पटले साकिन फंडकी (मोहगांव) वर्तमान में फरार है।इनका रहा सराहनीय योगदान कु. प्रियंका मरकाम वनक्षेत्रपाल वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा (सामान्य), राजेन्द्र कुमार गनवीर उपवनक्षेत्रपाल, कन्हैयालाल मडावी कार्यवाहक वनपाल, सचिन पदमे वनरक्षक, बजारीसिंह ठाकरे वनरक्षक, प्रशांत चौरसिया वनरक्षक, कमलेश मसराम वनरक्षक।

## सिवनी हवाला मनी लूट मामले में पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज

# 11 के खिलाफ एफआईआर दर्ज, 8 आरोपी हिरासत में

### कानून सबके लिए बराबर है... सीएम डॉ यादव का कड़ा एक्शन

**सिवनी हवाला मनी लूट मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सिवनी एसडीओपी पूजा पांडे सहित 11 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।**





पुलिस ने 5 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इस मामले को लेकर सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराध मुक्त वातावरण बनाना और नागरिकों की सुरक्षा पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का मुख्य दायित्व है। अपने कर्तव्यों से हटकर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को राज्य सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिवनी प्रकरण में जो भी दोषी पाए गए हैं, उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई भी होगी। प्रदेश में कानून सबके लिए बराबर है। कानून का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई भी हो। राज्य सरकार प्रदेश में सुशासन स्थापित करने सतत रूप से कार्य कर रही हैं, इस दिशा में किसी का हस्तक्षेप सहन नहीं होगा।

### ये आरोपी पुलिस की हिरासत में

गौरतलब है कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 310(2) डकैती, 126(2) गलत तरीके से रोकना, 140(3) अपहरण और 61(2) आपराधिक षडयंत्र के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने एसडीओपी पूजा पांडे, एसआई अर्पित भैरम, कॉन्सटेबल योगेंद्र, कॉन्सटेबल नीरज और कॉन्सटेबल जगदीश को हिरासत में ले लिया है। इनके अलावा जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है उनमें प्रधान आरक्षक माखन, प्रधान आरक्षक राजेश जंघेला, आरक्षक रविंद्र उईके, आरक्षक चालक रितेश, गनमैन केदार और गनमैन सदाफल शामिल हैं।

# ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम ने तीन ठिकानों में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) जबलपुर की टीम ने मंगलवार सुबह बड़वारा विकासखंड के ग्राम बसांडी में सहकारी समिति के सेल्समेन सुशील गुप्ता के यहां सुबह 7:40 बजे छापा मारा। यह कार्रवाई धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी एवं आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर की गई। ईओडब्ल्यू की टीम ने तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।**

### आय से अधिक संपत्ति

सूत्रों के मुताबिक जांच में पाया गया कि 1991 से अब तक सुशील गुप्ता की कुल आय लगभग 19 लाख रुपये थी, जबकि उसकी संपत्ति 150 गुना से अधिक पाई गई है। माना जा रहा है कि यह आय और अधिक तक पहुंच सकती है। ओडब्ल्यू टीम ने घर, मिल, वेयरहाउस और फार्महाउस सहित तीन ठिकानों पर एक साथ तलाशी ली। छापे के दौरान 33,000 रुपये नकद, बैंक खातों में गोल्ड लोन से संबंधित दस्तावेज और कई जमीनों के रजिस्ट्री कागजात जब्त किए गए। EOW जबलपुर की 20 सदस्यीय टीम ने डीएसपी मंजीत सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही की जिसकी अध्यक्षता मनजीत सिंह सेठी ने की। सूत्रों का कहना है कि ईओडब्ल्यू ने आसपास के ग्रामीणों और सहकारी समिति से जुड़े लोगों से भी पूछताछ की है। फिलहाल टीम संदिग्ध बैंक खातों और संपत्ति की डिटेल खंगाल रही है।

## उत्तरप्रदेश पुलिस के जवान की सड़क हादसे में मौत

छतरपुर। उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में पदस्थ पुलिस का एक जवान मध्यप्रदेश संविदा वर्ग-3 की परीक्षा देने के लिए गया था। परीक्षा के बाद जब जवान अपने साथी के साथ घर वापिस लौट रहा था तभी रास्ते में सड़क हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई। मृत जवान मूलतः छतरपुर जिले का रहने वाला था, जिसका अंतिम संस्कार मंगलवार को उसके गृहग्राम किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक छतरपुर जिले के रामनगर गांव का रहने वाला 27 वर्षीय धीरेन्द्र अरजरिया वर्तमान में उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में बतौर कांस्टेबल पदस्थ था। हाल ही में धीरेन्द्र ने मध्यप्रदेश संविदा वर्ग-3 की परीक्षा के लिए फॉर्म भरा था। बीते रोज वह अपनी अपाचे बाईक से दोस्त प्रशांत पटैरिया के साथ सतना पेपर देने गया था।



# हर्ष फायरिंग के दौरान दूल्हे के भाई की गोली लगने से मौत

छतरपुर।

जिले के महाराजपुर नगर में बीती रात एक सोनी परिवार के घर की खुशियां उस वक्त मातम में तब्दील हो गईं, जब समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग हुई। दरअसल हर्ष फायरिंग के दौरान एक गोली दूल्हे के भाई को जा लगी और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर विवेचना शुरु कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महाराजपुर के वार्ड नंबर 1 की शारदा कॉलोनी में रहने वाले उमाशंकर सोनी के पुत्र अंशुल सोनी का फलदान कार्यक्रम घर पर चल रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने हर्ष फायरिंग की, जिसकी गोली उमाशंकर के दूसरे पुत्र 35 वर्षीय आशीष सोनी को जा लगी। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप की स्थिति बन गई। आनन-फानन में आशीष को जिला अस्पताल लाया गया, जहां परीक्षण के बाद डॉ. राजेश मिश्रा ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि आशीष के हाथ और सीने में गोली लगी थी, जिस कारण से उसकी मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर सीएसपी अरुण कुमार मिश्रा, कोतवाली थना प्रभारी अरविंद दांगी जिला अस्पताल पहुंचे जहां परिजनों से बयान लिए गए। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि गोली किसने चलाई है। वहां महाराजपुर पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरु कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध नशीली कफ सिरप की तस्करी में मां सहित दो बेटियां गिरफ्तार

रीवा। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को सफलता हाथ लगी है। धोबिया टंकी हरिजन बस्ती स्थित एक घर में छापेमारी कर पुलिस ने नशीली कफ सिरप की अवैध बिक्री में लिप्त एक महिला और उसकी दो बेटियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल 101 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 20,351 रुपये आंकी गई है। बता दे पुलिस को 13 अक्टूबर को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि धोबिया टंकी हरिजन बस्ती निवासी कुसुम साकेत उर्फ कोईली अपने घर में बेटियों के साथ मिलकर नशीली कफ सिरप की अवैध बिक्री कर रही है। सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पाया गया कि रसोई की दीवार में बने दो गड्ढों में पेपर लगाकर कफ सिरप की शीशियां छिपाकर रखी गई थीं। पुलिस ने मौके से 101 शीशी प्रतिबंधित सिरप जब्त कर ली।कुसुम साकेत उर्फ कोईली, उम्र 48 वर्ष रोशनी साकेत, उम्र 22 वर्ष (पुत्री) ज्योति साकेत, उम्र 20 वर्ष (पुत्री)(सभी निवासीः धोबिया टंकी हरिजन बस्ती, रीवा) इन तीनों के खिलाफ थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# सीमेंट फैक्ट्रियों की खुली लूटः रॉयल्टी की चोरी से मैहर को भारी नुकसान!



**मैहर।** मैहर,जो लाइमस्टोन,लेटराइट और बॉक्साइट जैसे बहुमूल्य खनिजों का गढ़ है,आज खुलेआम रॉयल्टी चोरी और अवैध उत्खनन का शिकार हो रहा है।जिले में संचालित सीमेंट फैक्ट्रियों का उत्पादन जहाँ दिन-प्रतिदिन आसमान छू रहा है,वहीं खनिज उत्खनन से होने वाला राजस्व आज भी 10 साल पुराने रिकॉर्ड पर अटका हुआ है।यह सीधा संकेत है कि बड़े पैमाने पर खनिज राजस्व की चोरी हो रही है,जिसका खामियाजा मैहर के चौतरफा विकास को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार,मैहर में वैध खदानों के साथ-साथ अनगिनत अवैध खदानें भी धड़ल्ले से चल रही हैं। जिला प्रशासन और खनन विभाग के मासिक रिकॉर्ड में अवैध उत्खनन पर किसी भी कार्रवाई का खाता नहीं है,जिससे यह सवाल उठता है कि या तो सभी खदानें वैध हैं (जिस पर विश्वास करना कठिन है) या फिर अवैध उत्खनन करने वाले माफिया को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है।

### अवैध उत्खनन और रेवेन्यू की चोरी का नापाक गठजोड़

खनन माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बिना अनुमति के भारी ब्लास्टिंग कर रहा है। अवैध एक्सप्लोसिव (बारूद) का इस्तेमाल कर ब्लास्टिंग की जाती है और बिना पिट पास (टीपी) के पत्थर सीधे सीमेंट फैक्ट्रियों तक पहुंचाए जाते हैं। टोल टैक्स के सीसीटीवी फुटेज भी यह गवाही दे सकते हैं कि किस तरह बिना टीपी के ओवरलोड गाड़ियां दिन-रात सड़कों पर दौड़ती हैं,लेकिन जिला प्रशासन और खनन अधिकारियों को इस ओर देखने की फुर्सत नहीं है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब खदान संचालक स्वीकृत खदानों से कम खुदाई करते हैं,लेकिन बगल की सरकारी और निजी जमीनों पर अवैध उत्खनन कर रॉयल्टी की चोरी करते हैं। कई मामलों में,कागजों पर खदानों को सरेंडर करने के बाद भी उनमें अवैध रूप से खनन जारी रहता है। खुलेआम चल रही इस लूट पर भी प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगती।

### उत्पादन बढ़ा, पर राजस्व नहीं!

मैहर जिले में तीन प्रमुख सीमेंट फैक्ट्रियां हैं,जिनकी उत्पादन क्षमता पिछले 10 वर्षों में लगभग तीन से चार गुना बढ़ गई है। प्रोडक्शन में यह भारी वृद्धि स्पष्ट बताती है कि खनिज का उत्खनन भी चार गुना अधिक हो रहा है,लेकिन प्रशासन के खनिज कोष में आज भी लिमिटेड उत्खनन का बजट आता है। यह सीधा प्रमाण है कि टीपी की चोरी व्यापक स्तर पर हो रही है,जिससे सरकारी खजाने पर सीधा डाका पड़ रहा है। अगर इन फैक्ट्रियों की उच्चस्तरीय और ईमानदारी से जांच की जाए,तो सरकार को चूना लगाने का बड़ा मामला सामने आ सकता है। यदि इस चोरी पर अंकुश लगा दिया जाए और मैहर को उसका वास्तविक राजस्व प्राप्त होने लगे,तो क्षेत्र में इतना धन आएगा कि मैहर का चौतरफा विकास सुनिश्चित हो सकता है। यह चोरी रोककर ही मैहर को उसका हक़ मिल सकता है।

# सहकारी समिति प्रबंधक को 59 हजार लेते हुए लोकायुक्त ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

**जिले में भ्रष्टाचार इस कदर फल फूल रहा है कि आम जन बेहद परेशान हैरान है। लगभग हर 15 दिन एक माह के अंतर में कोई न कोई लोकायुक्त की गिरफ्त में ट्रैप हो रहा है। अभी हाल ही में महिला बाल विकास विभाग की तीन सुपरवाइजर सहित एक महिला परियोजना अधिकारी लोकायुक्त की गिरफ्त में आई थी और मंगलवार को पुनः लोकायुक्त ने तामिया के रिश्वतखोर मुनीम प्रसाद पटेल को धरदबोचा।**

भ्रष्टाचार निवारण के लिए लोकायुक्त की कार्यवाही सतत जारी है। पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त श्री योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश पर जबलपुर लोकायुक्त इकाई ने तामिया में ट्रेप कार्यवाही कर सहकारी समिति के प्रभारी प्रबंधक को 59 हजार लेते पकड़ा। तामिया मुख्यमार्ग में माता मंदिर के सामने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा तामिया में दोपहर लोकायुक्त जबलपुर टीम ने 2:30 बजे कार्यवाही की। झिरपा निवासी आवेदक वेयर हाउस संचालक हरीश राय पिता रमेश राय उम्र 26 वर्ष ने लोकायुक्त को शिकायत की थी। इसके बाद लोकायुक्त टीम जबलपुर ने आदिम जाति एवं सेवा सहकारिता समिति मर्यादा झिरपा के प्रभारी समिति प्रबंधक आरोपी मुनीम प्रसाद पटेल पिता बाबूलाल पटेल उम्र 55 वर्ष को 59000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। आवेदक हरीश राय का झिरपा में श्री हरि नाम से वेयरहाउस है। वेयर हाउस मैं भंडारण को सुचारू रूप से चलने देने एवं ब्लैक लिस्ट में न डालने के एवज में आरोपी मुनीम प्रसाद पटेल द्वारा 59000 की रिश्वत की मांग की जा रही थी।जिसे सत्यापन उपरांत आज दिनांक 14.10.2025 को आरोपी मुनीम प्रसाद पटेल प्रभारी समिति प्रबंधक को 59000 की रिश्वत लेते हुए जिला सहकारी बैंक तामिया जिला छिंदवाड़ा ने रंगे हाथ पकड़ा गया ।आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन)2018 की धारा-7, 13(1)B, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।लोकायुक्त जबलपुर की ट्रेप टीम में निरीक्षक उमा कुशवाहा, निरीक्षक रेखा प्रजापति,निरीक्षक जितेंद्र यादव एवं स्टाफ शामिल रहा।

# उल्टी दस्त और बुखार के दर्जनों मरीजों के निकलने से गांव में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

**सिंगोड़ी के समीप ग्राम रजोला में मंगलवार को अचानक उल्टी दस्त और बुखार के दर्जनों मरीजों के निकलने से गांव में हड़कंप मच गया वही इस मामले को लेकर शासन प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट हो गया था।**

एसडीएम सहित स्वास्थ्य विभाग पीएचई और पुलिस बल यहां पहुंचा था जिसके बाद शाम तक पूरे गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने उक्त बीमारी से संबंधित मरीजों को देख कर दवाइयां दी गई है जिससे हालात सामान्य बताए जा है। ग्रामीणों ने बताया की तीन चार दिनों से अलग अलग घरो में उल्टी-दस्त और बुखार के मरीज के देखे जा रहे थे फिर दो दिनों से अचानक बढ़ जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने शासन प्रशासन और मीडिया कर्मियों को इसकी सूचना दी थी।

### पानी की टंकी और स्त्रोत कुआ में पशु और पक्षी मरे पड़े हैं

ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी और स्त्रोत कुआ में पशु और पक्षी मरे पड़े हैं जिससे पानी दूषित हो गया है। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने स्थानीय सरपंच सचिव के खिलाफ सरपंच सचिव हटाओ के नारे अधिकारियों के सामने लगाए। तथा पेय जल संसाधन और



पानी की टंकी कुआ को साफ करवाने और स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग अधिकारियों से की है। वही ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि दूषित पानी को लेकर कुछ लोगो सीएम हेल्प लाइन में भी शिकायत की थी और कई बार सरपंच को अवगत कराया गया था बावजूद इसके इस तरफ किसी ने भी ध्यान नहीं दिया और गावों में अब छोटे बड़े सब बीमार पड़े है।

# पुष्य नक्षत्र में खरीददारों से गुलजार रहे बाजार

## शुभ मुहूर्त में जमकर खरीददारी की गई

जबलपुर।

मंगलवार का दिन बाजार के लिये कुछ खास रहा। बाजार इस तरह गुलजार रहे, जैसे मंगलवार को धनतेरस हो। मंगलवार को शुरु हुआ मुर्हूत आज बुधवार को भी रहेगा। दरअसल पुष्य नक्षत्र के महायोग का प्रचार कुछ इस तरह किया गया कि ज्योतिष शास्त्र में विश्वास करने वाले लोगों ने शुभ मुहूर्त में जमकर खरीददारी की। सोने-चांदी से लेकर मोटर सायकिल व इलेक्ट्रानिक आयटम व बर्तन, कपड़ों की खरीददारी करने के लिये उपभोक्ता बाजारों में उमड़ पड़े। दोपहर बाद बाजारों में भीड़ बढ़ना शुरू हुई और शाम के बाद बाजार इस तरह गुलजार हुये कि पैर रखने की जगह नहीं थी।

ज्योतिषियों के मुताबिक यह अत्यंत लाभकारी महायोग रहा। इस दिन खरीददारी करने से संपन्नता और बरकत की मान्यता है। ब्रम्हाण्ड में पुष्य नक्षत्र को देवी लक्ष्मी, सरस्वती और महाकाली का नक्षत्र माना जाता है। पुष्य नक्षत्र को खरीदी का विशेष लाभकारी मुहूर्त होने का व्यापारियों ने अच्छा खासा लाभ उठाया। उपभोक्ताओं को आकर्षित करने शोरूम आकर्षक पुष्प और विद्युत सज्जा से सजाये गये थे, वहीं उपभोक्ताओं के लिये अनेक उपचार योजनाएं भी लागू की गई थीं। ज्योतिषियों ने राशि के अनुरूप खरीददारी का विशेष मुहूर्त बताया था। ज्योतिष विज्ञान पर विश्वास करने वाले लोगों ने ठीक उसी मुहूर्त पर खरीददारी की। लोगों को दीपोत्सव और धन तेरस के लिये जो खरीददारी करनी थी, वह लोगों ने मंगलवार को ही कर ली और आज बुधवार को भी पुष्य नक्षत्र होने के कारण आज भी खरीददारी होगी। एक तरफ जहां सोने चांदी के आभूषणों के शोरूम खरीददारों की भीड़ से भरे थे, वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स आयटमों की दुकानों और खरीददारों की भीड़भाड़ देखी गयी।



## दीपावली की खरीददारी के लिये सज गए बाजार

**बाजारों में पुलिस करेगी सुरक्षा के इंतजाम**

जबलपुर। इस साल दीपोत्सव का पर्व 6 दिन का पड़ रहा है। दो अमावस्या होने की वजह से कई अद्भुत संयोग बन रहे है। छह दिवसीय पर्व शनिवार 18 अक्टूबर को धनतेरस से प्रारंभ होगा। इस महापर्व की तैयारियों में लोग जुट गये हैं। एक तरफ जहां घरों में रंगरोगन चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ बाजार ग्राहकों के स्वागत के लिये तैयार हो गया है। एक दो दिन में बाजारों में रौनक बढ़ जाएगी और खरीददारी करने लोग निकल पड़ेंगे। वहीं दूसरी ओर धनतेरस की खरीददारी के लिये स्वर्ण आभूषणों की दुकानों, इलेक्ट्रानिक्स आयटमों की दुकानों में बम्फर स्टाक आया है। बड़ी बड़ी कंपनियों ने त्यौहारी ऑफर पेश कर खरीददारों को लुभाने की कोशिश कर रही हैं। वहीं दीपावली की खरीददारी के लिये मिट्टी के दिये, लाई बताशा और साज सज्जा के आयटमों की दुकानें फुटपाथों पर सज गई हैं।आज बुधवार से बाजार में रौनक आने की उम्मीद की जा रही है। बाजारों में भीड़भाड़ को देखते हुये चोर उचक्कों और लुटेरों पर नजर रखने के लिये पुलिस ने सुरक्षा के खास इंतजाम भी किए हैं। शहर के बीचोंबीच बड़े फुहारे, सिविक सेंटर, गंजीपुरा, सराफा, गोलबाजार, कमानिया के साथ-साथ उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा, गोरखपुर, अधारताल और घमापुर, कांचघर में भी दीवाली के बाजार सज गये। बाजारों में भीड़भाड़ के दौरान पॉकेटमार और चैन स्नेचर के साथ-साथ दहशत फैलाकर, झांसा देकर ठगी करने वाले लोग सक्रिय हो जाते हैं।



## बुजुर्ग दंपत्ति बेटे व बहू से परेशान एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**जबलपुर।** शारदा नगर करमेता के रहने वाले 58 वर्षीय वृद्ध दंपति ज्ञानी रजक ने पुत्र व वधू के उत्पीड़न से परेशान होकर मंगलवार की जनसुनवाई में एसपी कार्यालय पहुंचे। दंपति ने रोते हुए आरोप लगाया है कि उसका बेटे और पुत्रवधु आए दिन अभद्रता करते हुए मारपीट करते हैं जिसके कारण हमें किराए के मकान में रहना पड़ रहा है इसके बाद भी बहू और बेटी यहां का पता पूछते हुए आ गए और यहां पर भी मारपीट और प्रताड़ित कर रहे हैं यहां तक कि मेरी पत्नी के साथ भी मारपीट करते हैं जहां मेरे बेटे ,बहू रह रहे हैं वह मेरे नाम से मकान है वह मुझे घर से भी बेदखल करने की कोशिश कर रहे हैं इसकी शिकायत माढ़ोताल थाना में कई बार की लेकिन पुलिस बेटे और बहू पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है इसकी शिकायत मंगलवार की जनसुनवाई में भी कई बार की है परेशान होकर एसपी को शिकायत पत्र सौंप कर न्याय के लिए गुहार लगाई है।

## हिन्दी लेखिका संघ ने आयोजित किया दीपावली मिलन समारोह

**जबलपुर।** हिंदी लेखिका संघ मध्यप्रदेश द्वारा दीवाली मिलन समारोह का भव्य आयोजन शनिवार, 11 अक्टूबर को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन संघ की खेल प्रभारी रेखा चौधरी ने हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में किया। समारोह का आयोजन संघ की अध्यक्षा डॉ. कामना श्रीवास्तव के संयोजन में तथा सलाहकार अर्चना मलैया के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर संघ की वरिष्ठ सदस्याएँ डॉ. कामना कौस्तुभ, छाया सक्सेना प्रभु, आरती शर्मा, डॉ. शोभा सिंह, मीना भट्ट, डॉ. गीता गीत, डॉ. अम्बर प्रियदर्शी, ज्योति मिश्रा, रेखा चौधरी, प्रतिमा अखिलेश, डॉ. मुकुल तिवारी, चंद्रप्रकाश वैश्य और सावनी राजू उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में दीवाली की उमंग और उत्साह के साथ विभिन्न मनोरंजक खेलों, कविताओं, गीतों और मस्ती भरे पलों का आनंद लिया गया। नई सदस्याओं का संघ में सादर स्वागत किया गया और सभी ने एक-दूसरे को दीवाली की शुभकामनाएँ दीं।




## जबलपुर में आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल बैठक 30 अक्तूबर से

### शताब्दी वर्ष के विशेष कार्यक्रमों पर होगी चर्चा

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की वार्षिक बैठक इस वर्ष मध्य प्रदेश के महाकौशल प्रांत अंतर्गत जबलपुर में 30-31 अक्तूबर एवं 1 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। यह विशेष बैठक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर दीपावली के पश्चात संपन्न हो रही है।संघ रचना के सभी 46 प्रांतों से प्रांत संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक एवं सह प्रांत पदाधिकारी बैठक में शामिल होंगे। पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सभी सह सरकार्यवाह सहित प्रमुख अखिल भारतीय पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे।

बैठक में शताब्दी वर्ष से जुड़ी योजनाओं, अब तक की तैयारियों तथा विजयादशमी पर सरसंघचालक द्वारा प्रस्तुत दिशा-निर्देशों पर व्यापक चर्चा होगी। साथ ही समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श और आगामी वर्ष की वार्षिक योजना की समीक्षा भी की जाएगी।

## स्वच्छता रैली में रेलवे स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**जबलपुर** ।भारतीय रेलवे द्वारा चलाए जा रहे "स्वच्छता ही सेवा-2025" अभियान के तहत पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय, जबलपुर में एक स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली यांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था।

इस रैली को पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री एम. विजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री पाराशर भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि स्वच्छता रैली का उद्देश्य आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और पूरे रेलवे क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश देना है।रैली में रेलवे स्कूल डब्ल्यूएसईसी केजी हाई स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने स्वच्छता विषय पर चित्र और पोस्टर बनाकर बैनरों के माध्यम से स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली का संदेश दिया। रैली के अंत में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।





## भाजपा कार्यालय में मनाई गई जयप्रकाश नारायण, नानाजी देशमुख की जयंती

**जबलपुर।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं नानाजी देशमुख की जयंती भा.ज.पा. कार्यालय में संपन्न हुई। दिनांक 11 अक्टूबर को भा.ज.पा. संभागीय कार्यालय में लोकतंत्र सेनानी संघ एवं लोकतंत्र प्रहरी संघ के संयुक्त तत्वावधान में जयप्रकाश एवं नानाजी देशमुख की संयुक्त जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रत्नेश सोनकर नगर भा.ज.पा. अध्यक्ष एवं ग्रामीण भा.ज.पा. अध्यक्ष राजकुमार पटेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर चेनपुरिया ने की। कार्यक्रम का संचालन लोकतंत्र प्रहरी संघ के संभागीय प्रभारी एडवोकेट शैलेश साहू ने किया तथा कार्यक्रम का आभार लोकतंत्र सेनानी संघ के जिला अध्यक्ष अंजलि कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को फूलचंद पालीवाल, प्रीति शुक्ला, अजय पटेल, राजू साहू, अध्यक्ष लोकतंत्र प्रहरी संघ आदि ने संबोधित किया। स्वागत कार्यक्रम रमाकांत शर्मा द्वारा किया गया।



## चैतन्य सेवा संस्थान ने मनाया 15वां स्थापना दिवस

**जबलपुर।** संस्था चैतन्य सेवा संस्थान जो की मानसिक बोधिक दिव्यांग बालिकाओं हेतु विगत 15 वर्षों से कार्य कर रही है। सस्था ने अपना 15वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य संत ज्ञानेश्वरी दीदी (संचालक विराट होस्पिक्ष) वरिष्ट समाजसेवी श्री कैलाश गुप्ता (विशिष्ट अतिथि एवं महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू (विशिष्ट) अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । कार्यक्रम के प्रथम चरण में मंचासीन उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया संस्था की और से अध्यक्षीय उद्बोधन श्रीमती सुलेखा क्षत्रीय ने दिया संस्था की गतिविधियों की जानकारी कार्यक्रम संयोजक डॉ संजय असाटी एवं राकेश महाजन ने प्रकल्पों से सम्बंधित जानकारी प्रदान की, तत्पश्चात जबलपुर में विभिन्न छेत्रों में कार्य कर रही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया गया कार्यक्रम में मानसिक बौदधिक दिव्यांग बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी सभी को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया। इनकी प्रस्तुतियों को सम्मानीय अतिशियों ने एवं उपस्थित सभी ने भरपूर सराहा। जात हो की महानगर जबलपुर में चेतन्य सेवा संस्थान में मानसिक बौद्धिक निःशक्त बच्चों को निशुल्क आवासीय सुविधा प्रदान करते हुए प्रशिक्षित किया जाता है जिससे की वह अपना स्वाभाविक जीवन जी सके।

## सभी दवाओं सिरप इंजेक्शन में एक्सपायरी डेट स्पष्ट प्रिंट हो

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर के अध्यक्ष समाजसेवी डॉ. अजय कुमार वाधवानी ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर इस बात की मांग की है कि केन्द्र सरकार दवा कंपनियों के लिए नया आदेश जारी करे, जिसमें इस बात का निर्देश दिया जाए कि सभी दवाओं, इंजेक्शनंस, ड्राप्स, सिरप, जेल आदि में एक्सपायरी डेट स्पष्ट रूप से प्रिंट की जाए ना कि सील लगायी जाए. पत्र में कहा गया है कि देश में एक्सपायरी डेट की दवाएँ खाने से बड़ी तादाद में लोगों को जान गंवाना पड़ता है. दवाओं आदि में एक्सपायरी डेट की नीली सील लगा दी जाती है जिसे आसानी से बदलकर तारीख परिवर्तित की जा सकती है, लिहाजा सील की परम्परा पर प्रतिबंध लगाकर स्पष्ट रूप से प्रिंट करने का आदेश जारी किया जाए. इस सम्बंध में जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा.उसने डा अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डा अजय वाधवानी (अध्यक्ष),एड भावना निगम,एड आशीष त्रिपाठी,डा अभिषेक जैन,डा अशोक मेथवानी,डा श्रीकान्त साहू,डा आनंद बहरानी शामिल हुए ।



## हनुमानजी के सहस्त्रों नामों का किया हवन

जबलपुर। नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज के सहस्रनामों से पंचकोषी की सफलता के लिए जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट चौक राइट टाउन के पास गोशाला में हवन किया गया कार्तिक माह के प्रत्येक मंगलवार को हवन किया जा रहा है। दूसरे मंगलवार को पं मनमोहन दुबे ने भगवान हनुमान जी महाराज के एक-एक नाम के उद्घोष के साथ आहुति कराई गयी महाआरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नर्मदा महा आरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमा शंकर पटेल विनोद दीवान श्याम मनोहर पटेल गुड्डू नेता रामेश्वर पटेल कैलाश विश्वकर्मा सुरेश गोयल अवधेश खरे उमेश विश्वकर्मा बी डी पटेल विनोद विश्वकर्मा मंगल लाल विश्वकर्मा राजू सेन मोहित तिवारी आदि उपस्थित थे। लम्हेटाघाट सरस्वती घाट में शीघ्र पुल का निर्माण हो पंचकोषी परिक्रमा निर्विघ्न संपन्न हो सभी सदस्यों ने भगवान से प्रार्थना की।

## 38 हजार महिला किसानों तक पहुंचाया जायेगा लाभ

**जबलपुर।** सेल्फ रिलायंट इनीशिएटिव्स थ्रू जॉइंट एक्शन (सृजन) ने महिलाओं द्वारा संचालित फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों (एफपीसी) को मजबूत करने और ग्रामीण भारत में महिला किसानों के लिए आर्थिक अवसर बढ़ाने के प्रयासों को विस्तार दिया है। पहले चरण में 24 हजार से ज्यादा महिला किसानों तक पहुंचने में सफलता मिली थी। पहले चरण की सफलता को देखते हुए वॉलमार्ट फाउंडेशन की तरफ से नए ग्रांट सपोर्ट के साथ प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में 19 एफपीसी से जुड़ी कुल 38 हजार से ज्यादा महिला किसानों को लाभ पहुंचाया जाएगा।



## कलेक्ट्रेट में 196 आवेदन पर की गई जनसुनवाई

जबलपुर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 196 आवेदन दिये। जिसमें 151 नये आवेदन हैं तथा 45 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई-झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, आर्थिक सहायता, संबंल योजना अंतर्गत आर्थिक सहायता, पात्रता पर्ची, लाड़ली बहना, मूंग खरीदी, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने और नालियों की साफ-सफाई आदि से संबंधित आवेदन थे। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशति किया कि आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



## आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी

**जबलपुर।** सिहोरा थाना क्षेत्र में 4 सितम्बर को बदमाशों ने फायरिंग की थी जिसमें आशीष विश्वकर्मा को गोली लगने से वह घायल हो गया था और अभी भी इलाजरत है। इस मामले में पुलिस द्वारा मुख्य आरोपियों को बचाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार व समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा द्वारा एसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई व उनकी गिरफ्तारी की मांग की गई है। इस मौके पर प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा, जिला अध्यक्ष कमलेश पटेल, प्रदेश अध्यक्ष मुलायम ब्रिगेड राजेंद्र पटेल एवं पीड़ित आशीष विश्वकर्मा का आशु, दीपेंद्र दुबे, शुभम अहिरवार, अंकित मिश्रा, बीके ओड़िआ, दिनेश चंद्र यादव ,राहुल अहिरवार अब्दुल कयूम व अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जबलपुर मंडल को ओवरऑल चैम्पियन शील्ड

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने निकाली आठवीं राज्य रैली

**जबलपुर रेलवे स्टेडियम, जबलपुर में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की आठवीं राज्य रैली में जबलपुर मंडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैम्पियन शील्ड पर कब्जा जमाया। कोटा मंडल दूसरे और भोपाल मंडल तीसरे स्थान पर रहे। 11 से 15 अक्टूबर तक चली इस रैली में तीनों मंडलों के 350 से अधिक स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने भाग लिया।**



13 अक्टूबर को हुए ग्रैंड कैम्प फायर और सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए।इस कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक प्रमोद खत्री, राज्य मुख्य आयुक्त नीरज कुमार, मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा, राज्य सचिव सौरभ कुमार सहित रेलवे व स्काउट्स संगठन के अनेक अधिकारी मौजूद रहे। रैली में लोकनृत्य, रंगोली, प्रदर्शनी, टेंट निर्माण, वॉच टावर, गेट मेकिंग, नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। जबलपुर मंडल की घूमर, भोपाल की भक्तिगीत प्रस्तुति और कोटा का नाटक आकर्षण का केंद्र रहे। गंगापुर सिटी (कोटा मंडल) को बेस्ट स्काउट डेन पुरस्कार और ब्लड डोनेशन सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया।

**CHANGE OF NAME**
I, **JIGNABEN DALVADI** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **14660168K** Rank **HAV** Name **DALVADI BHARATKUMAR CHATURBHAI** presently, residing at **VILL-DHOLI, PO- DHOLI, TEH-DHRANGADHARA, DISTT-SURENDRANAGAR (GUJRAT)-363320** I, have changed of my from **JIGNABEN DALVADI** (Name as per my Husband, Army service records) to **DALVADI JIGNABEN BHARATKUMAR** (name as per my **AADHAR CARD, PAN CARD AND ELECTION CARD**) vide affidavit dated **14/10/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
**CORRECT NAME**
**DALVADI JIGNABEN BHARATKUMAR**
**INCORRECT NAME**
**JIGNABEN DALVADI**

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. **14660168K** Rank **HAV** Name **DALVADI BHARATKUMAR CHATURBHAI S/O DALVADI CHATURBHAI POPATBHAI OF UNIT HQ 1 STC, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 7547 2005 0788** I, have changed name of my **DAUGHTER** from **AMISHA** (Name as per my Army service records) to **DALVADI AMISHA BHARATKUMAR** (name as per my **DAUGHTER, AADHAR CARD NO. 3218 5366 5053 AND BIRTH CERTIFICATE**) vide affidavit dated **14/10/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
**CORRECT NAME**
**DALVADI AMISHA BHARATKUMAR**
**INCORRECT NAME-AMISHA**